


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हमारा पर्यावरण हमारा भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 105, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

हल्द्वानी, रविवार, 2 जून 2024




बिग बॉस ओटीटी- 3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर...14

**आज का मौसम** 42.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 16 सूर्यास्त 18 : 58

# कई एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को बहुमत

## राजग के तमिलनाडु और केरल में खाता खोलने व कर्नाटक में फिर से जीतने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार संभाल सकते हैं केंद्र की सत्ता
- बिहार, राजस्थान और हरियाणा जैसे राज्यों में सीटों की संख्या कम होने का अनुमान

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है।

इन सर्वेक्षणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालने जा रहे हैं। इसके साथ इन सर्वेक्षणों में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग के तमिलनाडु और केरल में अपना खाता खोलने और कर्नाटक में फिर से एकतरफा जीत हासिल करने का अनुमान जताया गया है। साथ ही, इन सर्वेक्षणों में बिहार, राजस्थान और हरियाणा जैसे कुछ राज्यों में भाजपा एवं राजग की सीटों की संख्या में कमी होने का अनुमान लगाया गया है।

रिपब्लिक टीवी-पी मार्क के सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि 543 सदस्यीय लोकसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन 359 सीट तक जीत हासिल करेगा और विपक्षी इंडिया गठबंधन को 154 सीट मिलेंगी। रिपब्लिक टीवी-मैट्रिज के एग्जिट पोल में राजग को 353-368 सीट और विपक्ष को 118-133 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। जन की बात के सर्वेक्षण में सत्तारूढ़ राजग को 362-392 सीट और विपक्षी गठबंधन को 141-161 सीट दी गई हैं। इंडिया टीवी-सीएनएक्स ने अपने अनुमान में राजग को 371-401 और इंडिया गठबंधन को 109-139 सीटें दीं, जबकि न्यूज नेशन की ओर से अनुमान जताया गया है कि राजग को 342-378 और इंडिया गठबंधन को 153-169 सीट मिल सकती हैं।


### राजग को चुनने के लिए लोगों ने किया मतदान : मोदी

मोदी ने सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद विश्वास जताया कि लोगों ने राजग की सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अवसरवादी गठबंधन मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा, जिन्होंने उनके प्रतिगामी राजनीति को खारिज कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह गठबंधन 295 से अधिक सीट जीतेगा।

### कई एग्जिट पोल ने नहीं की भविष्यवाणी

एक्सिस माई इंडिया और टुडेज़ चाणक्य सहित कई अन्य एग्जिट पोल ने रात 8 .30 बजे तक पूर्ण अनुमानित परिणामों की भविष्यवाणी नहीं की थी। वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने 303 सीट जीती थी, जबकि राजग की संख्या 353 थी। कांग्रेस को 53 सीट और उसके सहयोगियों को 38 सीट मिली थीं। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों की ओर से इंडिया गठबंधन का गठन किया गया।

## केजरीवाल को आज जाना होगा जेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में अंतरिम जमानत के अनुरोध वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर शनिवार को अपना आदेश पांच जून के लिए सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह कहते हुए अपना आदेश सुरक्षित रख लिया कि यह आवेदन चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत के लिए (दिया गया) था न कि उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई अंतरिम जमानत की अवधि के विस्तार के लिए।

मुख्यमंत्री को उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी । उन्हें रविवार 2 जून को आत्मसमर्पण करना है। वहीं, ईडी ने केजरीवाल के जमानत आवेदन का शनिवार को विरोध किया। ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल ने तथ्यों को छिपाया एवं अपने स्वास्थ्य सहित कई मामलों पर गलत बयान दिए। ईडी की ओर पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में कहा कि केजरीवाल ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में भ्रामक दावा किया कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे।

## धामी ने कांग्रेस के सवाल उठाने पर किया पलटवार

# कांग्रेस ऐसा माहौल तैयार कर रही है लोग चारधाम यात्रा में नहीं आएं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



- मुख्यमंत्री ने बिजली-पानी कैंचीधाम में जाम को लेकर अधिकारियों की लगाई क्लास

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा रूट में जो भी मौतें हुई हैं, शासन-प्रशासन की अव्यवस्था से नहीं बल्कि श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य कारणों से हुईं हैं। मैं खुद बार-बार यात्रा में जा रहा हूं और निगरानी कर रहा हूं। चारधाम यात्रा पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। चारधाम यात्रा यहां की आर्थिकी को बढ़ाने वाली है। ये लोग केवल आरोप लगा सकते हैं कि राज्य में लोग नहीं आएं ऐसा माहौल तैयार कर रहे हैं जबकि ऐसा माहौल तैयार नहीं करना चाहिए। ये राज्य सरकार की नहीं सबकी मुखर जिम्मेदारी है, पक्ष-विपक्ष नहीं देखा जाना चाहिए। सिर्फ सुर्खियों के लिए ऐसे बयान नहीं देने चाहिए, जिम्मेदार विपक्ष बनना चाहिए यह जवाब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के चारधाम यात्रा में कुप्रबंधन व अव्यवस्था के आरोपों पर दिया। वह शनिवार को रामपुर रोड स्थित वानिकी प्रशिक्षण अकादमी सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यात्रा में व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं। शनिवार को उन्होंने स्वयं बद्रीनाथ जाकर श्रद्धालुओं से बात की और व्यवस्थाओं को जाना। ये यात्रा अन्य तीर्थ यात्रा की अपेक्षाकृत कठिन है, सभी सुविधाएं की गईं हैं। वहीं, कैंचीधाम में जाम की समस्या पर उन्होंने कहा कि जाम से निबटने के लिए 11 पार्किंग पर काम चल रहा है। इन्हें प्रस्तावित यात्रा प्राधिकरण में स्वीकृति मिलेगी।

कैंचीधाम में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है इसलिए प्रशासन को सड़क चौड़ीकरण व यात्रा प्रबंधन के निर्देश दिए गए हैं। कैंचीधाम में ट्रस्ट बनाने पर उन्होंने कहा कि यात्रा प्राधिकरण बनाया जा रहा है इसमें चारधाम समेत ऐसे सभी देवस्थानों को लिया जाएगा जहां श्रद्धालु अधिक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि हीट वेब में लोगों को बिजली-पानी की समस्याएं नहीं हों इसके लिए दीर्घकालिक के साथ तात्कालिक प्रबंध को कहा गया है।

धामी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान के छह चरण पूरे हो चुके हैं, शनिवार को सातवां भी पूरा हो गया। भाजपा इस बार 400 सीटें लेकर आ रही है। हिमाचल व उत्तराखंड तो भाजपा का गढ़ है, इस बार पंजाब में भी माहौल बदला हुआ है, वहां नए रुझान आएंगे। जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाह रही है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्या, कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, मंडलायुक्त दीपक रावत, डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।






## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी के दाम 69 रुपये घटे

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम में शनिवार को 6 .5% की कटौती की गई, वहीं 19 किग्रा के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर पर 69 रुपये की कमी की गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्यों में गिरावट के मद्देनजर ऐसा किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के अनुसार 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 69 रुपये घटाकर 1,676 रुपये कर दी गई है।

### छत्तीसगढ़ में हार्डकोर समेत तीन नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की पुलिस ने शनिवार को केरलापाल थाना क्षेत्र में हार्डकोर सहित तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार नक्सली सुकमा चिंतलनार थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिमेल के निवासी है। गिरफ्तारी में जिला बल, डीआरजी सुकमा एवं 206 कोबरा वाहिनी सूचना शाखा की विशेष भूमिका रही।

### भवानी रेवन्ना से पूछताछ नहीं कर सकी एसआईटी

**हासन।** कर्नाटक पुलिस के एसआईटी ने शनिवार को कहा कि वह प्रज्वल की मां भवानी रेवन्ना से महिला के अपहरण मामले में पूछताछ नहीं कर सका क्योंकि वह जिले के होलेनरसीपुरा स्थित आवास पर नहीं थीं। एसआईटी ने गुरुवार को भवानी को नोटिस जारी कर उन्हें 1 जून को अपने घर पर मौजूद रहने को कहा था।

# भाजयुमो नेता ने पिता को चाकू से गोदा

संवाददाता, रुद्रपुर



- हत्या करने के बाद थाना ट्रांजिट कैंप में किया आत्मसमर्पण
- भाजयुमो उत्तरी मंडल उपाध्यक्ष है हत्यारोपी दीपक

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में भाजयुमो नेता ने चाकू से गोदकर अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पुत्र ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। उधर, मृतक के भांजे ने मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में तोताराम राठौर (50) अपने बड़े बेटे दीपक राठौर और सुमित राठौर के साथ रहते थे। बड़ा बेटा दीपक भाजयुमो उत्तरी मंडल का उपाध्यक्ष है। बताया जा रहा है कि तोताराम का बड़े बेटे दीपक के साथ कुछ समय से मकान बेचने को लेकर विवाद चल रहा था। पिता को डर था कि दीपक मकान बेचकर रकम को खुर्दबुर्द कर देगा। इसलिए तोताराम पैसे छोटे बेटे को देना चाहता था।

शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे इसी बात को लेकर तोताराम व दीपक में झगड़ा हुआ। उस समय तो परिजनों ने दोनों में बीच-बचाव करा दिया। लेकिन, सुबह चार बजे दीपक ने सो रहे पिता पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार कर उनकी निर्मम हत्या कर दी। इस वारदात के बाद हत्यारोपी खुद ही थाना ट्रांजिट कैंप पहुंचा और पुलिस को घटना के बारे में बताया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर निहारिका तोमर, थानाध्यक्ष भारत सिंह घटनास्थल पहुंचे। वहां तोताराम का शव जमीन पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के बाद फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया।

मृतक के भांजे जेपीनगर, जनपथ फुलसुंगा निवासी गौरी शंकर राठौर ने दीपक राठौर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस हत्यारोपी से पूछताछ में जुटी है। हत्याकांड में प्रयुक्त चाकू बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# लोस चुनाव : अंतिम चरण में 59% वोटिंग

## 8 राज्यों की 57 सीटों के साथ ओडिशा विस की 42 सीटों पर हुआ मतदान

नई दिल्ली, एजेंसी



लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण में शनिवार को देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 59% मतदाताओं ने मतदान किया। अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा की बाकी बची 42 सीटों पर शाम छह बजे तक मतदान हुआ।

निर्वाचन आयोग के अनुसार पश्चिम बंगाल मतदान में 69.89 और बिहार में मत प्रतिशत 49.35 रहा। पंजाब और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केन्द्रों पर झड़पों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण बताया गया है।


ओडिशा विधानसभा के आखिरी चरण में 42 सीटों पर 62.76 प्रतिशत वोट डाले गए। लोकसभा की 57 सीटों पर कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे, अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के साथ हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की छह, बिहार की आठ, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों पर मतदान कराया गया। लोकसभा की 543 सीटों पर सात चरणों में हुये मतदान की प्रक्रिया आज संपन्न हो गयी। मतगणना चार जून को होगी। आज जिन प्रमुख सीटों पर मतदान कराया गया, उनमें उत्तर प्रदेश की वाराणसी सीट भी है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला कांग्रेस के अजय रॉय के बीच है।

### उप्र की 13 सीटों पर 54% मतदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अंतिम चरण में 13 सीटों पर 54% मतदान हुआ। महराजगंज में सबसे ज्यादा 58 .66 व सबसे कम बांसगांव (अजा) पर 50 .06% वोटिंग हुई। सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर 54 .48% मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि गोरखपुर सीट पर 52 .53, कुशीनगर में 56 .04, देवरिया में 54 .13, घोसी में 53 .19, सलेमपुर में 50 .21, बलिया में 50 .56, गाजीपुर में 53 .53, चन्दौली में 58 .19, वाराणसी में 54 .58, मिर्जापुर में 55 .83 और राबर्ट्सगंज (अजा) में 54 .25 प्रतिशत मतदान हुआ।

## सलमान खान पर हमले के चार साजिशकर्ता गिरफ्तार

**मुंबई।** नवी मुंबई पुलिस ने अभिनेता सलमान खान पर हमले की साजिश रचने के आरोप में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सलमान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर हाल ही में हुई गोलीबारी की पृष्ठभूमि में यह गिरफ्तारी हुई है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि सलमान के पनवेल स्थित फार्महाउस में उनपर हमला करने की साजिश रची गई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। चारों आरोपी जेल में बंद लॉरेंस और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के संपर्क में थे तथा उन्होंने बिश्नोई भाइयों के इशारे पर फार्महाउस एवं उन स्थानों की रेकी की थी, जहां सलमान काम करते हैं।



- सभी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य

# रानीखेत में उर्स मेले में भीड़ पर गिरा पेड़, एक की मौत

संवाददाता, रानीखेत/ अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** शनिवार दोपहर मौसम बदलने से तेज अंधड़ से रानीखेत के कैंट क्षेत्र में चल रहे उर्स मेले में विशालकाय पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आने से अधेड़ व्यापारी की मौत हो गई। आठ घायल हो गए। अंधड़ से रानीखेत के झलोरी में बोलेरो पर भी पेड़ गिर गया, जिससे तीन लोग घायल हो गए। जबकि गनियाद्योली में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति घायल हुआ है।

शनिवार को रानीखेत के कैंट क्षेत्र में स्थित कालू सैय्यद मजार पर उर्स मेले के दौरान दोपहर डेढ़ बजे अचानक मौसम बदल गया और अंधड़ शुरू हो गया। इससे वहां मौजूद भीड़ पर विशालकाय पेड़ गिर गया, जिस कारण कई लोग उसकी चपेट में आ गए। प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। हादसे में व्यापारी देवल मजवासी (46) निवासी स्वार (रामपुर) की मौत हो गई। जबकि आठ लोग घायल हो गए। घायलों को नागरिक चिकित्सालय रानीखेत में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि तीन गंभीर घायलों को उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इधर अंधड़ से रानीखेत के झलौरी में बोलेरो वाहन पर भी पेड़ गिर गया, जिससे उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। जबकि रानीखेत के ही गनियाद्योली में भी पेड़ गिरने से एक व्यक्ति घायल हुआ है। अंधड़ से पेड़ गिरने से रामनगर मौलेखाल मार्ग पर आवाजाही बंद है और तीन दर्जन से अधिक वाहन जाम में फंसे हुए हैं। लेकिन बारिश के कारण वहां राहत कार्य देर शाम तक शुरू नहीं हो सका।

जिला मुख्यालय अल्मोड़ा में भी अंधड़ के कारण कई घरों और दुकानों के ऊपर लगी टिन की चादरें और घरों की छतों पर रखा सामान तेज हवा के साथ उड़ गया।



मेले में वाहन पर गिरा पेड़।

- अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटना में 12 लोग घायल, तीन रेफर

# गजब! सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने के लिए 5 लेखपाल तैनात

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

- गोरखपुर का मामला, विरोध जताने के बाद विवादित आदेश निरस्त

**अमृत विचारः** सातवें चरण के मतदान में मुख्यमंत्री योगी के गृह जनपद गोरखपुर में निर्वाचन अधिकारियों की कार्य शैली पर सवाल खड़े हो गए। यहां सेक्टर मजिस्ट्रेट को सुबह चार बजे जगाने के लिए पांच लेखपालों की ड्यूटी लगा दी गई। लेखपालों के विरोध के बाद विवादित आदेश निरस्त किया गया।

गोरखपुर लोकसभा सीट के गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सहायक निर्वाचन अधिकारी ने पांच लेखपालों की ड्यूटी सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने में लगा दी। सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी आदेश में लेखपाल विकास गुप्ता, रजत वर्मा, विकास मद्धेशिया, विकास पाल व राजीव बघेल को सुबह 4 बजे सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने शिकायत जिलाधिकारी से की। इस पर उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी की क्लास लगाई और आदेश निरस्त करने का निर्देश दिया। आदेश के निरस्त होने के बाद लेखपाल शांत हुए।

# राहत : 15-22 जून के बीच बारिश संभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मानसून जल्द देगा दस्तक फसलों को भी होगा फायदा
- मानसून से पहले कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना

**अमृत विचार :** जानलेवा गर्मी व हीट वेव से परेशान लोगों को जल्द ही राहत मिल सकती है। आगामी 24 घंटे में प्रदेश में मौसम परिवर्तन की संभावना है। राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। मानसून के इसी माह के तीसरे सप्ताह में दस्तक देने की संभावना है।

मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में 15 से 22 जून के बीच मानसून की बारिश शुरु हो सकती है जो सितंबर माह तक जारी रहेगी। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना जताई है। अच्छी बारिश से गर्मी से राहत मिलने के साथ फसलों को भी काफी फायदा मिलेगा और किसानों की चिंता कम होगी।

लखनऊ मौसम विभाग के अनुसार मानसून आने से पहले फिलहाल अगले तीन दिनों में भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उप्र. में अलग-अलग स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजीपुर, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, बहराइच, उन्नाव, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, इटावा, एटा, महामायानगर, मैनपुरी, फर्रुखाबाद समेत राज्य के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 2 से लेकर 4 जून तक तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

### टूटा रिकॉर्ड, उप्र में 29,727 मेगावाट बिजली की मांग

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के कारण प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड फिर टूट गया। शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई। बिजली अभियंताओं के मुताबिक बिजली मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना है। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले साल प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंची थी। इस बार 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंच गई। 24 मई को अधिकतम मांग 29,197 मेगावाट थी। 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट व इसके बाद 29,129 मेगावाट दर्ज हुई थी। जल्द ही 30 हजार मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग पहुंचने की संभावना है।

## विमान को बम से उड़ाने की धमकी इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** विमानन कंपनी इंडिगो की चेन्नई से मुंबई आ रही एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को यहां पूर्ण आपात स्थिति में उतारा गया। इस उड़ान में 172 यात्री थे। सूत्र ने बताया कि विमान सुबह 8.45 बजे उतरा और यात्रियों को विमान से उतारा गया। इंडिगो के विमान में बम की धमकी मिलने की पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो की उड़ान में बम की धमकी मिली थी। चेन्नई से मुंबई आ रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई5314 के लिए शनिवार को पूर्ण आपात स्थिति घोषित की गई, जब चालक ने मुंबई एटीसी को बम की सूचना दी।

# अधिकारी के खाने में हड्डी, होटल सील

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- होटल में खाना खाते समय मुर्गे की हड्डी निकलने पर स्टाफ को फटकारा
- अल्मोड़ा से दिल्ली जा रहे थे ओड़िशा के कांउटिंग आर्बजवर श्रीश कुमार

**अमृत विचार :** गजरौला में हवेली होटल में खाना खा रहे ओड़िशा में मतगणना ऑब्जर्वर उत्तराखंड के वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी के खाने में मुर्गे की हड्डी निकल आई। इसे लेकर उन्होंने होटल के स्टाफ को फटकार लगाई। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी दी। इस पर खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम ने होटल को सील करा दिया है।

पूर्व सांसद हरीश नागपाल का गजरौला में एनएच पर हवेली होटल है। फिलहाल, पंकज भारद्वाज समेत तीन लोग इसका संचालन करते हैं। शनिवार दोपहर राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर सीनियर पीसीएस श्रीश कुमार अल्मोड़ा से दिल्ली जाते समय हवेली होटल में खाना खाने के लिए अपने बेटे के साथ रुके। उन्होंने कढ़ाई पनीर मंगाई। पीसीएस अधिकारी ने खाना शुरू किया। तभी मुर्गे की हड्डी निकल आई। उन्होंने होटल के स्टाफ को फटकार लगाई। सूचना के बाद अमरोहा से खाद्य विभाग की टीम वहां पहुंची। एसडीएम चंद्रकांता व प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन भी पहुंचे। खाद्य विभाग की टीम ने खाने के नमूने लिए। एसडीएम ने होटल सील करा दिया है। होटल के प्रबंधक पंकज भारद्वाज ने बताया कि शुक्रवार रात होटल कर्मियों ने पार्टी के लिए चिकन बनाया था। गलती से हड्डी खाने में आ गई।



हवेली होटल में मौजूद उत्तराखंड के सीनियर पीसीएस अधिकारी श्रीश कुमार।

"सीनियर पीसीएस अधिकारी श्रीश कुमार अल्मोड़ा से दिल्ली जा रहे थे। वह गजरौला में हवेली होटल में खाने के लिए रुके थे। वहीं खाने में हड्डी निकल आई। इसके बाद होटल को सील कर दिया गया है। -चंद्रकांता, एसडीएम, मंडी धनौरा"

## सार-संक्षेप



थली मोहनगांव में आधार कार्ड अपडेट कराने को कतार में लगे लोग। ● अमृत विचार

### थली मोहनगांव में लगा आधार कार्ड अपडेट कैंप

**भीमताल :** ओखलकांडा ब्लॉक के दूरस्थ गांव भुमका, महतोली, भीड़ापानी, हरिनगर के बाद शनिवार को ग्राम सभा थली मोहनगांव में आधार कार्ड अपडेट का कैंप आयोजित हुआ। ग्राम प्रधान भूमका मुकेश चंद्र बौद्ध ने जिलाधिकारी से कैंप लगाने के अनुरोध पर और जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह के निर्देश पर कैंप लगाया। ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्राम वासियों की समस्याओं को ध्यान में रखकर कैंप लगाया गया। मनोज सिंह वन पंचायत सरपंच मोहना गांव ने अवगत कराया कि क्षेत्र के ग्रामीणों को आधार कार्ड अपडेट करने के लिए धारी, भीमताल या हल्द्वानी जाना पड़ता था, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इस दौरान सीएससी संचालक नन्दन लाल, मोहना गांव के नवीन चंद्र, मनोहर लाल, देव राम, महेश चंद्र एवं वीरेंद्र चंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

### पालिका टीम प्रभारी ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल :** शनिवार को अतिक्रमण टीम प्रभारी कमल कटियार ने पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि मल्लीताल पुराने घोड़ा स्टैंड के पास स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की ओर से दुकानों का संचालन किया जाता है। महिलाएं दुकानें बंद करने के बाद सारा सामान पालिका के घंटाघर में रखतीं हैं, जिसमें ज्वलनशील पदार्थ जैसे बैटरी इत्यादि भी शामिल है, जिससे पालिका परिषद में आग लगने का खतरा बना हुआ है। कहा कि समूहों की महिलाओं का दुकान का सामान पालिका परिषद से हटाया जाए, जिससे भविष्य में कोई अप्रिय घटना ना घटे।

### पाइप लाइन फटने से बर्बाद हुआ पानी

**नैनीताल :** पीने के पानी की समस्या से लोग जूझ रहे लोगों को जल संस्थान की अनदेखी के चलते फिर से समस्या हुई। गुरुवार को भी सीआरएसटी के समीप जल संस्थान की पाइप लाइन फटने से कई क्षेत्रों सहित होटलों में पीने की पानी की समस्या हो गई थी। शुक्रवार देर रात एक बार फिर से सीआरएसटी के समीप पाइप फटने से पीने का पानी खुले में बहने लगा, जिससे एक बार फिर से लोगों को पीने की पानी की समस्या से जूझना पड़ा। वहीं नगर के कई क्षेत्रों में खुले में सीवर बहने से सैलानियों सहित स्थानीय लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सहायता समूह के माध्यम से शुरू किया मशरूम उत्पादन



मशरूम के साथ विनीता।

**भीमताल :** विकास खंड हल्द्वानी की ग्राम पंचायत गजरौला के 'माही स्वयं सहायता समूह' की विनीता आर्या ने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मशरूम उत्पादन गतिविधि को आजीविका व आय सृजन के लिये चयनित किया। विनीता के इस समूह ने इस कार्य को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डे एनआरएलएम) अन्तर्गत प्राप्त रिवॉल्विंग फंड तथा सीसीएल लोन की धनराशि से प्रारम्भ किया। एपीडी चंदा फर्त्याल ने बताया कि आरएसईटीआई रूरल सेल्फ इम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग संस्थान के माध्यम से समूह की महिलाओं ने पहले मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लिया उसके बाद इसका उत्पादन शुरू किया। विनीता के मशरूम लोकल बाजार तथा सरस मार्केट में सरलता से बिक जाते हैं। मालूम हो कि एनआरएलएम के माध्यम से कई महिलाएं रोजगार से सीधी जुड़ी हैं और अपनी आजीविका और आय सजृन कर रही हैं।

# फरसौली के जंगल में आग से वन संपदा खाक

## शनिवार को नैनीताल के डीएसबी क्षेत्र के जंगलों में भी अचानक लगी आग, दमकल ने पाया काबू

**दावाग्नि**

- पुरानी एचएमटी फैक्ट्री व पावर हाउस तक पहुंची आग
- दोपहर तक विद्युत विभाग के आसपास उठता दिखा धुआं

संवाददाता, भवाली



साल ग्राम सभा में आग बुझाती महिलाएं। ● अमृत विचार



डीएसबी क्षेत्र के जंगलों में शनिवार को लगी आग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीमताल मोटर मार्ग से लगे फरसौली के जंगल में शुक्रवार की देर रात भीषण आग लग गई। आग से जंगल की कई हेक्टेयर वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है।

सूचना पर वन विभाग और फायर ब्रिगेड की टीम देर रात तक जंगल में लगी आग को बुझाने में लगी रही। स्थानीय निवासी मोहित कुमार ने बताया कि आग से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम आग बुझाने में लगी रही। स्थानीय लोगों ने कहा कि जंगल में पिरुल गिरा होने से आग तेजी से पूरे जंगल में फैल गई। इससे क्षेत्र में धुआं फैलने से लोग परेशान रहे। वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही वन कर्मियों को मौके भेजा गया। टीम की ओर से आग बुझाने की कार्रवाई की गई।

शुक्रवार की रात लगी फरसौली के जंगल की आग इतनी भीषण थी कि पुरानी एचएमटी फैक्ट्री व कुमाऊं मण्डल विकास निगम के कॉटेज व विद्युत विभाग के कार्यालय व पावर हाउस तक पहुंच गई थी। दोपहर तक विद्युत विभाग के आसपास धुआं उठता दिखा। यदि समय रहते इस आग पर काबू नहीं पाया गया होता तो बहुत बड़ी घटना घट सकती थी, क्योंकि पास ही में इन्डेन गैस सर्विस का गोदाम है। वहीं पास ही में उजाला एकेडमी भी है। फायर ब्रिगेड, वन विभाग व गैस कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने में एक इन्डेन गैस कर्मचारी के चोटिल होने की सूचना है जिसके हाथ में चोट आई है।

### महिलाओं ने बुझाई जंगल की आग

**भीमताल :** इन दिनों भी कहीं कहीं जंगलों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में जहां कई संसाधनों से आग बुझाने का कार्य किया जा रहा है वहीं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं भी आग बुझाने के कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। शुक्रवार को विकासखंड ओखलकांडा के ग्राम साल की गुलाब स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने जंगल में लगी आग बुझाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। दरअसल शाम छह बजे जंगल में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग लगते ही तेज हवाओं के चलते आग पूरे क्षेत्र में फैल गई। आग आवासों तक आ पहुंची। आग जन हानि ना करे इसके लिए क्षेत्र की महिलाओं ने कमर कस ली और लगभग छह बजे से साढ़े छह बजे तक लगातार आग बुझाने का कार्य किया। काफी मुश्किलों के बाद आग पर काबू पाया।

### डीएसबी क्षेत्र और भवाली के जंगलों में धधकी आग

**नैनीताल :** नैनीताल के जंगलों में आग लगने का सिलसिला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को शहर के डीएसबी क्षेत्र के जंगलों में अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं शुक्रवार देर रात भवाली के फरसौली और उजाला अकादमी से लगे जंगलों में आग लग गई। दोनों स्थानों पर आग लगने के कारण काफी वन संपदा जलकर राख हो गई।

### टेंडर समाप्त होने पर जू शटल सेवा का संचालन बंद कराया

**नैनीताल, अमृत विचार :** जू शटल सेवा की टेंडर सीमा समाप्त होने के बाद भी संचालक की ओर से अवैध रूप से शटल सेवा का संचालन किया जा रहा था, जिसकी पालिका को भनक भी नहीं थी, हालांकि देर शाम तक पालिका ने संचालन बंद कराया था। बीते वर्ष जू शटल सेवा का टेंडर 40 लाख में शुभमन साह के नाम हुआ था जिसका समय 31 मई शुक्रवार को समाप्त हो चुका, लेकिन संचालक द्वारा शनिवार को भी शटल सेवा चलाई जा रही थी, जिसको लेकर प्रभारी ईओ अतुल भंडारी ने कहा कि शनिवार देर शाम तक संचालन बंद करा दिया गया है। कहा कि चार जून को आचार संहिता खत्म होने के तुरंत बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### वीकेंड के चलते रूट डायवर्ट किया

**भवाली, अमृत विचार :** वीकेन्ड और कैंची धाम में भीड़ बढ़ने पर प्रशासन की ओर से जारी आदेश को पुलिस की ओर से अमल में लाया गया। शनिवार को जहां हल्द्वानी नैनीताल मार्ग में मस्जिद के पास ट्रैफिक को रोककर डायवर्ट किया गया तो बाईपास रोड पर पर्यटक वाहन पार्क कर शटल सेवा से भेजा। वहीं भीमताल मार्ग में नैनी बैन्ड के पास वाहनों को रोककर ट्रैफिक नियंत्रित किया।

# व्यापारियों ने कोतवाली घेरी

संवाददाता, नैनीताल



कोतवाल से वार्तालाप करते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** व्यापारियों ने कोतवाली का घेराव कर शनिवार को पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताई। व्यापारियों ने होटल स्वामी की मांग की अनदेखी करने का आरोप लगाया। बग्गड़ में होटल स्वामी हर्ष छावड़ा ने कहा कि गाजियाबाद से दो दिन के लिए 12 लोगों का एक ग्रुप उनके होटल में रुका हुआ था। उनकी ओर से होटल का 65 हजार का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया गया जो प्रक्रिया में चल रहा था लेकिन उनके अकाउंट में आया नहीं था। फिर अचानक ग्रुप होटल छोड़कर भाग चुका था। होटल स्वामी ने उनको पीछा कर रोक लिया। कोतवाली में कोतवाल ने उनको जाने दिया, जिसको लेकर नगर के सभी व्यापारिक संगठन एकत्र होकर शनिवार को कोतवाल का घेराव करने पहुंचे। कोतवाल ने आश्वासन दिया कि 72 घंटे के अंदर पैसे अकाउंट में आएंगे। इस दौरान होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट, मां नयना देवी व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष सचिन नेगी, मल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन नेगी, महासचिव त्रिभुवन फर्त्याल, मारुति साह, जीनू पांडे, मनोज जगाती, राजेश वर्मा, सुमित जेठी, सूरज पांडे आदि मौजूद रहे।

# धूम्रपान करने पर 25 का चालान, जुर्माना वसूला

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चौकी पुलिस की टीम ने विशेष अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों का ताबड़तोड़ चालान कर जुर्माना वसूला। बाजार क्षेत्र में लोगों को तंबाकू से दूर रहने की अपील की गई। हाईवे पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चौक प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने गरमपानी व खैरना बाजार क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर 25 लोगों का चालान काट ढाई हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। साथ ही कड़ी हिदायत भी दी गई। बाद में अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर छड़ा बाजार के समीप विशेष चेकिंग अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों पर शिकंजा कसा गया। आठ छोटे-बड़े वाहनों के चालकों का चालान कर चार हजार रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया। इस दौरान राजेंद्र सती, जगदीश धामी आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

कौसानी शॉल शोरूम का काठगोदाम में भव्य शुभारम्भ







सहयोगी प्रतिष्ठान
न्यू कौसानी ऊलन शॉल, हथकरघा उद्योग
पिंगलकोट, कौसानी
कौसानी ऊलन हाउस
मेन चौराहा, कौसानी
कौसानी ऊलन हाउस
कारखाना बाजार, हल्द्वानी

अनन्त दृष्टि एडवरटाईजिंग के प्रबंध निदेशक श्री अशोक त्रिपाठी जी एवं कौसानी शॉल के डायरेक्टर गिरीश काण्डपाल द्वारा उडुपीवाला रेस्टोरेन्ट के सामने काठगोदाम में नये शोरूम का शुभारम्भ किया गया।

सहयोगी प्रतिष्ठान
कुमाँऊ शॉल इंपोरियम
स्नो व्यू प्वाइंट, कौसानी
कौसानी ग्रामीण हाट
शॉल फैक्ट्री कंपाउंड, कौसानी

शोरूम
कौसानी शॉल शोरूम
कारखाना बाजार, हल्द्वानी
नानतिन इम्पोरियम
कारखाना बाजार, हल्द्वानी
सागर मेडिकल स्टोर
मेन चौराहा, कौसानी

मो. 9412161231, 9412161061 8937061061
www.kausanishawl.com kausanishawls@gmail.com kausanishawl

कौसानी शॉल प्रा. लि.
प्रधान कार्यालय : पिंगलकोट (कौसानी), जिला - बागेश्वर- 263639
ब्रांच कार्यालय : आर.के. गार्डन, जवाहरमल पेट्रोल पंप के पीछे, रामपुर रोड, हल्द्वानी - 263139

## एक नजर

### शिक्षकों के होंगे तबादले

**हल्द्वानी :** अटल उत्कृष्ट राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 4 जून के बाद शिक्षकों की तैनाती होगी। वर्तमान में आचार संहिता लागू होने से प्रवक्ता संवर्ग व सहायक अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं हो पाया है। बीते 2 व 3 जनवरी को इसके लिए काउंसलिंग हुई थी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने कुमाऊं व गढ़वाल मंडल के मंडलीय अपर निदेशकों को 4 जून के बाद स्थानांतरण के निर्देश दिए हैं।

### बुजुर्ग की मौत

**हल्द्वानी :** पूरनपुर नैनवाल लामाचौड़ मुखानी निवासी हेमचंद (85 वर्ष) की शनिवार को मौत हो गई। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि बुजुर्ग भांजे के साथ रहते थे। वह अविवाहित थे। शुक्रवार को उनकी हालत बिगड़ी तो परिजन उन्हें एसटीएच लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### प्रशासकों का कार्यकाल हुआ समाप्त

**हल्द्वानी :** निकायों में तैनात प्रशासकों का कार्यकाल शनिवार को समाप्त हो गया। पिछले साल दिसंबर से सभी निकायों में कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रशासक तैनात हो गए थे। एक्ट के हिसाब से प्रशासकों को छह माह तक के लिए ही तैनात किया जा सकता है लेकिन वर्तमान में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण प्रशासकों का कार्यकाल आगे बढ़ाया जा सकता है।

# कैंचीधाम में यात्रियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कराएं

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंचीधाम में प्रतिदिन पर्यटकों की संख्या में हो रही वृद्धि को लेकर नैनीताल जिलाधिकारी को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**11** पार्किंग कैंची धाम समेत समूचे जिले में बनाई जानी है, इसमें तेजी लाने के भी दिए निर्देश

**15** जून को कैंचीधाम में होने वाले मेले और बिजली-पानी को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक की



वानिकी प्रशिक्षण अकादमी सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को वानिकी प्रशिक्षण अकादमी सभागार में मानसखंड मंदिर माला के अंतर्गत कैंचीधाम में 15 जून को होने वाले मेले की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कुमाऊं की पानी, बिजली आदि की भी समीक्षा की।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कैंचीधाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में प्रतिदिन वृद्धि हो रही है इसलिए नैनीताल जिलाधिकारी पर्यटन विभाग के जरिए कैंचीधाम में श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था चालू कराएं। इस पर डीएम वंदना सिंह ने बताया कि कैंचीधाम मेले के लिए पुलिस प्रशासन तैयार है। स्थाई और अस्थाई तौर पर 11 पार्किंग तैयार की गई है जिसकी क्षमता लगभग 1500 से 2 हजार वाहनों की है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सभी यात्रा मार्गों में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए यात्रा प्राधिकरण बनाया जाएगा। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को यात्रा मार्ग में बनाई जाने वाली संरचनाओं, सुविधाओं के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने जलजीवन मिशन में कार्यों की गुणवत्ता, पाइप की मोटाई मानकों के अनुरूप नहीं होने की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई को कहा। सभी जिलाधिकारियों को पांच करोड़ से अधिक की योजनाओं के भौतिक सत्यापन को स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए। सख्त लहजे में कहा कि योजनाओं में हीलाहवाली और लीपापोती किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा से करें, यही उनका दायित्व है। सीएम ने कहा कि समाचार पत्रों, सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए विभागीय कामों की वास्तविकता दिखाई जाती है, संबंधितत अधिकारी इसकी जिम्मेदारी लेते हुए गुणवत्ता में सुधार करें। इसकी जानकारी मीडिया को भी दें। उन्होंने विद्युत व पेयजल अधिकारियों को बिजली और पेयजल किल्लत से लोगों को कम परेशानी हो, मांग के अनुरूप योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही तत्कालिक राहत देने पर जोर दिया। पानी का संकट दूर करने को दीर्घकालिक योजना बनाने व स्वीकृत नए बिजली घरों का निर्माण शुरू करने को कहा। इससे पूर्व सीएम ने भाजपा नेता मनोज पाठक व श्याम कुमार अग्रवाल के आवास जाकर उनका हालचाल जाना।



फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### नहर कवरिंग व शीशमहल फिल्टर प्लांट का जायजा लिया

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री धामी ने नगर निगम से सटी नहर कवरिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नहर कवरिंग हो जाने से हल्द्वानी शहर को काफी हद तक जाम से निजात मिलेगी। इसके बाद उनका काफिला शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट पहुंचा। जल संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि जल निगम व जल संस्थान की ओर से वर्ष 2055 की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए ग्रेविटी स्कीम पर आधारित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए डीपीआर तैयार की है। शीशमहल व शीतलाहाट के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के नवीनीकरण की योजना है। इसके लिए लगभग 155 करोड़ की लागत से एक प्लान तैयार किया गया है। जल संस्थान एसई विशाल सक्सेना ने बताया कि गौला नदी से ग्रैविटी पर आधारित योजना बनाई जा रही है जिससे भूमिगत जल पर निर्भरता कम हो। नलकूप से संचालित पेयजल योजनाओं को आकस्मिक तौर पर प्रयोग में लाया जाएगा। इससे वर्तमान व भविष्य में होने वाली पेयजल समस्या से निजात मिल पाएगी। मालूम हो कि शीशमहल व शीतलाहाट वाटर फिल्टर प्लांट समयावधि पूर्ण कर चुके है। बारिश में गौला नदी में सिल्ट आने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो जाती है।इन दोनों वाटर प्लांट की पानी को प्यूरीफाई की क्षमता कम है। इसके अलावा गर्मियों के दिनों में ट्यूबवेल फूंकने से भी पेयजल आपूर्ति बाधित रहती है।

## विपक्ष का हमला

### भवाली, कैंचीधाम गरमपानी में जाम से जनता हलकान



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल ने कहा कि भवाली, कैंचीधाम, गरमपानी, खैरना तक प्रतिदिन लगने वाले जाम से पर्वतीय क्षेत्रों के लोग खासकर काश्तकार बेहद परेशान हैं। नैनवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री हर माह हल्द्वानी आकर समीक्षा के नाम पर बैठक कर इति श्री कर लेते हैं। वह बैठक को ही सरकार की जिम्मेदारी समझते हैं जबकि विगत दो वर्षों में जाम से निजात के लिए कोई भी कारगर कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों व जिलों से आने वाले काश्तकारों की उपज फल, सब्जियां, राशन के वाहन घंटों जाम में खड़े रहते हैं इससे उपज नष्ट होती है। इससे बदतर स्थित इन क्षेत्रों से हल्द्वानी के लिए आने वाले मरीजों को होती है। उन्हें समय से इलाज नहीं मिल पाता है। मुख्यमंत्री पिछले दो वर्षों में कई बार भवाली– रातीघाट बाइपास की घोषणा कर चुके हैं लेकिन एक पत्थर तक नहीं रखा गया है। कैंचीधाम में अनियंत्रित निर्माण, अतिक्रमण, राष्ट्रीय राजमार्ग के नियमों के विपरीत हो रहे निर्माण से भी अनावश्यक जाम लग रहा है। वीआईपी के नाम पर जाम व बंद से जनता को निजात नहीं मिल पा रही है।

# अल्मोड़ा निवासी चालक की ट्रांसपोर्टनगर में मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**घटना**
- जमीन पर बेहोश मिला था अस्पताल में किया मृत घोषित
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा के रहने वाले एक व्यक्ति की ट्रांसपोर्टनगर में मौत हो गई। वह लोगों को जमीन पर बेहोश पड़ा मिला। उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मौत की वजह तलाशने में जुटी है।

मूल रूप से विशालकोट अल्मोड़ा निवासी भीम सिंह (50 वर्ष) ट्रांसपोर्ट नगर में बतौर चालक नौकरी करते थे और आदर्शनगर रुद्रपुर में अपने भाइयों के साथ रहते थे। पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह बैंगलोर में काम करने वाले भीम सिंह के भाई अनिल सिंह ने परिचित को फोन किया और भाई से बात कराने को कहा। वह तलाश में निकला तो भीम सिंह उसे ट्रांसपोर्ट नगर में बेहोश पड़ा मिला। आनन-फानन में उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भीम सिंह पांच भाइयों में बड़ा था।

पुलिस का कहना है कि मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सामने आएगी। फिलहाल घटना स्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# कहासुनी के बाद फंदे से लटका युवक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम में एक युवक ने घरवालों से कहासुनी के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह परिजन उठे तो उसका शव फंदे से लटक रहा था।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में बादल (24 वर्ष) यहां परिवार के साथ रहता था। परिजनों से हुई बातचीत में पुलिस को पता चला कि शुक्रवार की रात बादल खाना खाकर परिवार के साथ सोने चला गया था। देर रात वह कमरे में चला गया। सुबह जब घरवाले उठे तो उनके होश फाख्ता हो गए। बादल का शव कमरे में पंखे से बंधे दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। किसी तरह दरवाजा खोलकर परिजनों ने युवक को नीचे उतारा और सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मंडियों से लिए फल के चार नमूने

संवाददाता, हल्द्वानी



मंडी में फलों के सैंपल लेते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** केमिकल रंगों की मिलावट व फल पकाने के प्रतिबंधित पदार्थ की जांच को लेकर खाद्य संरक्षा व औषधि विभाग की टीम ने नवीन व मंगल पड़ाव मंडियों में कई प्रतिष्ठानों व ठेले पर फल बेचने वालों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो प्रतिष्ठानों व दो ठेलों से अलग-अलग फलों के नमूने लिए गए।

खाद्य संरक्षा व औषधि विभाग के उपायुक्त अनोज थपलियाल व अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने शनिवार को नवीन मंडी में फल आढ़ती प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। मै. सुंदर लाल मौर्य एंड संस नाम के प्रतिष्ठान में तरबूज में केमिकल रंगों के मिलावट की जांच मौके पर की गई। जांच में टीम को किसी भी तरबूज में केमिकल रंगों की पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद मै. कन्हैया लाल इंदर लाल नाम के प्रतिष्ठान में फलों को पकाने में प्रयुक्त होने वाले प्रतिबंधित पदार्थ एसिटिलीन गैस की जांच की गई लेकिन यहां यह पदार्थ नहीं मिला। हालांकि, यहां से आम का नमूना लिया गया। केलों के थोक विक्रेता प्रतिष्ठान से केले का नमूना लिया गया। टीम ने मंगल पड़ाव स्थित फल प्रतिष्ठानों व ठेलों की भी जांच की और यहां से आम व केले के दो नमूने लिए गए। उपायुक्त थपलियाल ने बताया कि नवीन व मंगल पड़ाव मंडियों में फलों के प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया गया। दोनों मंडियों से कुल चार नमूने लिए गए हैं। टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हल्द्वानी अभय कुमार सिंह व खाद्य सुरक्षा अधिकारी, लालकुंआ कैलाश चंद्र टम्टा मौजूद रहे।

# गुलदार के कुनबे को रेस्क्यू करने में जुटा वन विभाग

संवाददाता, हल्द्वानी

**तैयारी**
- ट्रेंकुलाइज करने को विशेषज्ञों की टीम मौके पर मौजूद
- लामाचौड़ खास में गुलदार ने कुनबे के साथ बनाया ठिकाना

**अमृत विचार:** ग्राम लामाचौड़ खास के आम के बगीचे में बीते तीन दिनों से दो शावकों के साथ मादा गुलदार अपना ठिकाना बनाए हुए है। कुनबे के साथ गुलदार के नजर आने के बाद इलाके के लोगों में दहशत व्याप्त है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी डेरा डाले हुए है।

इस दौरान वन कर्मियों को मादा गुलदार 2 से 3 बार नजर आ चुकी है। शनिवार को भी वन कर्मचारी गुलदार के कुनबे की निगरानी में जुटे रहे लेकिन अभी तक उसे पकड़ने या फिर वापस जंगल की ओर पहुंचाने में सफल नहीं हो सके हैं। भाखड़ा रेंज के रेंजर नवीन रौतेला ने बताया कि ट्रेंकुलाइज करने के लिए विशेषज्ञों को भी मौके पर बुला लिया है। मादा गुलदार व 2 शावकों रेस्क्यू करने के लिए परमिशन मांगी गई है, जिसके लिए कागजी कार्रवाई पूरी कराई जा रही है। मौके पर डॉक्टरों की टीम भी मौजूद है। मादा गुलदार शाम के वक्त शावकों के साथ देखी गई है, जो पूरी तरह से स्वस्थ्य नजर आ रही है। मादा गुलदार हमलावर न हो इसके लिए वन कर्मी लगातार नजर बनाए हुए है। अनुमति मिलते ही पिंजड़े लगाए जाएंगे।

# शहर में हुई चोरी की कई घटनाओं का अब तक खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मुखानी थाना क्षेत्र में हुई थी चोरी कर माफी मांगने की घटना
- एसपी सिटी बोले, टीमें लगी हैं जल्द होगा मामलों का खुलासा

**अमृत विचार :** चोर पुलिस के लिए चुनौती बन गए हैं। पिछले साल हुई चोरी की कई घटनाओं का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। इस साल हुई चोरी की चर्चित घटना के अभियुक्त भी अभी तक नहीं पकड़े जा सके हैं। इस घटना को अंजाम देने वाले चोर ने माफी भी मांगी थी।

पिछले साल नवंबर में चोरी की दो घटनाएं हैं, जिनका खुलासा अभी तक नहीं हो सका। पहला मामला हल्द्वानी कोतवाली और दूसरा टीपीनगर चौकी क्षेत्र का है। टीपीनगर के देवलचौड़ छड़ायल चौराहा स्थित राजारानी विहार निवासी सेवानिवृत्त सीएमएस डॉ. मंजू पांडेय 17 नवंबर 2023 को अपनी बड़ी बेटी के पास अमेरिका गई थीं। चोर यहां से लाखों रुपये के जेवर, नगदी और कीमती सामान ले गए। इसी तरह कोतवाली क्षेत्र के रिवर वैली गेट नंबर दो निवासी वन विभाग के सेवानिवृत्त रेंजर हरीश चंद्र जोशी भी पिछले वर्ष 27 नवंबर को बेटी से मिलने अमेरिका गए थे। इस चोरी का पता भी आठ दिन बाद तब लगा जब पड़ोसी की नजर पड़ी। चोर यहां से भी लाखों का माल ले गए।

अब इस साल की सबसे चर्चित की बात करते हैं। लोहरियासाल मल्ला गली नंबर एक ऊंचापुल निवासी सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी प्रकाश चंद्र बहुगुणा 11 अप्रैल 2024 को अपने परिवार के अपने गांव पिथौरागढ़ गए थे। 13 अप्रैल की सुबह उन्हें चोरी की सूचना मिली। चोरों को सोना-चांदी नहीं मिला, बस कुछ हजार की नगदी हाथ आई। जाते-जाते चोर यहां अलमारी व अन्य स्थानों पर संदेश लिख गए। लिखा, चोरी के लिए माफ करना। वह सोना चोरी करने आए थे, लेकिन सोना नहीं मिला। इन सभी चोरियों के खुलासे होने अभी बाकी है। वहीं एसपी सिटी प्रकाश चंद का कहना है कि खुलासे के लिए टीमें लगी हैं और जल्द ही मामलों का खुलासा कर दिया जाएगा।



एमबीपीजी कॉलेज में लोनिवि ईई को निर्देश देतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

### डीएम ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह ने शनिवार को एमबीपीजी कॉलेज में मतगणना कक्षों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने लोनिवि ईई अशोक चौधरी को मतगणना कक्षों की व्यवस्थाओं को अतिशीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सोमवार की शाम तक मतगणना कक्ष में साफ–सफाई, लाइटिंग, कूलर–पंखे, वीवीपैट गणना के लिए पिजन हॉल, कवरेज के लिए सीसीटीवी कैमरे आदि मूलभूत व्यवस्थाएं हो जानी चाहिए। एडीएम फिंचाराम चौहान को लोनिवि के कार्यों सत्यापन की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्षों तक पार्टी एजेंटों और मतगणना कार्मिकों व अन्य अधिकारियों को गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए साइनेज फ्लेक्सी लगाए जाएं। बिजली विभाग को निर्देश दिए कि मतगणना के दिन एमबीपीजी कॉलेज में विद्युत कटौती नहीं होनी चाहिए। इस दौरान में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, एसडीएम पारितोष वर्मा व राहुल शाह, उपनगर आयुक्त तुषार सैनी आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली से आ रही वाल्वो बस का एसी फेल, यात्रियों ने काटा हंगामा

संवाददाता, हल्द्वानी




वोल्वो बस की एसी खराब होने के चलते बीच रास्ते में रोकी बस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो से संचालित वाल्वो बसें का एसी सिस्टम या तो फेल हो रहा है या काम नहीं कर रहा है। इन बसों में यात्रा कर रहे यात्री आए दिन निगम के पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं, लेकिन विभाग में बैठे अधिकारी इसको गंभीरता से लेने को तैयार नहीं है।

बीती शुक्रवार की रात 11.50 बजे वाल्वो बस संख्या यूके 04 पीए 1520 दिल्ली से 42 यात्रियों को लेकर चली लेकिन बस अभी 20 किलोमीटर आगे बढ़ी ही थी बस में एसी ने काम करना बंद कर दिया। कई घंटे बीत जाने के बाद जब बस का ऐसी सही नहीं हुआ तो यात्रियों ने बस के अंदर ही हंगामा काटना शुरू कर दिया। परिचालक ने डिपो के अधिकारियों से बात कर सभी यात्रियों को टिकट में लिया गया एसी का पैसा वापस किया। बस का एसी खराब होने से बस हल्द्वानी से दिल्ली जाने के लिए दिन में 1.30 बजे चलती है लेकिन हल्द्वानी बस स्टेशन में 2.30 बजे तक ये बस हल्द्वानी नहीं पहुंची। बस स्टेशन पर दिल्ली जाने वाले यात्रियों ने हंगामा काटा और निगम के द्वारा वाल्वो बस में यात्रा कर रहे लोगों के लिए समुचित व्यवस्था न होने पर सवाल उठाए।

निगम प्रबंधन ने यात्रियों के रोष को देखते हुए दिल्ली से सवेरे चली बस संख्या यूके 04 पीए 3965 को 2.45 बजे हल्द्वानी से वापस करीब 29 यात्रियों को लेकर भेजा। इधर कर्मचारी संगठनों ने अनुबंधित वाल्वो बसों की सर्विस ओर देख-रेख पर विभाग के अधिकारियों को ध्यान देने की हिदायत दी। साथ ही वाल्वो बसों के मालिकों को लाभ पहुंचाने का आरोप भी लगाया है।

**छात्र राजनीति** — एनएसयूआई ने किया प्राचार्य का घेराव, एबीवीपी ने कहा–होने चाहिए प्रवेश, प्राचार्य के निर्णय का किया समर्थन

# भीषण गर्मी में प्रवेश प्रक्रिया पर छात्रों का हंगामा

संवाददाता, हल्द्वानी



एमबीपीजी कॉलेज में प्राचार्य के सामने हंगामा करते छात्र नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में शनिवार को छात्रों ने एडमिशन को लेकर हंगामा काटा। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव रक्षित सिंह बिष्ट के नेतृत्व में छात्र सुबह 11 बजे प्राचार्य कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने भीषण गर्मी के दौरान कराई जा रही प्रवेश प्रक्रिया को बंद करने की मांग की और डेढ़ घंटे तक हंगामा काटा।

छात्रों ने कहा कि शहर में बीते 15 दिन से तापमान 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है। ऐसी गर्मी में छात्रों के साथ ही प्रवेश प्रक्रिया में शामिल शिक्षकों को भी परेशानी होगी। उन्होंने प्रवेश प्रक्रिया जुलाई में कराने की मांग की।

इस मौके पर हर्ष शर्मा, गौरव सिंह पपोला, उमा शंकर तिवारी, चंदन नगरकोटी आदि मौजूद रहे। इधर, एबीवीपी कार्यकर्ताओं को जब इसकी जानकारी मिली तो छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज सिंह रमोला के नेतृत्व में वह भी प्राचार्य कार्यालय में पहुंच गए। उन्होंने प्रवेश प्रक्रिया को उचित बताया। प्रवेश से पहले ही कॉलेज में छात्रों की राजनीति देखने को मिल रही है। छात्रसंघ अध्यक्ष ने कहा कि शासन की ओर से प्रवेश प्रक्रिया की तिथि तय की गई है, इसे गलत नहीं ठहराया जा सकता है। कहा कि कॉलेज प्रशासन को छात्रों के हित में कार्य करना चाहिए। यदि प्रवेश प्रक्रिया देर से शुरू होगी तो इससे पूरा सत्र देरी से होगा।

**बोले प्राचार्य**

“छात्र प्रवेश प्रक्रिया का विरोध कर रहे थे। उन्हें बताया गया कि शासन की ओर से प्रवेश प्रक्रिया की तिथि तय की गई है। कॉलेज प्रशासन इसमें संशोधन नहीं कर सकता है। – **एनएस बनकोटी** प्राचार्य, एमबीपीजी कॉलेज”

### पहले दिन केवल दो बच्चों ने लिया प्रवेश

**हल्द्वानी :** महिला डिग्री कॉलेज में शनिवार को एमबीपीजी कॉलेज की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई जिसमें पहले दिन लगभग 20 छात्र आए थे जिसमें केवल दो को ही प्रवेश मिला। बीएससी पीसीएम में खुशी कांडपाल और बीए में आयुषी जोशी ने प्रवेश लिया। प्रो. अमित सचदेवा ने बताया कि दो विद्यार्थियों के दस्तावेज जांचे गए हैं जबकि लगभग 20 छात्र बिना दस्तावेज के कॉलेज पहुंचे। उन्होंने बताया कि छात्र–छात्राओं को फीस व अन्य जानकारी दी गई है। सोमवार को दस्तावेज जांचने के बाद उन्हें प्रवेश दे दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार मेरिट सूची की स्केलिंग की गई है जिसमें सीबीएसई और उत्तराखंड बोर्ड का इंडेक्स बना हुआ है।

# स्नातक द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** स्नातक द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 11 जून को बीएससी द्वितीय सेमेस्टर और बैक की परीक्षा होगी। साथ ही बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर की मुख्य और बैक परीक्षा भी इसी दिन होगी।

बीए द्वितीय सेमेस्टर की मुख्य और बैक परीक्षा 12 जून, बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर और बीकॉम चौथे सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा 13 जून और बीए चौथे सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा 14 जून को होगी। प्राचार्य एनएस बनकोटी ने सभी छात्र-छात्राओं को तैयारी करने और समय पर असाइनमेंट जमा करने के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस के जाते ही फुटपाथ पर फिर अतिक्रमण सजाया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अतिक्रमणकारियों पर किसी का जोर नहीं चल रहा। डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के बाहर से नगर निगम ने अतिक्रमण साफ किया, जो फिर लग गया। अब शनिवार को पुलिस ने जल संस्थान के बाहर फुटपाथ पर काबिज अतिक्रमणकारियों को भगाया, लेकिन पुलिस के जाते ही वह फिर फुटपाथ पर बैठ गए।

शनिवार को जल संस्थान में कुछ लोग पानी की शिकायत को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे थे। हंगामे की आशंका पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों का मामला निपटने के बाद पुलिस जल संस्थान से बाहर निकले तो उसे फुटपाथ पर कूलर की घास आदि बेचने वाले लोग नजर आए। इनकी वजह से फुटपाथ बाधित था और लोगों को यातायात के साथ सड़क पर चलना पड़ रहा था। इसे देखते हुए पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को फुटपाथ से खदेड़ दिया और दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। बहरहाल, फिर वही हुआ जो हमेशा होता है। पुलिस के जाते ही अतिक्रणकारी फिर फुटपाथ पर अतिक्रमण सजा कर बैठ गए।

## एक नजर

### आवासीय क्रीड़ा छात्रावास के लिए ट्रायल 14 व 15 जून से

**हल्द्वानी :** जिले के खिलाड़ियों के लिए आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल विभाग की ओर से 14 व 15 जून को गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 7 बजे से ट्रायल शुरू होगा। इच्छुक खिलाड़ी 3 जून से मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम से फार्म ले सकते हैं।

### भीषण गर्मी में बांटा शरबत

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण दिवस के अवसर अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा की ओर से शनिवार को श्री परशुराम चौक पर शरबत वितरण किया। अध्यक्ष विशाल शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी में लोग बेहाल हैं, इसलिए ठंडा शरबत वितरित किया गया। इस दौरान विकास शर्मा, नीरज मिश्रा, हर्षवर्धन पांडे, संदीप पांडे, मदन मोहन जोशी, नवीन आत्रेय, सतीश चंद्र खुल्बे, राम सिंह नगरकोटी, नितिन कोली, निशा बेला, मीरा उनियाल, योगिता बनोला, विष्णु बेलवाल, पवन बिष्ट आदि मौजूद थे।

# गर्मी में 25 टैंकर नहीं बुझा पा रहे लोगों की प्यास

## जल संस्थान के पास हैं 10 टैंकर, विभाग ने 15 लिए किराए पर, दूर-दराज के इलाकों के लोगों को हो रही दिक्कत

▸▸ एक टैंकर की क्षमता करीब चार हजार लीटर की

संवाददाता, हल्द्वानी



भीषण गर्मी में टैंकर से पानी भरते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जल संस्थान ने पेयजल संकट वाले इलाकों के लिए 25 टैंकर लगाए हैं, लेकिन इसके बाद भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इसमें सबसे अधिक दिक्कतों का सामना दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को हा रही है।

हल्द्वानी के ऊंचाई वाले इलाकों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में गर्मी के सीजन में पेयजल की समस्या गहरा जाती है। इन इलाकों में पेयजल की कमी को दूर करने के लिए जल संस्थान टैंकरों से पानी बंटवाता है। लेकिन इसके बाद भी लोगों के सामने पानी की किल्लत छाई हुई है। पानी संकट वाले इलाकों में शामिल दमुवाढूंगा, हिम्मतपुर, भगवानपुर, मल्ला प्लाट, बिठौरिया, कुमाऊं कालोनी, इंदिरा नगर, बनभूलपुरा, दुर्गा मंदिर, बच्चीनगर, करायल जौलासाल समेत अन्य इलाकों की हजारों की आबादी पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर है। इसके लिए जल संस्थान ने वर्तमान में 25 टैंकर लगाए हुए हैं। इनमें से 10 टैंकर विभाग के जबकि 15 टैंकर किराए पर लिए गए हैं। वहीं एक टैंकर में करीब 4 हजार लीटर की पानी की क्षमता होती है। विभाग का टैंकर मंगवाने पर 800 रुपये तक का खर्चा आता है, जबकि निजी टैंकर के रेट मनमाने तरीके से वसूले जाते हैं। दिनभर में एक टैंकर 5 से 6 चक्कर लगा रहा है। इसके बाद भी लोगों को कई इलाकों में पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सा मना करना पड़ रहा है। इधर जल संस्थान के एई रविंद्र कुमार ने बताया कि पानी संकट वाले इलाकों में टैंकर से पानी बंटवाया जा रहा है, जहां पर समस्या बनी हुई है, उन इलाकों में टैंकर अतिरिक्त चक्कर लगा रहे हैं।

### अराजक तत्वों ने ठप की पेयजल आपूर्ति

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के माचकोट गांव की पेयजल योजना की पाइप लाइन में अराजक तत्वों कूड़ा कचरा डाल आपूर्ति प्रभावित कर दी। चार दिनों पेयजल आपूर्ति ठप होने पर ग्रामीण मुख्य स्रोत पर पहुंचे तो मामले का खुलासा हुआ। ग्रामीण पाइप लाइन को दुरुस्त करने में जुट गए हैं। अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग भी उठाई है। माचकोट गांव में जल संस्थान की पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति की जाती है। करीब सौ से ज्यादा परिवारों को योजना से पानी उपलब्ध होता है जबकि राजकीय इंटर कालेज धनियाकोट व राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भी इसी योजना से पानी पहुंचता है। पिछले चार दिनों से एकाएक पेयजल आपूर्ति ठप होने सेस्थानीय कृपाल सिंह मेहरा के नेतृत्व में भुवन सिंह पनौरा, पुष्कर सिंह जलाल, धन सिंह, मोहन सिंह पनौरा, नंदन सिंह आदि ग्रामीण योजना के मुख्य स्रोत पर पहुंचे। आपूर्ति ठप होने का कारण पता लगाना शुरु किया तो पाइप लाइन में मिट्टी, पत्थर, तार व कूड़ा कचरा देख दंग रह गए। पाइप लाइन को जगह जगह क्षतिग्रस्त कर उसमें कूड़ा भरा होने से ग्रामीणों का माथा ठनक गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो फिर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
प्रवेश प्रारम्भ
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## 48 कॉलेजों में नैक ग्रेडिंग के लिए मिला बजट

**हल्द्वानी :** प्रदेश में महाविद्यालयों की नैक ग्रेडिंग के लिए बजट जारी हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2.44 करोड़ रुपये से कॉलेजों में कार्य होगा। इसके अंतर्गत फर्नीचर, उपकरण, किताबें और अन्य विभागीय कार्य किए जाएंगे। प्रदेश के 48 कॉलेजों को इसका लाभ मिलेगा।

सभी कॉलेजों को अगले साल 31 मार्च तक पूरा बजट उपयोग करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। कुल बजट में 18.75 लाख रुपये कार्यालय फर्नीचर और उपकरण में, 10-10 लाख रुपये अन्य विभागीय व्यय और सहायक अनुदान के तौर पर 2.5 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। एमबीपीजी कॉलेज में 5 लाख रुपये से काम किया जाएगा। इसी तरह राजकीय महाविद्यालय चौखुटिया, राजकीय महाविद्यालय मानिला, राजकीय महाविद्यालय भिकियासैंण, राजकीय महाविद्यालय गरूड़ाबांज, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लमगड़ा सहित प्रत्येक 21 कॉलेजों में 6.51 लाख रुपये से काम होगा।

# शिक्षा देने के साथ समय आया तो देश के लिए शहादत भी दी

▸▸ सेना शिक्षा कोर ने धूमधाम से मनाया 104वां स्थापना दिवस

▸▸ रंगारंग कार्यक्रम हुए, पूर्व सैनिकों ने गाए झोड़ा और चाचरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



सैनिक शिक्षा कोर का 104 वां स्थापना दिवस मनाते पूर्व सैनिक और परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** झोड़ा, चाचरी और रंगारंग कार्यक्रम के साथ सेना शिक्षा कोर ने अपना 104वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर कोर के पूर्व अधिकारियों व सैनिकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

खीमपुर स्थित एक बैंक्वेट हाल में शनिवार को स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सैनिक शिक्षक एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन (रि.) आरएस राठौर, उपाध्यक्ष कैप्टन (रि.) बीसी जोशी, मीडिया प्रभारी कैप्टन (रि.) प्रेम गिरी गोस्वामी ने बलिदानियों के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं का कहना था कि सेना शिक्षा कोर के अधिकारी, सरदार साहिबान और अन्य पदों पर कार्यरत सैनिक केवल कक्षा तक ही सीमित नहीं रहे हैं। उन्होंने हर क्षेत्र में सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सेवा की है। इसका प्रमाण कोर को मिले वीरता पुरस्कार हैं।

सेना शिक्षा कोर की नींव 18वीं सदी में पड़ी थी। उस दौरान सेनाओं को शैक्षणिक प्रशिक्षण का कोई प्रावधान नहीं था, लेकिन जब ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में अपना विस्तार कर अपनी सेनाएं तैयार की तो भारतीय और अंग्रेज सैनिकों के बीच सामंजस्य बैठाने के लिए शैक्षणिक प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस की गई। कार्यक्रम के अंत में पूर्व सैनिकों ने झोड़ा- चाचरी और कुमाऊंनी गीतों का आनंद लिया। इस दौरान कैप्टन (रि.) जेसी पांडे, कैप्टन (रि.) पीसी चौबे, कैप्टन (रि.) एनएस बिष्ट, कैप्टन (रि.) आनंद सिंह मेहता आदि मौजूद रहे।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
प्रवेश प्रारम्भ
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

# कार्यशाला का शुभारंभ



कार्यशाला के दौरान बच्चे व अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** दुर्गापुरी में 10 दिवसीय निशुल्क ग्रीष्म कालीन संगीत, नृत्य, व रंगमंच कार्यशाला का शनिवार से शुभारम्भ हो गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों को गायन, लोक गीत, लोक नृत्य की विधा सिखाने का प्रयास सराहनीय है। आयोजक महिला प्रतिभा सम्मान मंच कि अध्यक्ष नीमा मठवाल ने कहा कि कार्यशाला का मकसद बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखने के साथ छिपी प्रतिभा को उजागर करना है। कार्यशाला कार्यक्रम 10 जून तक लगातार होनी है, 11 जून को इसका समापन होगा। कार्यक्रम को संगीत सहयोग आयुष म्यूजिक एकेडमी व विशेष सहयोग दुर्गापुरी प्राथमिक स्कूल प्रबंध समिति का रहा नाट्य रंगमंच सहयोग ललित बिष्ट ने दिया। कार्यक्रम सहयोगी के रूप में महिला मंच की अंजू अग्रवाल, रजनी भट्ट, दीपा कोटिया, अनीता गौड़ आदि का योगदान रहा।

### ग्रुप डी कार्मिकों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश

**हल्द्वानी :** एनपीएस (न्यू पेंशन स्कीम) के तहत ग्रुप डी कार्मिक, जिनको प्रान नंबर (स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या) आवंटित नहीं किया गया है, उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य जिला कोषाधिकारी दिनेश कुमार ने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को कार्मिकों की सूची वर्षवार एनपीएस कटौती के साथ पूरी जानकारी जिसमें कार्मिक का नाम, सेवा में आने की तिथि, विभाग का नाम आदि से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कार्मिकों की सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

### खनन सत्र समाप्त होने पर भंडारा

**हल्द्वानी :** गौला नदी में खनन सत्र समाप्त होने पर शनिवार को वाहन स्वामियों ने मोटाहल्दू उपखनिज निकासी गेट पर भंडारे का आयोजन किया। इसमें जनप्रतिनिधि, स्टोन क्रशर्स स्वामी, वाहन स्वामी, श्रमिक, चालक आदि ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गौला खनन मजदूर उत्थान समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, प्रधान विपिन जोशी, सुरेश चंद्र जोशी, हरीश चौबे, रमेश चंद्र जोशी, बंशीधर भट्ट, गोकुल भट्ट, बंटी चंदोला, अनिल भट्ट, विक्की पाठक, राजू चौबे, नरेश जोशी, शेखर कांडपाल, हरीश कांडपाल, मदन उपाध्याय, कमल बिष्ट, भुवन दुर्गापाल, नंदाबल्लभ जोशी, विनोद गुर्रानीरा आदि मौजूद रहे।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
• B.Sc. Nursing (4 Year)
• Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
• G.N.M (3 Year)
• A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
• O.T. Technician
• Optometry
• Cardiology
• Physiotherapy
• C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
• D. Pharma
Facilities Available
❖ QCI Rating 'A' Institute
❖ Scholarship Facility
❖ Smart Classes
❖ 100% Placement
❖ Clinical Training in 1050 Beded Hospital
❖ Experienced Faculty
❖ Well Equipped Computer Lab.
❖ Library
❖ Modern Specialization Laboratory
❖ Value Added Courses
❖ Field Visits
❖ Wi-Fi & Lush Green Campus
❖ Hostel
❖ Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

# बिजली कटौती व लो-वोल्टेज से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी



बिजली दफ्तर में प्रदर्शन करते राजपुरा क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजपुरा इलाके वार्ड 13 में लगातार हो रही बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से परेशान लोगों ने बिजली विभाग कार्यालय में पहुंच कर जमकर नारेबाजी करते हुए विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

शनिवार को तिकोनिया स्थित बिजली विभाग कार्यालय में राजपुरा स्थित वार्ड 13 के स्थानीय लोग बिजली विभाग कार्यालय में पहुंचक बिजली कटौती व लो-वोल्टेज के प्रति लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल लोगों के मुताबिक भीषण गर्मी में बिजली विभाग की ओर से नियमित 4 से 5 घंटे तक की आघोषित कटौती की जा रही है। जिसके चलते बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग परेशान है, वहीं रात में लो वोल्टेज के चलते घरों में लगे पंखे व कूलर काम नहीं कर रहे है। जिसके चलते लोगों में रोष पनप रहा है। आने वाले दिनों में समस्या का निदान विभाग की ओर से नहीं किया तो धरना देने को लोग मजबूर होंगे। इस मौके पर संजय प्रसाद, ध्रुव कश्यप, मीना, गुड्डी, ममता, सुशीला, विरेंद्र समेत कई लोग मौजूद रहे।

### गर्मी में रात में हो रही बिजली कटौती से लोग परेशान

**हल्द्वानी :** बीते 3 दिनों से भीषण गर्मी में बिजली विभाग ने रात में भी बिजली कटौती शुरू कर दी है। जिसके चलते लोगों के सामने दिक्कतें बढ़ गई हैं। कमलुवागांजा, टीपीनगर, गौलापार समेत अन्य बिजली घरों से रात में बिजली आपूर्ति ठप की जा रही है। इधर बिजली विभाग के ईई डीडी पांगती ने बताया कि लो-वोल्टेज की समस्या के निदान के लिए ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। वहीं जहां पर बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है, उन इलाकों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार का काम किया जा रहा है।

॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
Celebrating 10 Years Anniversary 2nd Feb 2023 SVP Ayurveda Clinic
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google Top Rated
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
hemorrhoid fistula fissure External
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy (जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

## सार-संक्षेप


कुमाऊं कमिश्नर को अपनी समस्या बताते चोरगलिया के लोग। ● अमृत विचार

### कुमाऊं कमिश्नर से मिले चोरगलिया के लोग

**चोरगलिया :** नंधौर वन्य जीव अभ्यारण के गेट पर शुक्रवार को प्रदर्शन कर रेंजर को ज्ञापन देने के बाद शनिवार को चोरगलिया के ग्रामीण भुवन पोखरिया के नेतृत्व में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से मिले। उन्हें पत्र सौंपा, जिसमें वन क्षेत्राधिकारी व उनके स्टाफ पर ग्रामीणों से बदसलूकी का आरोप है। वहीं जल्द से जल्द मछली वन आम लोगों के लिए खोलने का अनुरोध किया गया। जिस पर कुमाऊं कमिश्नर ने शीघ्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। वहीं फॉरेस्ट विभाग के वन क्षेत्र अधिकारी भोपाल सिंह मेहता से मछली वन प्रकरण के बारे में जानने के लिए संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि वह इस मामले के समाधान के लिए हल्द्वानी में डीएफओ के साथ मीटिंग में बैठे हैं।

### 29 को होंगे प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव

**लालकुआं :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल हल्दूचौड़ के चुनाव 29 जून को होंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी ने क्षेत्र के तमाम व्यापारियों से प्रतिभाग करने का आह्वान किया। मुख्य चुनाव अधिकारी संदीप पांडे ने बताया कि हल्दूचौड़ क्षेत्र में 21 जून से चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी, जिसमें कुल आठ पदों के लिए चुनाव कराए जाएंगे, इसमें 21 जून को मतदाता सूची का प्रकाशन, 22 जून को आपत्ति दर्ज करने एवं निस्तारण, 23 जून को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन एवं नामांकन फार्म विक्रय, 24 जून को नामांकन जमा एवं जांच एवं 29 जून को मतदान एवं मतगणना की जाएगी।

### कार्यशाला में बच्चों ने खेल खेल में सीखा नाटक

**रामनगर :** एमपी इंटर कॉलेज में रचनात्मक शिक्षक मंडल की पहल पर जश्न ए बचपन के तहत चल रही थियेटर कार्यशाला के चौथे दिन बच्चों ने खेल खेल में प्रख्यात व्यंग्यकार हरिशंकर परिसाई की कहानी इंस्पेक्टर मातादीन चांद को नाट्य रूपांतरण करना सीखा। चौथे दिन की शुरुआत दिल्ली से आए थियेटर एक्सपर्ट प्रेम संगवारी द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस, वायरस, बॉडी टू बॉडी, मेढक चाल जैसे थियेटर के खेलों से हुई। सायंकालीन सत्र में टीम ने पटरानी और ढेला गांव में बच्चों को थिएटर संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित करवाई। कार्यशाला का समापन दो जून रविवार को एमपी इंटर कालेज के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम के साथ होगा।


बाजार में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पालिका की टीम। ● अमृत विचार

### नगर पालिका की टीम ने हटवाया अतिक्रमण

**नैनीताल :** शहर के पर्यटक स्थलों और दुकानों के आगे हुए अतिक्रमण पर नगर पालिका की टीम ने शनिवार को कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाकर 12 से अधिक लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि शहर के तिब्बती बाजार, न्यू पालिका बाजार, बड़ा बाजार समेत अन्य क्षेत्रों में व्यापारियों ने दुकान के आगे सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया था। नियम विरुद्ध तरीके से दुकानों की छतों को आगे बढ़ा दिया था। पूर्व में सभी व्यवसाइयों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे लेकिन इसके बावजूद भी किसी ने अतिक्रमण नहीं हटाया, जिनके खिलाफ शनिवार को कार्रवाई कर पालिका की टीम ने अतिक्रमण हटाकर चालान की कार्रवाई की। इस दौरान सुनील खोलिया, शनि कुमार, रवि कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### केतन का नवोदय विद्यालय कोटा बाग के लिए चयन


सक्षम चौधरी।

**चोरगलिया :** जीडीजेएम पब्लिक स्कूल चोर गलिया के छात्र केतन पोखरिया का राजीव गांधी नवोदय विद्यालय कोटा बाग में कक्षा 6 के लिए चयन हुआ है। उनकी इस कामयाबी पर जीडीजेएम विद्यालय परिवार ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### 38 यात्रियों को कराई निशुल्क तीर्थ यात्रा

**हल्द्वानी :** मंगलम तीर्थ सेवा की ओर से तीन दिवसीय यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें 38 यात्री शामिल थे। यात्रा में सरयू घाट, श्री रामलला दर्शन, हनुमानगढ़ी के दर्शन कर हल्द्वानी पहुंची। स्व. बालकिशन देवकी जोशी संस्था के अध्यक्ष योगेश जोशी ने बताया की यात्रा प्रत्येक माह अयोध्या श्री रामलला के दर्शन को जाती है, जिसमें यात्रियों को भोजन, पानी, आने-जाने, रहने की निशुल्क व्यवस्था की जाती है। यात्रा का उद्देश्य वंचित लोगों को दर्शन करवाना है।


रामनगर में दवा के नमूने एकत्र करते औषधि निरीक्षक। ● अमृत विचार

### मेडिकल स्टोरों से लिए दवा के नमूने

**रामनगर :** डॉ. आर राजेश कुमार आयुक्त/सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व अपर आयुक्त ताजवर सिंह के निर्देश के तहत नीरज कुमार वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार ने रामनगर के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स से औषधियों के नमूने एकत्र किए। टीम ने सीएमएसडी स्टोर से 10 औषधियों के नमूने लिए जबकि भारत मेडिकल स्टोर, हसन मेडिकल, अमीचंद,चन्द्रा मेडिकल, अपना मेडिकल स्टोर से औषधियों के नमूने एकत्र किए गए। उन्होंने बताया कि सभी औषधियों में वीपी, शुगर, एंटीबायोटिक, कफ सिरप और दर्द निवारक कुल 14 दवाइयों के नमूने लिए गए।

### चीन में दमखम दिखाएगी उत्तराखंड की टीम


सुनीता चौहान।


नंदन सिंह नेगी।


ममता खाती।


सक्षम चौधरी।

रामनगर : मॉर्डन पेंटाथलॉन लेजर रन की वर्ल्ड चैंपियनशिप चीन के झेंगझोऊ शहर में छह से 10 जून तक चलेगी। इसमें उत्तराखंड के चार खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस टीम में रामनगर से नंदन सिंह नेगी, लिटिल स्कॉलर्स अकादमी से सक्षम प्रताप सिंह, एसआई सुनीता चौहान, कांस्टेबल ममता खाती उत्तराखंड से देश के लिए चीन में दमखम दिखाएंगे। उत्तराखंड लेजर रन की टीम पहले पनवेल मुंबई में दो जून से चार जून तक वर्ल्ड चैंपियनशिप कैंप में खेलने के लिए लेजर रन से संबंधित बारीकियां सीखेगी। पांच जून को मुंबई से झेंगझोऊ चीन के लिए टीम रवाना होगी। मॉर्डर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन उत्तराखंड के अध्यक्ष पंकज भल्ला, सचिव दयाल सिंह फर्स्वाण, गोपाल सिंह बिष्ट, स्कूल प्रिंसिपल शिखा गौतम, ऋतु भल्ला, रोहित भल्ला, संजय भारद्वाज, गौरव शर्मा, और आनंद सिंह बोरा ने उत्तराखंड लेजर टीम को विश्व चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

# दिनभर तपिश के बाद शाम को बूंदाबांदी

## मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार रविवार को छाए रहेंगे हल्के बादल, कहीं-कहीं बूंदाबांदी की उम्मीद

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** दिनभर नौतपा की गर्मी और लू के थपेड़ों के बाद शनिवार शाम शहर और आसपास के क्षेत्रों में मौसम ने करवट बदली। शहर के साथ ही काठगोदाम, गौलापार, चोरगलिया आदि क्षेत्रों में हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। बूंदाबांदी होने पर लोग खुशी से घरों के बाहर निकल आए और वह तेज बारिश का इंतजार करने लगे। लेकिन कुछ देर बाद बूंदाबांदी रुक गई। हवा चलने से गर्मी कुछ कम हुई।

शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। साथ ही नमी 39 प्रतिशत रही। दक्षिण-पूर्व दिशा से 14.7 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने से गर्मी मामूली रूप से कम महसूस की गई। बीते शुक्रवार की तुलना में शनिवार को गर्मी कुछ कम जरूर थी लेकिन मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आज भी मौसम गर्म रहेगा। अधिकतर लोग इसी उम्मीद में थे कि नौतपा के समाप्त होने पर मौसम कुछ सामान्य हो जाएगा लेकिन अभी भी लोगों को गर्मी व लू के थपेड़े सताएंगे। मैदानी क्षेत्रों में आज आकाश में हल्के बादल दिखाई दे सकते हैं लेकिन पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।इधर, कालाढूंगी क्षेत्र में देर शाम 7:15 बजे धूल भरी आंधी चलने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।


आंधी, तेज बारिश और ओलावृष्टि के बाद खनस्यू-हल्द्वानी मार्ग पर गिरा पेड़। ● अमृत विचार

### आज खत्म होगा नौतपा, लू से राहत मिलने की उम्मीद

**हल्द्वानी :** 25 मई से शुरू हुआ नौतपा आज ( रविवार ) को समाप्त हो रहा है लेकिन फिलहाल लोगों को गर्मी व लू से राहत नहीं मिलेगी। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि 2 जून को नौतपा समाप्त होने के बावजूद लोगों को गर्मी और लू से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। इधर, डॉक्टरों का कहना है कि सूरज की तीखी किरणों से बचने के लिए लोगों को दोपहर के समय घर के अंदर ही रहना चाहिए। बाहर निकलते समय छाता, टोपी और सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। इस समय सूती और हल्के रंग के कपड़े पहनने चाहिए, जो पसीने को सोख सकें। पानी का भरपूर सेवन करना चाहिए। छाछ, लस्सी, नारियल पानी और ताजे फलों का रस पीना चाहिए। इस समय तेल और मसालेदार भोजन से परहेज करना चाहिए और हल्का और पौष्टिक भोजन खाना चाहिए।

### आंधी से गिरा चीड़ का पेड़, यातायात बाधित

**भीमताल :** विकासखंड ओखलकांडा के खनस्यू में भारी बारिश, ओलावृष्टि और आंधी में काफी बड़ा चीड़ का पेड़ गिरने के कारण मुख्य सड़क मार्ग बाधित हो गया। खनस्यू पुलिस ने मौके पर पहुंच कर थानाध्यक्ष रोहिताश सागर और स्थानीय जनता के साथ मिलकर पेड़ को हटाया। उसके बाद खनस्यू व हल्द्वानी मार्ग पर यातायात सुचारु हो गया।

### यूनिपोल और पेड़ गिरा

**भवाली :** शनिवार शाम को आई तेज अंधड़ व बारिश ने थोड़ी देर के लिये जन जीवन को रोक सा दिया। नगर पालिका मैदान के पास एक यूनिपोल धराशायी हो गया और एक पेड़ सड़क पर आ गया जिसकी टहनियां काटकर ट्रैफिक चालू किया। जगह जगह फ्लैक्सी व बोर्ड उड़ते नजर आये।

# गर्मी का सितम, बाजार में ढूंढे नहीं मिल रही बर्फ की सिल्ली

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। गर्मी से बचाव के लिए लोग एसी, कूलर, फ्रिज व मिट्टी के घड़ों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पार्टी और अन्य आयोजनों के लिए लोग बर्फ की सिल्लियों का उपयोग कर रहे हैं लेकिन मांग बढ़ जाने से बाजारों में बर्फ की सिल्लियां भी ढूंढे नहीं मिल रही हैं। छत में रखी टंकियों का पानी गर्म होने से कई लोग नहाने तक लिए बर्फ ढूंढ रहे हैं।

बर्फ की सिल्ली बेचने वाले दुकानदारों के यहां से लोग खाली हाथ लौट रहे हैं, क्योंकि बीते एक सप्ताह से बर्फ की सिल्ली की मांग में चार गुना तक बढ़ गई है। एक दुकानदार ने बताया कि पहले जहां 150-200 बर्फ की सिल्ली प्रतिदिन बिक रही थी, वहीं अब 700-800 बर्फ की सिल्ली की मांग है। लेकिन मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे शहर में बर्फ की कमी हो गई है। कुछ दुकानदारों के पास बर्फ मौजूद है तो उन्होंने दाम दोगुने से भी ज्यादा कर दिए हैं। उनका कहना है कि आगे से ही बर्फ महंगी आ रही है। बर्फ की सिल्ली के कारोबारियों ने बताया कि फैक्टियों में बिजली की कटौती व लो वोल्टेज के कारण जनरेटरों के जरिए बर्फ बनाई जा रही है, जिससे बर्फ बनने में काफी समय लग रहा है। पहले जहां बिजली से एक बर्फ की सिल्ली बनाने में 18 घंटे लगते थे, वहीं अब जनरेटर से 24 घंटे लग रहे हैं। इसकी वजह से फैक्ट्रियों की ओर से ही दाम बढ़ाए जा रहे हैं।


रिक्शे पर बर्फ की सिल्लियां लेकर जाता चालक। ● अमृत विचार

### शाम को यातायात को खोला लखनपुर मार्ग

**रामनगर, अमृत विचार :** लखनपुर चौक से कोसी बैराज यातयात के लिए बंद किए गए मार्ग को शाम के समय के लिए खोल दिया गया है जब कि सुबह के समय की व्यवस्था पूर्वत रहेगी। बता दें कि जी-20 बैठक के बाद 31 मार्च, 2023 को तत्कालीन जिलाधिकारी ने कोसी बैराज से लखनपुर चौराहे तक (वाया डिग्री कॉलेज) लोगों की पैदल सैर को देखते हुए यहां सुबह शाम दो-दो घंटे दो पहिया और चार पहिया वाहनों के चलने पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि कहा कि इन दिनों पर्यटन सीजन में रामनगर क्षेत्र में पर्यटकों के आवागमन में बहुत वृद्धि हुई है। इस कारण शाम के समय उक्त सड़क बंद होने से जाम की स्थिति बन रही है। इस मार्ग पर मॉर्निंग वॉक पर सुबह 5 बजे से 7 बजे तक वाहनों का आवागमन पूर्व की तरह प्रतिबंधित रहेगा।

### नेत्र रोग विशेषज्ञ के खिलाफ तहरीर दी

**रामनगर, अमृत विचार :** मोहल्ला भवानीगंज निवासी एक पीड़ित महिला ने संयुक्त अस्पताल के नेत्र चिकित्सक के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

शनिवार को रिंकी पत्नी सुनिल निवासी भवानीगंज गेहार बस्ती रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने पुत्र आयुष को 21 मई को आंख में चोट लगने के कारण रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय रामनगर ले के गई थी। आरोप है कि अस्पताल में नेत्र चिकित्सक डॉ. संयम ने उसके पुत्र की आंख की जांच करने के उपरान्त कहा कि बच्चे की आंख का ऑपरेशन करके ठीक कर दूंगा। ऑपरेशन करने के उपरांत उसके पुत्र की आंखों की रोशनी चली गयी। डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है।

# व्यापारियों ने 16 तक स्थगित किया आंदोलन

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल भवाली से कैंचीधाम तक के जाम की समस्या पर मंडलायुक्त दीपक रावत से वार्ता के बाद आंदोलन को 16 जून तक के लिए स्थगित कर दिया है।

प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि भवाली से कैंची धाम तक रोज लगने वाले जाम से जनता बहुत परेशान हो गई है। इसमें सबसे ज्यादा पहाड़ का व्यापारी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर शनिवार की रात वर्चुअल बैठक हुई जिसमें अल्मोड़ा जिले से भवाली-रातीघाट बाइपास को जल्द बनाने की मांग करने का प्रस्ताव आया। कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल एवं कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस समस्या को न्यायालय तक ले जाने का प्रयास करना चाहिए। अंत में प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि इस संदर्भ में मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन दिया गया है और मंडलायुक्त दीपक रावत से वार्ता हुई है। इस पर मंडलायुक्त ने कहा कि आचार संहिता के समाप्त होते ही भवाली रातीघाट सड़क निर्माण निविदा होने जा रही है, कैंचीधाम बाइपास जल्द बनाया जाएगा। इस दौरान अल्मोड़ा जिलाध्यक्ष सुशील शाह, बागेश्वर जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अरोड़ा, रानीखेत के जिला महामंत्री राज पांडे आदि ने भागीदारी की।

# पानी को बिना बिजली के पहुंचाने वाला उपकरण विलुप्ति की कगार पर

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार :** पहले जब बिजली गांवों में या फिर हर जगह नहीं हुआ करती थी तो एक विशेष प्रकार का उपकरण प्रयोग में लाया जाता था। यह उपकरण दिन रात कार्य कर पानी को लगभग बिना किसी मोटर के 400 मीटर ऊंचाई में पहुंचा देता था। यह उपकरण हाइड्रम कहलाता था।

कई पर्वतीय क्षेत्रों में यह अब भी क्रियाशील हो ऐसा संभव है, पर भीमताल में मात्र एक हाइड्रम नल दमयंती ताल के समीप क्रियाशील है, जो आज भी बिना बिजली के प्रतिदिन चार सौ मीटर ऊंचाई तक पानी फेंकता है। इस उपकरण की एक और विशेषता है कि जहां इसमें संचालन के लिए ना बिजली की आवश्यकता होती है और ना ही किसी मोटर की।

यह एक कैप्सूल नुमा आकृति पानी फेंकती है। इसकी उपयोगिता इन दिनों और भी बढ़ जाती है जब कि बिजली की कटौती के चलते कई स्थानों में जल संस्थान के पंप नहीं चल पाते हैं वहीं यह उपकरण बिना किसी व्यवधान के सातों दिन चौबिसों घंटे चल सकता है। यह उपकरण जल स्रोत में पानी की मात्रा और वेग के आधार पर कार्य करता है।


नल दमयंती ताल के पास लगा हाइड्रम।

## सार-संक्षेप

### संत निरंकारी फाउंडेशन चलाएगा स्वच्छता अभियान

**हल्द्वानी :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन की शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से संयुक्त राष्ट्र की थीम ' बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन ' के विषयानुसार 5 जून को देश के पर्वतीय पर्यटन स्थलों पर पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाएगा। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि मिशन वर्ष 2014 से ही संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण कार्यक्रम की थीम पर ' विश्व पर्यावरण दिवस ' आयोजित करता रहा है। इस वर्ष देश के 18 पर्वतीय पर्यटन स्थलों जिनमें मुख्य रूप से मसूरी, ऋषिकेश, लैंसडाउन, नैनीताल, चकराता, भवाली, हिमाचल प्रदेश का शिमला, मनाली, धर्मशाला, गुजरात के सापुतारा, लोनावाला, पन्हाला, सोमेश्वर, सिक्किम के गीजिंग शहर और कर्नाटक की नंदी हिल्स जैसे पर्वतीय स्थल शामिल हैं। जोनल इंचार्ज जसविंदर सिंह ने बताया कि इसी क्रम में नैनीताल में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसमें सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक फ्लैट्स मैदान, तल्लीताल, मल्लीताल, नैना मंदिर, स्नो व्यू प्वाइंट, सूखाताल, राजभवन मार्ग आदि स्थानों पर हजारों वालंटियर्स सफाई कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करेंगे।


विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### बिजली कटौती को लेकर अवर अभियंता का किया घेराव

**रामनगर :** कानिया समेत आसपास के ग्रामीणों का पारा सातवें आसमान पर रहा। शनिवार को अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ ग्रामीण बिजली दफ्तर में अवर अभियन्ता का घेराव करने जा धमके। उन्होंने गांवों में नियमित बिजली आपूर्ति करने की मांग उठाई। ग्रामीण इलाकों में बार-बार अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ कई गांवों के लोग कानियां में एकत्र हुए और बिजली दफ्तर पहुंचे। किसान संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कहा कि सरकारी मशीनरी चुनाव प्रक्रिया में मस्त है और गांव में बिजली के लिए त्राहिमाम हैं। पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से पानी आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि बार-बार की कटौती से ग्रामीण इलाकों को मुक्त नहीं किया गया तो वह बड़ी संख्या में आकर बिजली विभाग का घेराव करेंगे। ज्ञापन देने वालों में सोबन सिंह, प्रमोद उप्रेती, भवान सिंह, अंशुल रावत, महेश चंद्र मठपाल, भास्कर करगेती, कन्नू ध्यानी, रमेश जोशी मौजूद रहे।


वरिष्ठ लिपिक धर्मानंद शर्मा को सम्मानित करते नगर पंचायत के पदाधिकारी।

### वरिष्ठ लिपिक की सेवानिवृत्ति पर बजाए ढोल-नगाड़े

**लालकुआं :** वरिष्ठ लिपिक धर्मानंद शर्मा की सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में नगर पंचायत लालकुआं के कर्मचारियों व नगर के गणमान्य लोगों ने भावभीनी विदाई दी। उन्हें ढोल-नगाड़ों के साथ घर तक विदा किया। समारोह में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह ने कहा कि धर्मानंद शर्मा ने नगर पंचायत लालकुआं के गठन के बाद से ही अपना अमूल्य योगदान दिया है। कार्यक्रम में नगर पंचायत के प्रधान लिपिक भुवन चंद्र जोशी, वरिष्ठ लिपिक कामेश भंडारी, गोपाल सिंह खत्री, मनोज बर्गली, सोनू भारती, दिनेश सिंह, दीपा डसीला, विजय कुमार, महेंद्र बिष्ट, ठाकुर सिंह, वैभवी भट्ट, श्रीपाल, महेंद्र कुमार, वरुण प्रकाश वाल्मीकि, कृष्णा चौधरी, कृतिका और मयंक शर्मा सहित पर्यावरण मित्र मौजूद थे।

### चिल्किया पावर हाउस में फॉल्ट, 10 घंटे रहा अंधेरा

**रामनगर :** चिल्किया पावर हाउस में शुक्रवार देर रात सीटी फुंकने से रामनगर के दर्जनों गांवों में अंधेरा छा गया। गुरुवार को भी बिजली घर की भूमिगत लाइन खराब होने से बिजली बाधित हुई थी। सीटी फुंकने से शुक्रवार रात 10 .30 बजे से शनिवार सुबह 8 .30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। पावर कॉरपोरेशन के अधिशासी अभियंता उमाकांत चतुर्वेदी ने बताया कि शुक्रवार की रात इनकमिंग पैनल की सीटी फुंकने से आपूर्ति बाधित हुई, इससे बिजलीघर से जुड़े चार फीडरों में सप्लाई बंद हो गई। करीब 10 घंटे की कटौती से इंनर्वटर जवाब दे गए। ग्रामीणों को रात अपने घरों की छतों पर गुजारनी पड़ी। अधिशासी अभियंता चतुर्वेदी ने बताया कि बिजली की मांग बहुत ज्यादा बढ़ने से पावरहाउस के दोनों ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं।



# बढ़ती गर्मी से तीन माह के भीतर फुंके 80 ट्रांसफार्मर

संवाददाता, रुद्रपुर

**हालात**

- ट्रांसफार्मर फुंकते ही की जा रही है वैकल्पिक व्यवस्था
- लोड कम नहीं हुआ तो और बढ़ सकती है समस्या

**अमृत विचार:** तराई में मार्च के बाद लगातार गर्मी में इजाफा हो रहा है। तापमान भी 41 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच रहा है। इसका असर यूपीसीएल के ट्रांसफार्मर पर भी पड़ रहा है। तीन माह के भीतर यूपीसीएल के 80 ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। इससे यूपीसीएल को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

रुद्रपुर डिवीजन के तहत रुद्रपुर प्रथम, द्वितीय और किच्छा का क्षेत्र आता है। इस डिवीजन में उपभोक्ताओं की संख्या दो लाख के करीब है। इसमें घरेलू, कॉमर्शियल और इंडस्ट्री के उपभोक्ता शामिल हैं। वहीं विगत तीन माह से गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों ने घरों में पंखों के साथ ही एसी और कूलर भी चलाने शुरू कर दिए हैं। इससे बिजली की खपत भी बढ़ गई है। वहीं लोड अधिक होने के कारण फाल्ट की समस्या भी पैदा हो गई है। यही कारण रहा कि पिछले तीन माह में करीब 80 ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं।

ग्रिड में लोड कम करने के लिए विगत दिवस यूपीसीएल के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से सहयोग करने की अपील की थी। इस संबंध में यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता शेखर चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि लगातार तापमान बढ़ने से उनके डिवीजन में करीब 80 ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी उपभोक्ता को परेशानी नहीं आने दी जा रही है। इसके लिए डिवीजन में एक ट्रॉली में हमेशा ट्रांसफार्मर तैयार है। ताकि आवश्यकता पड़ने पर ट्रांसफार्मर को आवश्यकता वाले क्षेत्र में पहुंचाया जा सके।

## छात्रा पर तेजाब फेंकने की धमकी देने का आरोप

**बाजपुर :** स्कूल आते-जाते छात्रा के साथ छेड़छाड़ व तेजाब डालकर चेहरा खराब करने की धमकी देने के आरोपित युवक के विरुद्ध पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत निवासरत छात्रा ने पुलिस को बताया कि ग्राम एनएनटोपा निवासी हरीश प्रसाद आए दिन उसे परेशान करता है। जब भी वह स्कूल जाने के लिए मेन रोड पर खड़ी होकर बस का इंतजार करती है तो आरोपी वहां आ जाता है और छेड़खानी करता है। साथ ही तेजाब फेंकने की धमकी देता है।

### खेतों में लगाई गई फसल गर्मी के ताप से मुरझाने लगी, बोरवेल का पानी भी सूखा, किसान अपने खेतों तक पानी नहीं पहुंचा पा रहे

# भीषण गर्मी से सूखे खेत, फसल को लेकर अन्नदाता चिंतित

**मौसम की मार**

मौहम्मद अर्शी, काशीपुर

**अमृत विचार :** तराई में पड़ रही भीषण गर्मी से किसान परेशान हो गए हैं। खेतों में लगाई गई फसल गर्मी के ताप से मुरझाने लगी है। अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण जलस्तर काफी गिर गया है। इससे नदी, तालाब भी सूखे के कगार पर पहुंच गए हैं। बोरवेल का पानी भी सूख चुका है। इस कारण किसान अपने खेतों तक पानी नहीं पहुंचा पा रहे हैं। इसके कारण खेतों में लगी फसलों पर पीला रंग नजर आने लगा है।

इस समय खरीफ की फसल के लिए किसान तपती दोपहरी में भी खेतों में जुटे हुए हैं। भीषण गर्मी और लू के चलते बागवानी फसलों को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा है। इससे हरी सब्जियों के उत्पादन में गिरावट आ गई है और इसके चलते सब्जियों की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। गर्मी से सबसे ज्यादा नुकसान करेला, बैंगन, ककड़ी, तोरई, लौकी, टमाटर, परवल, धनिया की पत्तियां को हो रहा है। किसानों को बढ़ती गर्मी की वजह से कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।



काशीपुर में सूखे से एक खेत में पड़ी दरारें। ● अमृत विचार



"किसानों को प्राकृतिक मार का भी सामना करना पड़ता है। पिछले काफी समय से बरसात न होने के कारण किसानों की सभी प्रकार की फसलें सूखे की मार झेल रहीं हैं जिस कारण किसानों को इस बार आय में बहुत ज्यादा घाटा होगा।
–अरुण कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष, किसान विकास क्लब उत्तराखंड



"जब तक बारिश नहीं होगी, तब तक स्थिति में सुधार नहीं होगा। 30 से 35 फीट के बोर का पानी सूख चुका है। इनसे अधिक गहराई वालों बोरों से पानी आ रहा है। लेकिन 15 दिन और बरसात नहीं हुई तो सिंचाई के लिए पानी मिलना मुश्किल हो जाएगा और खेत पूरे सूख जाएंगे।
–अनुराग शर्मा, किसान

## बोले किसान



"भीषण गर्मी से खेतों में खड़ी फसलें सूख रही हैं। ऐसे में किसानों को फसलों को सूखने से बचाने के लिए ट्यूबवेल के सहारे बार-बार सिंचाई करनी पड़ रही है। जिससे लागत बढ़ रही है और सब्जी के दामों में इजाफा हो रहा हैं।
–रोहित रावल, किसान



"गर्मी की वजह से हमारे खेतों में पौधे सूख रहे हैं। वहीं पानी का जलस्तर काफी गिर गया है। जिससे ट्यूबवेल भी पानी नहीं उठा रहे हैं। खेतों में सिंचाई के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
–अनूप सिंह, किसान



"जलस्तर गिरने का कारण एक ओर जहां बेमौसमी धान का माना जाता है। वहीं इसका कारण आसपास लगीं फैक्ट्रियां भी हैं। जहां हजारों फीट गहराई के बने बोर से पानी का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है। इसके लिए वहां छोटे स्तर पर एक प्लांट लगाना चाहिए और फैक्ट्री के वेस्टेज पानी को पीने योग्य व सिंचाई के लिए बनाना चाहिए। –रवि कुमार, किसान

# मुख्यमंत्री को बताई रुद्रपुर में बिजली और पानी की व्यवस्थाओं की स्थिति

### एफटीआई हल्द्वानी से वर्चुअल बैठक में डीएम से विद्युत, पेयजल व सड़कों की जानकारी ली

संवाददाता, रुद्रपुर

**23** घंटे हो रही रुद्रपुर में घरेलू विद्युत सप्लाई

**50** हैंडपंपों को ठीक कराया जा रहा, 550 हैं खराब

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एफटीआई हल्द्वानी से वर्चुअल बैठक के दौरान विद्युत, पेयजल व सड़कों की स्थिति की जानकारियां लीं। उन्होंने कहा कि जनता को सुचारू पेयजल और बिजली दें। साथ ही सड़कों को भी ठीक करें। उन्होंने कहा कि जो पेयजल, विद्युत संबंधी समस्याएं आ रही हैं उनका तत्काल निराकरण करें। जल जीवन मिशन योजनाओं में पाइप लाइन की मोटाई मानकों के अनुसार नहीं होने की शिकायत आ रही है। इसकी जांच करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए। साथ ही सरकारी कार्यालयों में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापना के भी निर्देश दिए।

शनिवार को वर्चुअल बैठक के दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि घरेलू विद्युत सप्लाई 23 घंटे हो रही है। पेयजल के लिए 11548 हैंडपम्प सुचारू हैं, जबकि 550 हैंडपंप खराब हैं जिनमें से 50 को ठीक कराया जा रहा है। 55 वाटर टैंकर निकायों के पास हैं जिनसे पानी की सप्लाई की जा रही है। साथ ही 843 वाटर कूलरों द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है व निकायों द्वारा प्याऊ भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत 333 योजनाएं में से 197 पूर्ण हो गई हैं और 50 योजनाएं इस माह के अंत तक पूर्ण कर ली जाएंगी। शेष सभी योजनाएं जुलाई में पूर्ण होंगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में बाढ़ सुरक्षा कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत नदी-नालों की डिसिल्टिंग व सफाई कार्य किया जा रहा है। जनपद में 15 सरकारी कार्यालयों में सोलर पैनलों की स्थापना के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी उमेश तिवारी, अपर जिला अधिकारी अशोक कुमार जोशी, उपजिलाधिकारी गौरव पांडे, अधीक्षण अभियंता विद्युत शेखर त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता जल निगम ज्योति पालनी आदि उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री धामी की वर्चुअल बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



सितारगंज में आयोजित उर्स में कव्वाली की प्रस्तुति देते कव्वाल। ● अमृत विचार

### हजरत दादा मियां के उर्स में उमड़े जायरीन

**सितारगंज :** नकुलिया से सटे थारुतिसौर शुक्लाफार्म में हजरत सैयद मेराज अली शाह रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स गुरुवार की शाम को आयोजित किया गया। मशहूर कव्वाल आरिफ खान, पंजाब के कव्वाल प्रकाश पार्टी ने कव्वाली पेश की। रात करीब तीन बजे तक जायरीन कलाम सुनते रहे। शुक्लाफॉर्म में प्राचीन गुरुद्वारा साहिब से भी उर्स में पहुचे लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था की गई थी। शुक्रवार की सुबह 10 :00 बजे कुल शरीफ के बाद उर्स का समापन हो गया। मजार के मुख्य सेवादार काले बाबा ने बताया कि उर्स में पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य क्षेत्रों से जायरीन काफी संख्या में चादरपोशी के लिए आए थे।



गायों को प्रसाद व हरा चारा खिलाते कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान।

### पंतनगर विवि में उल्लास से मनाया गया विश्व दुग्ध दिवस

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि विवि स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के शैक्षणिक डेयरी फार्म नगला में विश्व दुग्ध दिवस पर कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान की मौजूदगी में हवन-पूजन किया गया। इसके बाद कुलपति ने गायों को हरा चारा और प्रसाद खिलाया। इस दौरान डीएसडब्ल्यू डॉ. बृजेश सिंह, निदेशक बायोटेक संजय कुमार, पशु चिकित्सालय अधीक्षक संदीप कुमार तलवार व सुनील कुमार मौजूद थे।

### जल निगम व जल संस्थान की कार्यप्रणाली पर आपत्ति जताई

**शक्तिफार्म :** पेयजल योजना (पुर्नगठन) में पाइप लाइन बिछाने से संबंधित नगर पंचायत में हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जल निगम व जल संस्थान की कार्यप्रणाली पर आपत्ति दर्ज कराई। उपजिलाधिकारी सितारगंज के निर्वाचन संबंधी बैठक में मौजूद होने के कारण नगर पंचायत की बैठक में शामिल नही हो सके, जिससे बैठक में कोई निर्णय नहीं हुआ। उपजिलाअधिकारी की अध्यक्षता में बैठक दोबारा किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर पंचायत ईओ प्रतिभा कोहली, ईई पेयजल निगम खटीमा पीएन चौधरी, जेई पेयजल निगम अभिषेक सिंह, जेई रविंद्र सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, विपिन डालमिया, विक्की मंडल, देवाशीष पोद्दार, रवि मजूमदार, उपेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### बिना स्वास्थ्य परीक्षण कराए मांस बिक्री पर लगे रोक

**खटीमा :** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला ने कोतवाली प्रभारी को पत्र जारी कर नगर के कुछ क्षेत्र में बिना अनुमति और स्वास्थ्य परीक्षण कराए बिना भैंस के मांस की बिक्री की जा रही है। इन्हें कई बार नोटिस भी जारी किया गया है। उन्होंने बिना अनुमति एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराए भैंसा मांस बिक्री रुकवाने और आरोपियों पर कार्रवाई करने को कहा है।

### मच्छरदानी में सो रही महिला के साथ युवक ने की छेड़छाड़

**बाजपुर :** एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि 31 मई की देर रात वह अपने घर पर मच्छरदानी लगाकर सो रही थी। इसी बीच एक युवक घर में घुस गया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। इस पर उसने शोर मचा दिया। जिससे परिजनों के साथ ही आसपास के ग्रामीण जाग गए। उन्होंने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# अस्पताल गेट से हटवाया कूड़ा

**खबर का असर**

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** सरकारी अस्पताल गेट के मुख्य द्वार पर कूड़े का अंबार से संबंधित खबर छपने के बाद रुद्रपुर विकासखंड के अधिकारी हरकत में आ गए हैं। शनिवार को अधिकारियों की टीम ने क्षेत्र का दौरा कर अस्पताल प्रशासन को भविष्य में अस्पताल परिसर एवं उसके आसपास कूड़ा एकत्र न करने की सख्त हिदायत दी है।

बीते शुक्रवार को अस्पताल गेट में कूड़े का अंबार मामले में अमृत विचार समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। शनिवार को खबर का संज्ञान लेते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत धीरेंद्र कुमार पंत के नेतृत्व में पहुंची अधिकारियों की टीम ने पंचायतों में कूड़ा निस्तारण कार्यक्रम की समीक्षा की। टीम ने क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर लगे कूड़े के ढेर को साफ करवाया और अस्पताल प्रशासन को भविष्य में अस्पताल परिसर के बाहर व आसपास कूड़ा न फेंकने की सख्त हिदायत दी। खुले में कूड़ा फेंकने वाले नागरिकों से आर्थिक दंड वसूलने की बात कही। इस दौरान प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी गुरूप्रीत कौर, मंजू राणा, दीपा जोशी, पुष्पा कोरंगा, गीता कोरंगा मौजूद रहे।



अस्पताल गेट के पास जमा कूड़े को कूड़ा वाहन में भरवाते सहायक विकास अधिकारी।

# नानकमत्ता में डंपर की टक्कर से युवती की मौत, एक घायल



मंजीत कौर।



घायल सुनीता कौर।

**नानकमत्ता:** डंपर की टक्कर से एक युवती की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है जबकि घायल का उपचार कराया जा रहा है।

पचपेड़ा भट्टा निवासी सुरेन्द्र सिंह करनाल की पुत्री मंजीत कौर (26 वर्ष) और विडौरा मझोला निवासी बलबन्त सिंह की पुत्री सुनीता कौर (23 वर्ष) शनिवार सुबह खटीमा-सितारगंज रोड पर रोज के भांति दौड़ लगाने निकली थीं। इस दौरान एक डंपर खेमपुर चौराहे के पास दोनों को टक्कर मारता हुआ फरार हो गया। हादसे में मंजीत कौर की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि सुनीता कौर गंभीर रूप से घायल हो गई।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक घायल

**बाजपुर :** दो बाइकों की भिड़ंत में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। शनिवार की दोपहर 3 :00 बजे केलाखेड़ा वार्ड नंबर एक गांधीनगर निवासी शाकिर (55) पुत्र मोहम्मद हुसैन बाइक से पहाड़ी क्षेत्रों में कुर्सियां बेचने के लिए गया था। इसी बीच जब वह वापस अपने घर की ओर आ रहा था तो बन्नाखेड़ा रोड स्थित पॉलिप्लेक्स फैक्ट्री के अंदर से आ रहे बाइक सवार कर्मी से उसकी भिड़ंत हो गई। शाकिर बाइक से उछलकर सड़क पर काफी दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके सिर पर काफी चोटे आई हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### चाकू लेकर घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने एक नाजायज चाकू बरामद किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार रात सूर्या चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान हरियावाला प्राइमरी स्कूल के पास से अंकित को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से पुलिस को एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करने के दौरान लोगों को डराने की नीयत से चाकू रखने की बात कही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवक पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ का आरोप

**काशीपुर :** कुंडा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने उसकी किशोर पुत्री के साथ छेड़छाड़ किए जाने का आरोप एक युवक पर लगाया है। मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी तहरीर में एक व्यक्ति ने कहा कि कुंडा क्षेत्र के एक युवक का उसके घर आना-जाना था। गुरुवार को वह अपनी पत्नी को साथ लेकर शादी समारोह में गया था। उसकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी। इसी दौरान परिचित युवक घर में घुस आया। आरोपी ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की। घर लौटने पर घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने आरोपी युवक के परिजनों से शिकायत की तो उन्होंने अभद्रता करते हुए पीड़ित को धमकी दी। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### फरार वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

**काशीपुर :**आईटीआई थाना पुलिस ने पिछले लंबे समय फरार चल रहे वारंटी ग्राम दभौरा टांडा निवासी ब्रजेश को उसके घर से गिरफ्तार कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# सत्ता की हनक और पैसों के लालच में भाजयुमो नेता बन बैठा हैवान

## हत्याकांड की रात को हुआ था दोनों में विवाद, झगड़े के बाद ही बना ली थी हत्याकांड की योजना, छोटे बेटे को मकान बेचकर रुपये देना चाहता था पिता

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सत्ता की हनक व पैसों के लालच ने भाजयुमो नेता को हैवान बना दिया और बेटे ने सोते बुजुर्ग पिता पर चाकू से प्रहार कर जघन्य हत्याकांड को अंजाम दे डाला।


हत्यारोपी दीपक राठौर

शनिवार को हुए तोताराम हत्याकांड के बाद स्थानीय लोगों का कहना था कि पिछले कई सालों से पिता-पुत्र के बीच प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ माह पहले दीपक राठौर को भाजयुमो उत्तरी मंडल का उपाध्यक्ष बनाया गया था। मोर्चा में पद मिलते ही दीपक में सत्ता की हनक अक्सर देखने को मिलती थी। आरोप था कि अक्सर दीपक लोगों को प्रदेश में भाजपा की सरकार होने की धमकी देता रहता था। इसके अलावा बुजुर्ग पिता तोताराम द्वारा मकान को बेचकर छोटे बेटे को पैसा देने का ऐलान करने के बाद से ही दीपक रंजिश रखने लगा और जब पिता ने मकान की दीवार पर मकान बिकाऊ लिखा तभी से दोनों के बीच झगड़ा होना शुरू हो गया।

शुक्रवार की रात साढ़े 9 बजे पिता-पुत्र में झगड़ा हुआ था। लोगों का मानना है कि झगड़े के बाद ही हत्यारोपी दीपक राठौर ने रात को ही बुजुर्ग पिता की निर्मम हत्या किए जाने का मन बना लिया और सुबह चार बजे तड़के ही जघन्य हत्याकांड को अंजाम दे डाला।



घटनास्थल का मुआयना करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार


आजाद नगर के लोगों से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार


रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार



मकान पर लगी पदयुक्त नेम प्लेट।



मकान पर लिखा घर बिकाऊ का संदेश।

### नशे की लत ने राठौर परिवार को किया बर्बाद

**रुद्रपुर :** मृतक तोताराम राठौर नशे का लती रहा। वहीं उसका बड़ा बेटा दीपक राठौर भी नशे का लती हो गया। इसको लेकर मां ओमवती पांच साल पहले पारिवारिक कलह को देखते हुए घर छोड़ कर चली गई थी। खुद को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से तोताराम ने नशा मुक्ति केंद्र में अपना उपचार कराया था। पांच माह पहले उपचार कराने के बाद वह घर लौटा था, लेकिन सड़क हादसे में तोताराम का पैर टूट गया था। इसके बाद से पिता ने तो नशा त्याग दिया, लेकिन हत्यारे बेटे पर शराब और सत्ता का नशा चढ़ता रहा। यही कारण है कि राठौर परिवार को नशा और प्रॉपर्टी के लालच ने बर्बाद कर दिया।

### हत्यारोपी दीपक बेच चुका था टुकटुक और प्लॉट

**रुद्रपुर :** चश्मदीदों का कहना था कि तोताराम राठौर दस साल पहले थाना खजुरिया रामपुर स्थित अपने गांव की जमीन को बेच कर आजादनगर आकर बसे थे। उस वक्त उनके पास तीन टुकटुक और किच्छा में एक प्लॉट था। मगर जैसे ही दीपक नशे का लती हुआ। वैसे ही उसने किच्छा का प्लॉट और पिता के तीनों टुक-टुक को बेचकर पैसों को अय्याशी में उड़ा दिया। यही बात खफा बुजुर्ग पिता तोताराम व दीपक के बीच विवाद का कारण बनी। पिता अपने सीधे-साधे छोटे बेटे सुमित राठौर को मकान बेचकर सहयोग करने की सोच रहा था।

### कथित प्रेमी की बहन से की थी दीपक ने शादी

**रुद्रपुर :** आजाद नगर स्थित जिस घर में तोताराम अपने परिवार के साथ रहता था। उसी मकान में उसकी इकलौती बेटी ने भी आत्महत्या की थी। इसमें एक युवक का नाम सामने आया था। लोगों का कहना था कि जिस बहन की मौत पर कथित युवक का नाम सामने आया था। उसी आरोपी युवक की बहन से हत्यारोपी दीपक ने शादी की है। इस शादी के खिलाफ पिता व पूरा परिवार भी था। लेकिन हत्यारोपी ने किसी की नहीं सुनी और चार साल पहले शादी के बाद उसी घर में आकर रहने लगा।

### खौफनाक था हत्याकांड स्थल का मंजर

**रुद्रपुर :** आजाद नगर स्थित जिस कमरे में बुजुर्ग पिता की बेटे ने निर्मम हत्या की थी। इसका मंजर वास्तव में खौफनाक था। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि जिस वक्त हत्यारोपी बेटे दीपक ने पिता तोताराम पर पहला चाकू से प्रहार किया होगा। उस वक्त पिता की आंख खुल गई होगी और उठकर भागने की कोशिश में बुजुर्ग नीचे गिर गया होगा। इसके बाद बेटे ने पिता के पेट में कई प्रहार कर पेट फाड़ दिया। यही कारण है कि जमीन पर खून की नदी जैसी बह रही थी। इसके अलावा बिस्तर पर खून के कोई धब्बे नहीं थे। यहां तक की मृतक ने खुद को बचाने का काफी प्रयास भी किया होगा। कारण जमीन पर हाथनुमा खून के निशान पाए गए।

### फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से एकत्र किए साक्ष्य

**रुद्रपुर :** आजाद नगर में बुजुर्ग की हत्या किए जाने की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक यूनिट के जिला प्रभारी सत्य प्रकाश रायपा, नरेश गिरी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और मौके से खून के धब्बे व हत्यारे के हाथ के निशान को एकत्रित किया। इसके अलावा कमरे में मिले खून के सैंपल को सुरक्षित किया। इस दौरान पुलिस टीम के साथ फॉरेंसिक कर्मियों ने पूरे घटनास्थल का मौका मुआयना किया और बारीकी से जांच की। इस पर टीम को कई अहम साक्ष्य भी मिलने की बात सामने आई है।


घटनास्थल पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

### दीपक के टशन से आजिज थे लोग

**रुद्रपुर :** हत्याकांड के बारे में जब लोगों से जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि जब से हत्यारोपी दीपक राठौर को भाजयुमो उत्तरी मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया। तभी से दीपक का आतंक इलाके में बढ़ने लगा था। स्थानीय लोगों का कहना था कि पद मिलते ही सबसे पहले आरोपी ने घर के बाहर विधायक के सौजन्य से वितरित की गई, पदयुक्त नेम प्लेट लगा रखी थी और आए दिन छोटी-छोटी बातों पर पड़ोसियों से झगड़ा करता रहता था। धमकी देता था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है, वह किसी को भी जेल भेज सकता है। आए दिन भाजयुमो नेता की टशन से लोग भी परेशान हो चुके थे।

### हत्यारोपी दीपक को किया भाजपा से निष्कासित

**रुद्रपुर :** पिता की जघन्य हत्या के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष के आदेश पर उत्तरी मंडल अध्यक्ष ने हत्यारोपी को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बताया कि जैसे ही हत्याकांड की जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल को हुई तो भाजपा उत्तरी मंडल के अध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता ने आरोपी को पार्टी व मंडल उपाध्यक्ष पद से निष्कासित कर दिया है। जिसका पत्र खुद उत्तरी मंडल अध्यक्ष ने जारी किया है।

# अज्ञात कारणों से दुकान में लगी आग


गदरपुर में गुप्ता ट्रेडर्स में आग लगने के बाद दुकान से सामान निकालते स्थानीय लोग।

संवाददाता, गदरपुर

**अग्निकांड**

▸▸ **दुकान में आग से हजारों रुपये का सामान जला**

**अमृत विचार:** दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

नगर के वार्ड नंबर 10 पुनियां गली में गुप्ता ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। शनिवार को बाजार बंद होने की वजह से दुकान बंद थी। करीब 11:30 बजे लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देखा तो उन्होंने इसकी सूचना दुकान स्वामी अभिषेक गुप्ता को दी। दुकान स्वामी के आने से पहले लोगों ने दुकान का ताला तोड़ कर शटर उठाकर देखा तो आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और गदरपुर पुलिस को दी। ब्रिगेड के आने से पहले लोगों ने आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक काफी सामान जल चुका था। दुकान स्वामी अभिषेक गुप्ता का कहना था कि उसको करीब 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।


हल्दी में झोपड़ी में लगी आग बुझाती अग्निशमन दल की टीम। ● अमृत विचार

### आग लगने से बायोटेक कर्मी की झोपड़ी स्वाहा

**पंतनगर :** जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) में चालक के पद पर कार्यरत सुनील कुमार हल्दी में झोपड़ी बनाकर अपने भाई के साथ रहता है। शनिवार की सुबह सात बजे वह और उसका भाई किसी काम से झोपड़ी में ताला लगाकर बाहर चले गए। लगभग आधा घंटे बाद उसके पास पड़ोसी का फोन आया कि उनकी झोपड़ी में आग लगी है। आधा घंटे बाद पहुंचे दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया। तब तक झोपड़ी का सारा सामान जल चुका था। सुनील ने बताया कि उसे लगभग डेढ़-पौने दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## जंगल क्षेत्र से युवक का शव बरामद

**खटीमा:** खटीमा फाइबर्स कारखाने के पीछे जंगल क्षेत्र से एक युवक का शव बरामद हुआ है।


कुणाल।

शनिवार सुबह खटीमा फाइबर्स के पीछे खटीमा रेंज के उत्तरी बनबसा कंपार्टमेंट नंबर तीन में एक युवक के शव पड़े होने की सूचना दी गई। उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले लिया। युवक की शिनाख्त बंगाली कॉलोनी निवासी कुणाल (30) पुत्र मृत्युंजय के रूप में हुई। एसआई शर्मा ने बताया कि कुणाल बंगलुरू में काम करता था और दो-तीन दिन पहले आया था। यह भी बताया कि वह इधर उधर हो घूम रहा था और घर भी नहीं गया था।

# नाले में मिला युवक का शव

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रंपुरा चौकी इलाके की खेड़ा बस्ती के रहने वाले एक युवक का नाले में शव मिला है। युवक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं भाई ने हत्या कर शव फेंकने का संदेह जताया है। पुलिस ने प्रकरण की तफ्तीश शुरू कर दी है।


गौतम पाल।

25 वर्षीय गौतम पाल खेड़ा बस्ती वार्ड-18 में परिवार के साथ रहता था और करतारपुर मार्ग स्थित हार्डवेयर की दुकान पर काम करता था। शुक्रवार को छुट्टी होने के कारण वह अपने भाई गोविंद पाल से अभी आने की बात कहकर घर से निकला था। शाम साढ़े छह बजे पुलिस को सूचना मिली कि किच्छा बाईपास मार्ग स्थित एफसीआई गोदाम के सामने नाले में एक युवक का शव पड़ा हुआ है।

सूचना मिलते ही कोतवाल धीरेंद्र कुमार और रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी घटनास्थल पहुंचे तो युवक की शिनाख्त गौतम पाल के नाम से हुई। मृतक के शरीर व सिर पर चोट के निशान पाए गए। मृतक के भाई गोविंद पाल ने संदेह जताया कि उसके भाई की हत्या कर शव को नाले में फेंक दिया गया होगा। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। जल्द ही मौत प्रकरण का खुलासा किया जाएगा।

### ग्राम फिरोजपुर में मिला जसपुर के व्यक्ति का शव

**काशीपुर :** ग्राम फिरोजपुर के खेत में जसपुर निवासी एक व्यक्ति का शव मिला है। बताया जा रहा है कि मृतक शुक्रवार रात से घर से गायब था। शनिवार को पुलिस को डायल 112 पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव फिरोजपुर गांव में चंद्रसेन के खेत में पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली, तो उसके जेब से आधार कार्ड, पेन कार्ड व मोबाइल फोन मिला। आधार कार्ड के अनुसार मृतक की शिनाख्त रविंद्र कुमार विश्नोई निवासी मोहल्ला भूप सिंह, वार्ड नंबर 8, जसपुर के रूप में हुई। बरामद मोबाइल से पुलिस ने मृतक के भाई मनोज विश्नोई को फोन कर उसके नंबर पर शव का फोटो भेजा। मनोज ने भी शव की शिनाख्त अपने भाई रविंद्र के रूप में की। बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदी था। मौत अत्यधिक शराब के सेवन या हार्टअटैक से होना प्रतीत हो रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक शुक्रवार रात से घर से गायब था। उसकी शादी नहीं हुई थी। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चल सकेगा।

### आग से हजारों का भूसा राख

**किच्छा :** ग्राम कुरैय्या निवासी गुरमीत सिंह ने भूसा रखने के लिए बनाए गए तंबू में अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते देखते ही देखते आग निकट स्थित तीन तंबू में फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर किच्छा दमकल प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में टीम ने आग बुझाने के प्रयास किए। इस दौरान दमकल वाहन में पानी खत्म होने के बाद नजदीक स्थित पेपर मिल से वाहन में पानी भरा गया। सूचना के बाद रुद्रपुर से दमकल वाहन लेकर फायर कर्मी मेघा आर्य, प्रियंका आर्य, अंकिता पंत की टीम भी मौके पर पहुंच गई। दोनों टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना में हजारों रुपये कीमत का भूसा जलकर राख हो गया।

# बाइक लूट में विफल हुए तो युवक को मार दी गोली

संवाददाता, रुद्रपुर

**वारदात**

▸▸ **घायल को निजी अस्पताल में कराया भर्ती**

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि बाइक लूट की वारदात में जब सफल नहीं हुए तो उन्होंने बाइक सवार युवक पर गोली चला दी। घायल अवस्था में युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। तहरीर आने के बाद पुलिस ने घटना की तफ्तीश शुरू कर दी।

ग्राम मेघना वाला कदीम शहजादनगर रामपुर यूपी निवासी हरपाल सिंह ने बताया कि उसका बेटा जितेंद्र कुमार सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है। 31 मई की रात साढ़े 11 बजे वह अपने साथी पुष्पेंद्र यादव के साथ ट्रांसपोर्ट से घर लौट रहा था कि थाना ट्रांजिट कैंप इलाके हनुमान धाम स्थित ढाल के समीप चार से पांच बदमाशों ने घेर लिया और बाइक को लूटने की कोशिश की। जब विरोध किया तो बदमाशों में से एक ने तमंचा निकालकर जितेंद्र पर फायर झोंक दिया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घायल के पिता हरपाल ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर, थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि गोलीकांड की वास्तविकता को जानने का प्रयास किया जा रहा है।

SURAJMAL AGARWAL GIRLS PG COLLEGE
Established in Year-2008 by Surajmal Laxmidevi Sawarthia Educational Trust (Affiliated to Kumaun University, Nainital & UTU, Dehradun)

ADMISSION OPEN (2024-25)

DEPARTMENT OF BASIS SCIENCE : • B.Sc. (Bio-Technology) • M.Sc. (Bio-Technology) • M.Sc. (Micro-Biology) • B.Sc. (PCM) • B.Sc. (ZBC) • B.Sc. (PSM) • M.Sc. (Physics) • M.Sc. (Botany) • M.Sc. (Zology) • M.Sc. (Chemistry) • M.Sc. (Mathematics)
DEPARTMENT OF FOOD TECHNOLOGY : • B.Sc. (Food technology) • M.Sc. (Food Technology)
DEPARTMENT OF HOME SCIENCE : • B.Sc. (Home Science) • M.Sc. (Home Science in Food Nutrition) • M.Sc. (Home Science in Textile & Apparel Designing)
DEPARTMENT OF LIBRARY SCIENCE : • B.Lib • M.Lib
DEPARTMENT OF CS & IT : • BCA • B.Sc. (IT) • M.Sc. (IT)
DEPARTMENT OF MANAGEMENT : • BBA • MBA
DEPARTMENT OF COMMERCE : • B.Com (Hons.) • M.Com.
DEPARTMENT OF EDUCATION : B.Ed.

NO. 1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND

ADVANTAGE OF SAPKM
• 100% Placement assistant
• Job oriented academic programs
• Secure Campus for girls
• Student Counselling Services
• Reasonable Fee Structure
• Modern academic Infrastructure
• Smart Classes with Wifi
• Hostel facility including air cooler
• Bus facility from nearby places
• Scholorship schemes by Govt.
• Bank loan support
• Health Centre and medical facility
• Internships & training programs
• Sports & Co-Curricular Activities.

SURAJMAL AGARWAL GIRLS COLLEGE OF NURSING
(Approved by Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to HNB Uttarakhand Medical Education University, Dehradun)
ADMISSION OPEN IN NURSING
PROGRAMMES- SESSION (2024-25)
• M.Sc. (Nursing) • B.Sc. (Nursing)
• Post Basis B.Sc. (Nursing) • GNM

SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF PARAMEDICAL AND HEALTH SCIENCES
(Approved by Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to HNB Uttarakhand Medical Education University, Dehradun)
ADMISSION OPEN IN PARAMEDICAL
PROGRAMMES- SESSION (2024-25)
• BMLT • BMRIT
• B.Sc. (Optometry)

ADMISSION OPEN
BAMS (2024-25)
NEET PASS STUDENTS
Surajmal Medical College of Ayurved & Hospital
Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery (BAMS)
M. 9412920331, 9837242760

Kishanpur, Kichha, Distt. Udham Singh Nagar, Uttarakhand, Pin-263148 E-mail : sapkm.edu@gmail.com, Website : www.sapkam.org
FOR ADMISSION PLEASE CALL US :
9412920331, 9837242760, 8192801031, 7902103001, 7902103002

## एक नजर

### दो बाइकों की भिड़ंत में चार युवक घायल

**बाजपुर :** देर रात्रि दो बाइकों की भिड़ंत में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। शनिवार की देर रात्रि लगभग नौ बजे सीता कॉलोनी निवासी आकाश (21) पुत्र महेंद्र सिंह और उसका साथी चंदन (20) पुत्र जगदीश बाइक पर सवार होकर लुधपुरा रोड स्थित एक राइस मिल से काम करके अपने घर की ओर लौट रहे थे। इस दौरान मुरादबाद निवासी विकास (27) पुत्र हुकुम और उसका साथी बहराइच लखनऊ निवासी रमेश (35) पुत्र मिश्री लाल घर से बाइक पर सवार होकर बन्नाखेड़ा स्थित ओमकार स्टोन क्रेशर पर काम करने के लिए आ रहे थे। इसी बीच बन्नाखेड़ा स्थित एलएससी स्टोन क्रशर के समीप दोनों की बाइकों में भिड़ंत हो गई। इसमें दोनों बाइकों पर सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

मंदिर कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तैयारी में जुटे, मेले में दूर-दूर से पहुंच रहे साधु-संत, यूपी से भी पहुंचेंगे श्रद्धालु

# ऐतिहासिक तीरथ मंदिर में वार्षिक मेला आज

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** ऐतिहासिक तीरथ मंदिर में रविवार 2 जून को लगने वाले वार्षिक मेले के लिए व्यापक तैयारी कर ली गई है।

जसपुर से करीब 15 किलोमीटर दूर दुर्गम स्थान भोगपुर डाम क्षेत्र के गांव तीरथ नगर स्थित महाभारत काल के ऐतिहासिक प्राचीन शिव मंदिर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 जून को वार्षिक मेले व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को मंदिर कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तैयारी में जुटे रहे। मेले में दूर-दूर से साधु-संत पहुंच रहे हैं। तीरथ मंदिर के महंत जयानंद महाराज ने



जसपुर क्षेत्र के ऐतिहासिक प्राचीन तीरथ मंदिर को जाने वाला जंगल का रास्ता।

कहा कि मेले में प्रतिवर्ष उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से हजारों श्रद्धालु आते हैं। इस बार श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है। तीरथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष तीरथ सिंह ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मंदिर के पास बने सरोवर में सावधानी पूर्वक स्नान करें।

**उबड़-खाबड़ रास्ते से होकर पहुंचना पड़ता है मंदिरः** ऐतिहासिक मंदिर में जाने के लिए पास के गांव पतरामपुर तक सड़क का रास्ता है। उसके बाद मंदिर तक जाने के लिए श्रद्धालुओं को उबड़-खाबड़ रास्ते होकर जाना पड़ता है। यहां तक कि श्रद्धालुओं को कुछ रास्ता जंगल का भी तय करना पड़ता है। आस्था के कारण यह दुर्लभ राह भी आसान हो जाती है।



प्रेम सिंह सहोता।



मुख्य महंत जयानंद महाराज।



तीरथ सिंह।

### मंदिर को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करे सरकार

**जसपुर :** क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी प्रेम सिंह सहोता ने मांग की है कि ऐतिहासिक तीरथ मंदिर को सरकार पर्यटक व तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करे। क्योंकि इसका इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ है। इससे मंदिर का जीर्णोद्धार हो सकेगा व मंदिर तक जाने वाले रास्ते भी ठीक हो सकेंगे।

# मतगणना के लिए पुलिस-प्रशासन ने कसी कमर, तैयारियां अंतिम चरण में

## डीएम ने बैरिकेडिंग, बिजली, इंटरनेट की व्यवस्था करने के नोडल अधिकारी को दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की मतगणना में दो दिन शेष बचे हैं। इसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी अधिकारियों के साथ बगवाड़ा मंडी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बैरिकेडिंग, टेंट, पेयजल, खानपान, विद्युत, इंटरनेट, पार्किंग एवं सफाई आदि सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश नोडल अधिकारियों को दिए।

शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्ष में मोबाइल पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसलिए मतगणना एजेंट व कार्मिक अपना मोबाइल घर पर ही रखकर आएं या प्रवेश करने से पहले जमा कराना होगा। प्रथम एंट्री के पास मोबाइल जमा काउंटर बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र में केवल तैनात किए गए एजेंट व कार्मिक ही प्रवेश करेंगे। दोनों की एंट्री अलग-अलग मार्ग से कराने के लिए बैरिकेडिंग बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना सीसीटीवी व वीडियोग्राफी की निगरानी में होगी।

उन्होंने बताया कि 4 जून को प्रातः 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी व एजेंट सुबह 6 बजे अनिवार्य रूप से मतगणना स्थल पर पहुंचें। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतगणना की थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई हैं। साथ ही परिसर व बाहर भी पर्याप्त सुरक्षा बल लगाया गया है।



मतगणना स्थल पर अधिकारियों को निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, साथ में एसएसपी मंजूनाथ टीसी।

### ये लोग रहे मौजूद

सीडीओ मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, जिला उप निर्वाचन अधिकारी अशोक जोशी, एसपी सिटी मनोज कत्याल, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, विवेक राय, सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा, एआरओ मनीष बिष्ट, नोडल खानपान श्याम आर्य, नोडल विद्युत विजय सकारिया, लॉजिस्टिक भूपेंद्र सिंह रावत, एआरटीओ निखिल शर्मा, डीईएसटीओ नफील जमील, डीआईओ एनआइसी लक्ष्मी चौहान समेत सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### रुद्रपुर पहुंचे मतगणना प्रेक्षक

**रुद्रपुर :** लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को निष्पक्ष, पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना प्रेक्षक के रूप में झारखंड राज्य सेवा कैडर के राजेश प्रजापति को तैनात किया है। प्रेक्षक ने जनपद मुख्यालय पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह से औपचारिक भेंट कर जानकारियां लीं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी ने बताया कि जनपद ऊधमसिंह नगर में निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात मतगणना प्रेक्षक राजेश प्रजापति विधानसभा रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता, खटीमा के मतगणना प्रेक्षक होंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार भी उपस्थित थे।

# चार बैटरियों के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**कार्रवाई**

- कोतवाली पुलिस ने किया बैटरी चोर गिरोह का पर्दाफाश
- पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में किया पेश

**अमृत विचारः** कोतवाली पुलिस ने ई-रिक्शा से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की बैटरियां भी बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कोतवाली इलाके में खड़े ई-रिक्शा से बैटरी चोरी की वारदात हो रही थी। इसके खुलासे के लिए कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम को लगाया गया था। शुक्रवार को सूचना मिली कि एक युवक करतारपुर मोड़ के समीप संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर ग्राम आनंदीपुर देवरनिया बरेली निवासी आकाश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि विगत दिनों बगवाड़ा मंडी में खड़े ई-रिक्शा संख्या यूके-06ईआर-0145 को चुराकर चार बैटरियां चुराई थी और ई-रिक्शा वहीं छोड़ दिया था। चुराई गई बैटरियों को गिरोह की मदद से यूपी ले जाकर बेच दी जाती हैं। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चुराई गई चार बैटरियां व एक प्लास, लोहे का कटर व एक ई-रिक्शा बरामद कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।



बैटरी चोरी के आरोपी के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



खटीमा में पौधरोपण करते भाजपा कार्यकर्ता और अन्य। ● अमृत विचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण

**खटीमा :** भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी और नगर महामंत्री मनोज वाधवा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने मेलाघाट रोड पर बंगाली कॉलोनी स्थित शीतला माता मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जोशी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति को देखते हुए विश्व भर में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जाना चाहिए ताकि मौसम में आने वाले बदलावों को रोका जा सके। इस अवसर पर जिला महामंत्री सतीश गोयल, राहुल सक्सेना, करण यादव, विवेक गुप्ता, हरीश चुफाल, दीपक सामंत, मनोज चुफाल, कौशल कश्यप, दीपक सोनकर, अखिल विश्वास आदि मौजूद थे।



जसपुर में हुए कार्यक्रम में जानकारी देते रेफरी डेवलपमेंट इंस्ट्रक्टर नजीर अहमद।

### ब्राइट स्टार्ट एकेडमी में रेफरी डेवलपमेंट कार्यक्रम

**जसपुर :** उत्तराखंड स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी, जसपुर में कैटेगरी 7 और 8 रेफरी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन 3 जून किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य के विभिन्न जिलों से अलग-अलग रेफरी प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम के लिए ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन रेफरी डेवलपमेंट इंस्ट्रक्टर नजीर अहमद को यहां भेजा गया है। इस अवसर पर ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी के प्रबंधक सुमित कंबोज, चेयरमैन अमित कंबोज, मधु शर्मा, उत्तराखंड स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव अख्तर अली आदि मौजूद रहे।



जसपुर में राहगीरों को शरबत बांटते सामाजिक कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत पिलाया

**जसपुर :** भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत पिलाया गया। जसपुर के वार्ड नंबर 12 के सभासद पद के दावेदार कांग्रेस के युवा नेता शाकिब चौधरी व उनके सहयोगियों ने अपने वार्ड में राहगीरों को शरबत पिलाया। इस मौके पर शाकिब चौधरी, मेहराज हुसैन, साहिल, आकिब, सलमान, फ़ाज़िल, शाहरुख वआदिल आदि मौजूद रहे।

# आईटीबीपी जवान के घर में चोरी, लाखों के जेवरात पार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** भूरारानी स्थित एक कॉलोनी में आईटीबीपी जवान के घर चोरों ने धावा बोलकर लाखों के जेवरात उड़ा दिए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया।

नवीन कुमार धोलिया 37वीं वाहिनी आईटीबीपी में हवलदार हैं और वर्तमान में लेह लद्दाख में तैनाती है। जबकि उनका परिवार भूरारानी स्थित डिवाइन पार्क कॉलोनी में रहता है। फौजी के भाई पुष्कर राम धौलिया ने बताया कि 30 मई की देर रात चोरों ने भाई के घर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी का लॉक तोड़कर अंदर रखे एक सोने का कुंडल, चार घड़े तांबे के और दो हजार की नगदी सहित अन्य सामान चुरा लिया। बताया कि डेढ़ लाख के करीब चोरी हुई है। सूचना मिलने पर आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी पंकज मेहर ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है।



# म्यांमार में फंसे युवकों को लाने की मांग

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** कुटरा निवासी युवक ने मुख्यमंत्री सहित निवर्तमान सांसद अजय भट्ट से नौकरी के झांसे में गलत लोगों के हाथों म्यांमार में फंसे उसके भाई सहित छह लोगों को भारत लाने की गुहार लगाई है। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा।

भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. नवीन भट्ट के नेतृत्व में कुटरा निवासी राहुल बोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बिष्ट को सौंपा। राहुल बोरा ने ज्ञापन में कहा कि उसके छोटे भाई रोहित बोरा के नाम से पासपोर्ट जारी है। जो रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। बैंकॉक में कार्यरत खटीमा के एक युवक ने उसे नौकरी दिलाने के नाम पर टूरिस्ट वीजा लगवाने की बात की। यह भी बताया है कि 28 अप्रैल को रोहित दिल्ली चला गया। जहां से वह उस युवक के साथ 25 मई को बैंकॉक चला गया। बैंकाक पहुंचने पर युवक ने कहा कि एक कार आएगी उसमें चले आना। कार में कुछ युवक उसे म्यांमार ले गए। राहुल ने बताया कि उसके भाई के साथ ही आधा दर्जन और युवक भी वहां फंसे हुए हैं। इनसे यह लोग अनाधिकृत कार्य करना चाहते हैं। मना करने पर उनके साथ मारपीट की जाती है और 17-17 घंटे काम लिया जा रहा है। राहुल ने अपने भाई सहित म्यांमार में फंसे हुए सभी लोगों को वहां से निकालने की गुहार लगाई है।



खटीमा में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपता पीड़ित पक्ष। ● अमृत विचार

### राधेहरि में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर किया मंथन

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें प्रवेश से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही समर्थ ई-पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों के प्रवेश मेरिट के आधार पर करने की बात कही गई। प्रवेश प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे चलेगी। बैठक में प्रभारी प्राचार्य डॉ. महिपाल सिंह ने सभी प्रवेश समितियों को प्रवेश से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रवेश के लिए अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना होगा। कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी में छात्र और छात्राओं के प्रवेश के लिए कुल पांच अलग-अलग समितियां गठित की गई है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र की मूल प्रति, विभिन्न अभिलेखों के साथ छात्र-छात्राओं को आने के लिए कहा गया हैं। बैठक के दौरान प्रो. मृत्युंजय कुमार सिन्हा, परीक्षा प्रभारी डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा, डॉ. पुनीता कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



खटीमा के ग्राम भूड़ में ग्रामीणों को कानूनी जानकारी देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### विधिक शिविर में ग्रामीणों को दी कानूनी जानकारी

**खटीमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के निर्देश पर ग्राम भूड़ में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता इलियास सिद्दीकी ने व्हीकल एक्ट एवं लोक अदालत की जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता बृजेश शर्मा ने साइबर क्राइम और पैनल अधिवक्ता एवं पीएलवी के कार्यों के बारे में बताया। अधिवक्ता स्नेह प्रभा, पीएलवी विमल कुमार, लाल सिंह, गीता शर्मा, मीरा देवी, प्रीती राणा आदि मौजूद थे।

### नोजगे के चार कैडेट्स इंटर बटालियन शूटिंग के लिए चयनित



पायल चुफाल



अर्णव सक्सेना



रिया ऐरी



आयुष रस्तोगी

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी मैम) के चार एनसीसी कैडेट्स का इंटर बटालियन शूटिंग प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। 78 बटालियन हल्द्वानी एनसीसी की ओर से पंतनगर में आयोजित ट्रायल्स में एनसीसी कैडेट्स पायल चुफाल, रिया ऐरी, अर्णव सक्सेना, आयुष रस्तोगी ने प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चारों एनसीसी कैडेट्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन इंटर बटालियन शूटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित चारों एनसीसी कैडेट 13 से 22 जून तक रुड़की में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रबंध निदेशिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी, नवीन चंद ने बधाई दी है।



खटीमा में तहसीलदार हिमांशु जोशी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### जंगल से लगे गांवों को तेंदुए के आतंक से बचाने की गुहार

**खटीमा :** नौगवांनाथ के ग्रामीणों ने जंगल से लगी ग्राम सभाओं में तेंदुए के आतंक से निजात दिलाने की मांग की। उन्होंने इस संबंध में तहसीलदार हिमांशु जोशी को ज्ञापन सौंपा। नौगवांनाथ के ग्राम प्रधान मदन सिंह राणा के नेतृत्व में नौगवांनाथ, छिनकी, अलाविर्दी के ग्रामीण ने तहसील में पहुंचकर हंगामा काटा। उन्होंने तहसीलदार जोशी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जंगल से लगे गांवों में आए दिन तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने तेंदुए के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में ग्राम प्रधान आलाविर्दी मंजू देवी, वीरेंद्र रावत, उमेश चंद, कमलेश चंद, नरेश चंद, विनोद चंद, विपिन राणा, शिवा सिंह राणा, दीपा देवी, कल्पना देवी, कमला देवी, मीना देवी, प्रियांशी सामंत, गुरमेल सिंह, रीता चंद, सोनाक्षी चंद आदि के हस्ताक्षर हैं।

### एसबीएस में कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**रुद्रपुरः** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर के कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय और बीबीए के स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया एक जून से प्रारंभ हो गयी है। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने दी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की समर्थ टीम ने आज समर्थ पोर्टल पर प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की विभिन्न संकायों में स्वीकृत सीटों के सापेक्ष वरीयता सूची तैयार की। जिसके तहत वरीयता सूची को महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 3 जून से प्रवेश प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# पानी की समस्या हल करने की मांग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** गर्मी में बढ़ती पानी की समस्या को लेकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर आयुक्त के नाम एक ज्ञापन सहायक नगर आयुक्त को सौंपा। उन्होंने पानी की समस्या का समाधान करने की मांग की।

शनिवार को भारतीय युवा कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष राहुल रमनदीप काम्बोज व महानगर महासचिव अनित मारकंडे के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर आयुक्त को संबोधित एक ज्ञापन सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण नलकूपों में जलस्तर गिर गया है। जिसे देखते हुए नलकूपों की मरम्मत व जिन क्षेत्रों में नलकूप नहीं हैं, वहां पर पानी की समस्या को देखते हुए पानी के टैंकर भेजने की मांग की। इस पर एमएनए विवेक राय ने जल प्रभावित क्षेत्रों में पानी के टैंकर भेजने व खराब नलकूपों को ठीक करने का आदेश पारित किये। इस मौके पर जिला अध्यक्ष लवदीप सिंह, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक कौशिक, शहजाद अंसारी, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष साहिल रजा, सैफ आलम, राशिद आदि मौजूद रहे।



पानी को लेकर सहायक नगर आयुक्त को ज्ञापन देते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता।

### शांतिपुरी में 101 वर्षीय खिमुली देवी का निधन

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर दो ढांकानी निवासी 101 वर्षीय खिमुली देवी पत्नी पूर्व सैनिक हर्ष सिंह का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय गौला नदी घाट पर किया गया। जहां उनकी चिता को उनके पुत्र चंचल सिंह कोरंगा ने मुखाग्नि दी। वह अपने पीछे छह बहू बेटियों एवं 20 पोते-पोतियों को छोड़ गई हैं।



खिमुली देवी।

### बार एसोसिएशन के सदस्य को मातृशोक

**काशीपुर :** बार एसोसिएशन के सदस्य भूपेंद्र चौहान व राजेंद्र चौहान की माता का आकस्मिक निधन हो गया। इस पर बार एसोसिएशन ने दुख व्यक्त करते हुए शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उपसचिव सूरज कुमार कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई, अविनाश कुमार, सुंदर सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह मौजूद रहे।

## एक नजर

### गुमशुदा युवती बरामद कर परिजनों को सौंपी

**अल्मोड़ा :** सोमेश्वर पुलिस ने एक गुमशुदा युवती को बरामद कर सुरक्षित उसके परिजनों को सौंपा है। सोमेश्वर के थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह ने बताया कि 22 मई को थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण द्वारा अपनी पुत्री के बिना बताए घर से जाने से संबंध में थाने में तहरीर दी थी। जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए सोमेश्वर पुलिस की टीम ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। बताया कि टीम ने सुरागरसी कर महिला को मनान से सुरक्षित बरामद कर लिया है और उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### श्रमिकों के राशन कार्ड बनाए जाएंगे

**टनकपुर :** चम्पावत जिले में ई-श्रम विभाग के पोर्टल पर जिन श्रमिकों के राशन कार्ड नहीं बने हैं, ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिला पूर्ति कार्यालय चम्पावत या निकटवर्ती तहसील, आपूर्ति कार्यालय, ब्लॉक से संपर्क कर 10 जून से पूर्व राशन कार्ड बनवा लें। जिला पूर्ति अधिकारी रवि सनवाल ने बताया कि श्रमिक परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड की छाया प्रति, मुखिया की फोटो, बैंक अकाउंट, मोबाइल नंबर, ई-श्रम कार्ड की छाया प्रति के साथ जिला पूर्ति कार्यालय में संपर्क करें।

# जोश के साथ 989 अग्निवीरों ने लिया देश सेवा का संकल्प

## अग्निवीरों की मेहनत और जज्बे से बढ़ेगी सेना की ताकत, पहले बैच की पासिंग आउट परेड में परिजनों ने भी लिया भाग

ऐतिहासिक पल

संवाददाता, रानीखेत/ अल्मोड़ा



रानीखेत में पासिंग आउट परेड के दौरान उत्कृष्ट रिक्रूटों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार



रानीखेत में पासिंग आउट परेड में शामिल अग्निवीर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कदम कदम बढ़ाए जा की धुन पर पासिंग परेड में हिस्सा लेते जोश और उत्साह के जज्बे से लबरेज 989 अग्निवीर जवानों ने शनिवार को रानीखेत के सोमनाथ मैदान में देश सेवा का संकल्प लिया। करीब 31 हफ्ते की कड़ी ट्रेनिंग के बाद एक ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनते हुए जहां जवान अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रहे थे। वहीं उनके परिजनों में भी खासा उत्साह दिखाई दिया।

रानीखेत के सोमनाथ मैदान में शनिवार के दिन अग्निवीर जवानों के अंदर जोश का जज्बा देखने लायक था। पहले बैच की पासिंग परेड के दौरान जवानों ने कदम कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत गाए जा गीत के साथ पासिंग परेड में मार्च पास्ट किया। केआरसी कमांडेंट व मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने मार्च पास्ट की सलामी ली और अग्निवीरों का हौसला बढ़ाते हुए तत्परता से देश सेवा में जुटने के लिए प्रेरित भी किया।

यादव ने कहा कि सेना का जीवन किसी तपस्या से कम नहीं है और सेना के लिए देश सेवा से बढ़कर कोई लक्ष्य नहीं होता। उन्होंने कहा कि कुमाऊं रेजिमेंट के नाम देश का पहला सर्वोच्च सम्मान है। इसलिए देश सेवा का जज्बा लिए युवाओं का अग्निवीर बनने का निर्णय गौरव की बात है।

इस दौरान के आरसी कमांडेंट ब्रिगेडियर यादव ने सेना में जाने के लिए अपने बच्चों को प्रेरित करने के लिए अग्निवीरों के परिजनों का आभार जताया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब ये अग्निवीर थल सेना का हिस्सा बनकर देश सेवा करेंगे। इससे सेना की ताकत और बढ़ेगी। पासिंग आउट परेड के दौरान मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को मेडल देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग के दौरान अग्निवीरों की मेहनत देश के काम आएगी। उन्होंने अग्निवीरों से यही जोश और उत्साह बनाए रखने की अपील की।

पासिंग आउट परेड में डिप्टी कमांडेंट कर्नल सुनील कटारिया, कर्नल प्रभु आरडब्ल्यू, लेफ्टिनेंट कर्नल वीरेंदर सिंह दानू, मेजर पुरुषोत्तम कुमार, मेजर सुनील दहिया, मेजर अर्जुन सिंह, सूबेदार मेजर मोहन सिंह, ट्रेनिंग जेसीओ दिनेश सिंह, सूबेदार भगवान सिंह, सूबेदार प्रताप सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### इन रिक्रूटों को किया सम्मानित

- ओवरआल बेस्ट- हेमंत सिंह
- बेस्ट इन ड्रिल- लक्ष्मण सिंह
- बेस्ट इन बीपीईटी- जोगेंद्र
- बेस्ट इन रिटन - सूरज सिंह
- बेस्ट इन टीएसओईटी- सचिन रावत
- बेस्ट इन फायरिंग- नागवी केआई

## महिला संगीत के दौरान दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा

**अल्मोड़ा :** दन्या कस्बे के कछियौला गांव में बीते दिनों हुए महिला संगीत के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में दो लोग घायल हो गए।

तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दन्या कस्बे के तापनी कछियौला निवासी त्रिलोक सिंह ने तहरीर सौंपी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि गुरुवार को उनका परिवार बसिया तोक में एक शादी समारोह के महिला संगीत में गया था। दोपहर करीब दो बजे गणेश सिंह, हिम्मत सिंह, पंकज सिंह निवासी बसिया और मनोज सिंह निवासी कछियौला ने उनके भतीजे पूरन सिंह के साथ बिना बात के मारपीट शुरू कर दी। इस पर उनके बेटे गोविंद सिंह ने आरोपियों को समझाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने गोविंद सिंह पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में गोविंद को गंभीर चोट आई हैं। मारपीट में गोविंद के हाथ की घड़ी और चालीस हजार रुपये भी गायब हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

## अभियुक्त को पॉक्सो एक्ट में 22 साल का कारावास

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पॉक्सो एक्ट के एक मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश श्रीकांत पांडे ने अभियुक्त को 22 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सजा के साथ साथ अभियुक्त को दस हजार रुपये का अर्थदंड भी जमा करना होगा।

अभियोजन के अनुसार 20 मार्च 2023 को पीड़िता दुकान में सामान लेने गई थी। जहां दुकान पर बैठे अभियुक्त मोहन सिंह ने पीड़िता की छोटी बहन को घर भेज दिया और पीड़िता के साथ दुकान में दुष्कर्म किया। बाद में उसकी करतूत पता चलने पीड़िता की मां ने अभियुक्त मोहन सिंह के विरुद्ध थाना द्वाराहाट, जिला अल्मोड़ा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के आधार पर थाना द्वाराहाट में मुकदमा पंजीकृत हुआ। इसके बाद पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत मोहन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बयान दर्ज कर पीड़िता का रानीखेत अस्पताल में मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। विवेचना अधिकारी ने विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले का विचारण विशेष सत्र न्यायाधीश अल्मोड़ा के न्यायालय में चला। मामले में अभियोजन की ओर से 11 गवाहों को परीक्षित कराया गया। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूरन सिंह कैड़ा, विशेष लोक अभियोजक घनश्याम जोशी मामले में सबल पैरवी की और दस्तावेजी साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए।

## निर्माणाधीन सरकारी भवन की जांच करने की उठाई मांग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ के जाग उठा पहाड संगठन ने मैग्नेसाइड फैक्ट्री के समीप बन रहे एक निर्माणाधीन सरकारी भवन की जांच की मांग को लेकर डीएम रीना जोशी को पत्र दिया है।

संगठन के संयोजक गोपू महर ने डीएम को दिए पत्र में कहा कि निर्माणाधीन भवन में घोर वित्तीय लापरवाही की गई है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जिला योजना, जिला पंचायत व खनन न्यास निधि इसमें खर्च की गई है, जिसकी जनहित में जांच होना अनिवार्य है। उन्होंने निर्माणाधीन भवन को पर्यटन विभाग को विभिन्न गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। जिससे लोगों, निर्धन परिवारों को. सार्वजनिक संपत्ति का लाभ मिल सके।

## नदियों के संरक्षण को रैली निकाली

▸▸ जलस्रोत्रों के आसपास चौड़ी पत्ती के पौधे लगाने की दी नसीहत

संवाददाता, अल्मोड़ा





अल्मोड़ा में जागरूकता रैली निकालते कर्मचारी व स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नदियों व पर्यावरण के संरक्षण के लिए शनिवार को अल्मोड़ा जिला मुख्यालय में नमामि गंगे योजना के तहत चौघानपाटा से एनटीडी ग्राउंड तक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली के माध्यम से लोगों को नदियों के संरक्षण व जल स्रोतों के आसपास चौड़ी पत्ती के पौधों का रोपण करने के प्रति जागरूक किया गया। रैली से पूर्व आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला नमामि गंगे योजना की सदस्य डा. वसुधा पंत ने पर्यावरण सुरक्षा एवं वर्तमान में प्रदूषण एवं नदियों के जलस्तर के संरक्षण को लेकर छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

वन क्षेत्राधिकारी मोहन आर्या ने कहा कि वर्तमान समय में जनपद की नदियों का जलस्तर लगातार गिर रहा है। प्रदूषण, अवैध खनन की समस्याओं ने नदियों को संकट की स्थिति में डाल दिया है।

उन्होंने कहा कि नामामि गंगे परियोजना न केवल गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए है। बल्कि इसका लक्ष्य गंगा की सहायक नदियों को भी स्वच्छ रखना है। सहायक नदियों के जलस्तर को बढ़ाने के लिए हमें जलस्रोतों के करीब चौड़ी पत्ती की प्रजातियों के पौधों का रोपण, ट्रेंच, जल संरक्षण टैंक, परकुलेशन टैंक के निर्माण में प्राथमिकता के आधार पर कार्य करना होगा तभी जलस्रोतों में वृद्धि होगी। जागरूकता रैली में बीयरशिवा, होली एंजिल, स्प्रिंग डेल्स समेत नगर के अनेक विद्यालयों के स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया।

## मिठाई में मिले बीड़ी के टुकड़े, वीडियो वायरल

▸▸ देहरादून के युवक ने मंगवाई थी बागेश्वर से मिठाई

संवाददाता, बागेश्वर

> सोशल मीडिया में वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। इसके बाद कई दुकानों से सेंपलिंग की कार्रवाई की गई है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। – **ललित मोहन पांडे**, खाद्य अभिहीत अधिकारी

**अमृत विचार :** बागेश्वर की मिठाई का नाम सुनकर देहरादून के एक युवक से बागेश्वर की मिठाई मंगवाई।

जब युवक ने चाव से मिठाई खाने के लिए खोली तो मिठाई में बीड़ी तथा पत्थर के टुकडे मिले। उन्होंने इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया है। बागेश्वर की मिठाई का एक वीडियो शनिवार को वायरल होता रहा। जिसमें विनोद पांडे ने एक वीडियो वायरल किया जिसमें उनका कहना है कि उन्होंने बागेश्वर से एक मिठाई की दुकान से बाल मिठाई ली। विनोद के अन्य मित्रों द्वारा कहा गया है कि उसने विनोद से बागेश्वर की बाल मिठाई मंगवाई जो कि देहरादून पहुंची तो वह अपने परिजनों के साथ मिठाई खोलने लगे तो उसमें बीड़ी व पत्थर के टुकड़े मिले। कहा गया है कि इसके बाद उन्होंने पैकिंग पर दिए गए नंबर पर जब मिष्ठान विक्रेता से बात की तो मिष्ठान विक्रेता ने अभद्रता के साथ बात की। इधर इस मामले के सोशल मीडिया में आने के बाद लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। एक मिष्ठान विक्रेता ने बताया कि इस घटना का वीडियो वायरल होने से मिठाई की ब्रिक्री प्रभावित हुई है।

## बैठक में पर्यटन सीजन पर चर्चा

**अल्मोड़ा :** जिले की सोमेश्वर तहसील में पर्यटन सीजन को देखते हुए प्रशासन, पुलिस और व्यापारियों की एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिकारियों ने सीजन दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और व्यापारियों से उनके निराकरण के लिए उनके सुझाव मांगे। साथ ही सहयोग की अपील भी की।

शनिवार को तहसीलदारं खुशबू पांडे के नेतृत्व में हुई बैठक में लोगों ने कहा कि जाम की समस्या सीजन में सबसे बड़ा सिरदर्द रहती है। इस दौरान सड़कों पर वाहनों का दबाव काफी अधिक होता है। जिस कारण बार बार जाम लगता है। इससे पर्यटक सहित स्थानीय लोग और व्यापारी परेशान रहते हैं। थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह ने जाम की समस्या से निजात पाने को सभी से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग यातायात नियमों का पालन करें।

## 16 कुमाऊं का स्थापना दिवस उत्साह से मनाया

संवाददाता, बनबसा

▸▸ पूर्व सैनिकों ने पलटन के इतिहास की जानकारी दी

**अमृत विचार :** फागपुर गेट के समीप एक होटल में पूर्व सैनिकों ने 16 कुमाऊं रेजिमेंट का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में बनबसा, चंपावत, टनकपुर, चकरपुर, खटीमा, झनकट नानकमत्ता, सितारगंज के पूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथ पूर्व सैनिक लक्ष्मण सिंह बोहरा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के शुभारंभ पर पूर्व सैनिकों ने कालिका माता की जयकारे लगाए। इस मौके पर कैप्टन त्रिभुवन सिंह भाटिया ने 16 कुमाऊं रेजिमेंट के गौरवमयि इतिहास की जानकारी दी। सेना मैडल से सम्मानित कैप्टन जसपाल सिंह चौहान ने भारतीय सेना तथा कुमाऊं रेजिमेंट की वीरगाथा सुनाई। मुख्य अतिथ कैप्टन लक्ष्मण सिंह बोहरा, कैप्टन मान सिंह, सूबेदार गणेश नाथ, सूबेदार हरी सिंह सूबेदार प्रेम नाथ सूबेदार अमर सिंह ने अपने संस्मरण सुनाए। लोहाघाट से आए गौरव सैनानी कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह देव ने हिल स्केटिंग और माउंटेनिंग के संस्मरण सुनाए। पूर्व सैनिकों ने हुड़के बांसुरी की तान के साथ झोड़ा चाचरी और 'खोल दे माता खोल भवानी धारे में किवाड़ा' गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। नायक कैलाश राय के संचालन में हुए कार्यक्रम में कैप्टन कुंवर सिंह, हवलदार गोवर्धन, केशर सिंह, सूबेदार इन्द्रभान सहित तमाम पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## वाहन चालक को एक साल की कैद और 1 लाख का जुर्माना

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** वाहन दुर्घटना के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वाराहाट राजेंद्र कुमार की अदालत ने चालक को दोषी मानते हुए उसे एक साल कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्त को सजा के साथ साथ एक लाख रुपये का अर्थदंड भी जमा करना होगा। सहायक अभियोजन अधिकारी बसंती गिरी ने बताया कि वर्ष 2019 में जालली भटकोट के पास एक वाहन दुर्घटना हो गई थी। हादसे में महरा टाना पोस्ट जमोली, अल्मोड़ा निवासी गोविंद सिंह मेहरा की मौत हो गई थी। दुर्घटना में श्याम सुंदर पंत घायल हुए थे। घटना के बाद किशोर मेहरा ने चालक गंभीर सिंह निवासी सनणें जालली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की विवेचना कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में 14 गवाह पेश किए गए। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य और गवाहों का परिसीलन कर न्यायालय ने चालक को दुर्घटना का दोषी माना और एक साल कारावास की सजा सुनाई। चालक पर एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर चालक को दस माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## औषधीय पौधों का रोपण कर बताए उनके लाभ

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जीबी पंत संस्थान की ओर से शनिवार को ग्राम पंचायत ज्योली में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के औषधीय प्रजाति के पौधों का रोपण कर उसके लाभों की जानकारी दी गई। ज्योली में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. रविंद्र कुमार जोशी ने ग्रामीणों के साथ पर्यावरण संरक्षण के महत्व व वनाग्नि, मरूस्थलीकरण जैसे ज्वलंत विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि वनाग्नि से प्रतिवर्ष हिमालयी क्षेत्र के वनों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने औषधीय पादपों की कृषि से आजीविका वृद्धि पर भी प्रकाश डाला। बताया कि विभिन्न औषधीय प्रजातियों जैसे तिमूर, रोजमेरी, वनहल्दी आदि की खेती व बिक्री से आजीविका वृद्धि की जा सकती है। इस दौरान ग्रामीणों ने संस्थान के सहयोग से रोजमेरी पौधों का रोपण भी किया। यहां हिमानी तिवारी, हरिप्रिया, देव सिंह भोजक समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## हिमालयी राज्यों में अनुसंधानों को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली में हुई बैठक

**अमृत विचार :** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली में राष्ट्रीय हिमालयी अध्ययन मिशन की एक बैठक में वक्ताओं ने हिमालयी राज्यों की वृहद चुनौतियों को देखते हुए वहां नए और व्यापक आयाम वाले अनुसंधानों को बढ़ावा देन की वकालत की है।

बैठक से लौटे जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालीय पर्यावरण संस्थान कटारमल एनएमएचएस के नोडल प्रमुख ई. किरीट कुमार ने बताया कि एनएमएचएस की इस बार संपन्न 24वीं अर्थात वैज्ञानिक एवं तकनीकी सलाहकार समूह की बैठक में विशेषज्ञों ने करीब एक दर्जन से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं के चयनित प्रस्तावों को गंभीर चिंतन किया और विभिन्न हिमालयी राज्यों की आवश्यकताओं व नवीन चुनौतियों को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें अग्रिम अनुमोदन हेतु भेजा। उन्होंने बताा कि विशेषज्ञों ने जैव विविधता, संरक्षण, ई कचरे के प्रबंधन, आजीविका के नवीन विकल्पों व जल संरक्षण आदि क्षेत्रों में चल रहे नवीन अनुसंधानों को मौलिकता के साथ करने के सुझाव दिए। संयुक्त सचिव नमिता प्रसाद ने देश में नवीन अनुसंधानों को वैश्विक स्तर की गुणवत्ता बनाए रखने का सुझाव दिया और कहा कि एनएमएचएस के माध्यम से बड़ी संख्या में अनुसंधान प्रस्ताव आना सकारात्मक कदम है। उन्होंने नवीन क्षेत्रों में आ रहे अनुसंधान प्रस्तावों की भी सराहना की और कहा कि शोध संस्थानों व शोधकर्ताओं को परिणाममूलक अनुसंधान कार्यों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है जिसमें मंत्रालय सदैव उनका सहयोग करेगा। उन्होंने आपदा प्रबंधन, सौर उर्जा व संक्रामक बीमारियों, जल संरक्षण के नवीन मॉडलों आदि क्षेत्रों में किए जा रहे अनुसंधान कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में इसरो के डा. आईएम बहुगुणा, एमआईटी के कुलपति प्रो. आरके कोहली, माउंटेन डिविजन प्रमुख डा. सुसेन जार्ज के, असम विवि के प्रो. आरएम पंत आदि मौजूद रहे।

## ताकुला के जंगलों में धधकी आग फायर बिग्रेड के जवानों ने बुझाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले में वनाग्नि की घटनाओं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार की देर शाम अल्मोड़ा जिला मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित ताकुला के जंगलों में अचानक भयानक आग लग गई। आग ने धीरे धीरे विकराल रूप धारण कर लिया और वह इस मार्ग पर स्थित सुमन रिसॉर्ट तक पहुंच गई।

आनन फानन में रिसॉर्ट के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने जंगल में आग लगने की घटना की सूचना अल्मोड़ा के एनटीडी स्थित फायर बिग्रेड के अधिकारियों को दी। जिसके बाद अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के नेतृत्व में



ताकुला के जंगलों में आग बुझाते फायर के कर्मचारी। ● अमृत विचार

फायर विभाग की एक टीम मौके की ओर रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर टीम ने जंगल की बेकाबू आग पर काबू पाने को प्रयास शुरू कर दिए। फासर के अधिकारियों ने बताया कि जंगल की आग मुख्य सड़क तक पहुंच चुकी थी।

इसलिए उस पर काबू पाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। फायर के कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटर फायर इंजन से पपिंग कर दो होज पाइप की मदद से आग बुझाना शुरू कर दिया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद विभाग के कर्मचारियों ने जंगल में फैली आग पर काबू पा लिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। फार बिग्रेड की टीम में लीडिंग फायरमैन किशन सिंह, उमेश चंद्र, पूजा थापा, आकांक्षा, निकिता आदि मौजूद रहे।

## श्वेता अग्रवाल के भजनों पर झूमे भक्त

संवाददाता, टनकपुर

▸▸ टनकपुर में श्री श्याम गुणगान महोत्सव आयोजित

**अमृत विचार :** श्याम मित्र मंडल टनकपुर के तत्वावधान में चतुर्थ श्री श्याम गुणगान महोत्सव का आयोजन नगर के उत्सव गार्डन में किया गया। श्री श्याम बाबा जागरण में बाबा खाटू श्याम के दरबार को दुल्हन की तरह सजाया गया। बाबा खाटू श्याम के दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और बाबा के दर्शन कर भजनों का आनंद लिया। पूजा अर्चना के बाद बाबा खाटू श्याम की ज्योति प्रज्वलित की गई।

श्री श्याम गुणगान महोत्सव में झारखंड से श्वेता अग्रवाल, फतेहाबाद से परविंदर पलक और बरेली से मारुति शर्मा और दक्ष म्यूजिकल ग्रुप शामली द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। स्थानीय महिलाएं भी बाबा खाटू श्याम के भक्ति में झूमती नजर आईं। आयोजक दीनदयाल अग्रवाल, हर्षवर्धन सिंह रावत, नरेश अग्रवाल, अतुल शारदा, अनुज अग्रवाल, बिट्टू बत्रा के परिवार द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। महोत्सव के संचालन के लिए वैभव अग्रवाल, रिपु दमन सिंह तड़ागी, रोहिताश अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राजीव गर्ग, संजय गर्ग, सुरेंद्र शारदा, बीबी चन्द, राम सिंह कुंवर आदि रहे।

## साइकिल चुराकर भागे चोर, सीसीटीवी में कैद

**सितारगंज।** मुख्य वाजार रामलीला गली में बीती रात चोरों ने साइकिल व्यापारी प्रदीप अग्रवाल के घर में घुस कर नई साइकिल चोरी कर ली।

साइकिल की कीमत 25 हजार बताई जा रही है। चोर साइकिल चोरी करते हुए सीसीटीवी में कैद हो गए हैं। लगभग 8:30 बजे चोर साइकिल चोरी करते सीसीटीवी में दिख रहे हैं। एक चोर घर के अंदर जाकर साइकिल लेकर आता है और दोनों चोर फरार हो जाते हैं। दूसरा गली में ही घूमता दिख रहा है। व्यापारी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी एक साइकिल चोरी हो चुकी है। अब ये दूसरी साइकिल चोरी की घटना है। उन्होंने पुलिस से चोरों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## बाजपुर में मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित



मेधावी बच्चों को सम्मानित करते महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट बाजपुर के लोग।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट बाजपुर की ओर से सीबीएसई बोर्ड में 85 प्रतिशत से ज्यादा नंबर लाने पर मेधावी बच्चों को उनके घर जाकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले बच्चों में नुपुर अग्रवाल, पलक गुप्ता, परी कंसल, जिया बंसल, रिद्धम अग्रवाल, आनंद गोयल, रिधम राज बंसल, अनुष्का गोयल, वंशिका अग्रवाल, अथर्व जैन, प्रज्ञा सिंघल, राधिका सिंघल, हार्दिक जिंदल, हिमांशु सिंघला, श्रेया गुप्ता, आदित्य जिंदल एवं पर्व गर्ग शामिल थे। इस मौके पर महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट बाजपुर के सदस्य नरेंद्र गोयल, राजेश गर्ग, तरसेम गर्ग, सचिन सिंघल आदि रहे।

# प्राचीन राष्ट्र भारत


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई।

भारत प्राचीन राष्ट्र है,लेकिन कई यूरोपीय और देश के वाम विचार के विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं मानते। इस विशाल देश में अनेक बोलियां, अनेक रीति रिवाज व अनेक भाषाएं हैं। वामपंथी इतिहासकार रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' में भारतीय संस्कृति को विलक्षण बताया है। यह शर्मा जी की लिखी सुंदर किताब है। उन्होंने लिखा है, "भारत अनेकानेक मानव प्रजातियों का संगम रहा है। प्राक् आर्य, हिन्द आर्य, यूनानी, शक, हूण और तुर्क आदि प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया है। प्रत्येक प्रजाति ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था,शिल्प कला, वास्तु कला और साहित्य के विकास में यथाशक्ति अपना अपना योग दिया है। सभी समुदाय और उनके सांस्कृतिक वैशिष्ट्य इस तरह मिल गए हैं कि उनमें से किसी को हम उनके मूल रूप में पहचान भी नहीं सकते।" यूनानी, शक, हूण आदि इस तरह मिल गए कि उन्हें पहचानना कठिन है। शर्मा ने इस घुलनशीलता का श्रेय मूल भारतीय आर्य संस्कृति को नहीं दिया। इस्लाम भारतीय समाज में घुल नहीं पाया। ब्रिटिशों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास परंपरा और दर्शन को परलोकवादी बताया। दुर्भाग्य से उनके निष्कर्ष यहां 'आधुनिक' कहे जाते हैं। यह चुनौती बड़ी है। देश में बाहर से आई प्रजातियों के योगदान की प्रशंसा उचित है। कला और साहित्य के विकास में भी उनके योगदान का उल्लेख सही है,लेकिन शर्मा जी ने यहां के मूल निवासी अभिजनों के रचनात्मक कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया है।

भारत में वैदिक काल में ही शिल्प, वास्तु और साहित्य का विकास हो चुका था। भारत के लोग राष्ट्रीय एकता के लिए सक्रिय रहे हैं। इसका मूल कारण उनके चित्त में सक्रिय सांस्कृतिक राष्ट्रभाव था। रामशरण शर्मा ने भी लिखा है, "भारत के लोगों ने इस विशाल उपमहाद्वीप को एक अखंड देश समझा। सारे देश को भरत नामक एक प्राचीन वंश के नाम पर 'भारतवर्ष' नाम दिया गया।" ऋग्वेद के अनेक ऋषि भरतजन हैं। ऋग्वेद में इनकी चर्चा है। शर्मा ने लिखा है, "हिमालय से समुद्र तक फैली यह भूमि को सार्वभौम राजा के द्वारा शासित क्षेत्र के रूप में कल्पित है। हिमालय से कन्याकुमारी तक। पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी से पश्चिम में सिंधु पार तक अपना राज्य फैलाने वाले राजाओं का व्यापक यशोगान किया है।" राष्ट्र यहां के निवासियों के लिए आराध्य रहा है। सो इस अखंड देश का राजा यशस्वी होना चाहिए। ऐसे राजा प्राचीन काल में चक्रवर्ती कहलाते थे। देश के बड़े भूभाग की राजनैतिक एकता का स्वप्न काल्पनिक नहीं था। ईसा पूर्व तीसरी सदी में अशोक ने अपना साम्राज्य सुदूर दक्षिणांचल को छोड़कर सारे देश में फैलाया। इसके पहले चन्द्रगुप्त मौर्य का शासन भी उल्लेखनीय है। चैथी सदी में समुद्रगुप्त की विजय यात्रा गंगा की घाटी से तमिल देश के छोर तक पहुंची थी। शर्मा ने याद दिलाया है कि राजनैतिक एकता के अभाव में भी सारे देश में राजनैतिक ढांचा कमोबेश एक जैसा था। इसका कारण संस्कृति है।

सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण होती है। यहां सांस्कृतिक एकता मजबूत करने के प्रयास जारी रहे हैं। ईसा पूर्व तीसरी सदी में प्राकृत भाषा काफी बड़े हिस्से में प्रयुक्त होती थी। अशोक के शिलालेख प्राकृत और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए। शर्मा जी ने संस्कृत भाषा के संबंध में सही बात लिखी है, "बाद में संस्कृत ने प्रतिष्ठित स्थान पाया। संस्कृत देश के अधिकांश हिस्सों में राजभाषा के रूप में स्वीकृत थी।" प्राचीन भारत का इतिहास प्रेरक है। भारतीय विद्वानों ने हस्तलिखित महाकाव्यों और पुराणों आदि में अपने प्राचीन इतिहास को लगातार व्यवस्थित करने का काम जारी रखा,लेकिन यूरोपीय विद्वानों की शिकायत है कि प्राचीन भारत के इतिहास में इतिहास लेखन की यूरोपीय शैली नहीं मिलती।

ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई। भारत की विधि व्यवस्था पर अलग-अलग प्राचीन ग्रंथों में सामग्री थी। रामशरण शर्मा ने बताया है कि 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से किया गया। 1784 में कोलकाता में ईस्ट इंडिया कम्पनी के सिविल सर्वेंट विलियम जोंस (1746-1794) ने 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' नामक शोध संस्था की स्थापना की। दिलचस्प बात यह है कि जोंस ने 1789 में कालिदास के 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नामक नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। एक विद्वान विलकिंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी अनुवाद किया। एशियाटिक सोसाइटी काफी चर्चा में थी। मुम्बई में भी एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई और लंदन में भी। विलियम जोंस ने लिखा है कि मूलतः यूरोपीय भाषाएं संस्कृत और ईरानी भाषाओं से बहुत मिलती हैं। यह बड़ा तथ्य था। उन्होंने संस्कृत की प्रशंसा की।

जर्मनी, फ्रांस, रूस आदि यूरोपीय देशों में भारतीय दर्शन के प्रति विद्वानों में आकर्षण बढ़ा। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर (1823-1902) ने वैदिक साहित्य का अनुवाद किया। अंग्रेज 1857 के विद्रोह से परेशान थे। उन्हें अनुमान हो गया कि भारत जैसे विशाल देश पर राज करना आसान नहीं है। भारतीय परपंराओं और सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन जरूरी था। ईसाई मिशनरी धर्मांतरण के लिए सक्रिय थे। वे भी हिन्दू धर्म की खामियां बढ़ा चढ़ाकर बता रहे थे। ईसाई धर्मांतरण का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य की मजबूती था। लेकिन भारतीय दर्शन के प्रति पूरे यूरोप में रुचि बढ़ रही थी। मैक्समूलर के सम्पादन में प्राचीन भारतीय ग्रंथों का बड़ी मात्रा में अनुवाद हुआ। यह अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ दि ईस्ट' सीरीज में लगभग 50 खण्डों में संकलित है।

पाश्चात्य विद्वानों ने जानबूझकर निष्कर्ष निकाला कि प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और तिथि क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के आदी रहे हैं। वे आध्यात्मिक या पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे। पाश्चात्य विद्वानों ने कहा कि भारतवासियों को राष्ट्रीय भावना का अहसास नहीं था। ऐसे सारे निष्कर्षों के आधार पर विंसेंट स्मिथ की पुस्तक 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' चर्चा का विषय रहती है। उनका दावा है यह प्राचीन भारत का पहला सुव्यवस्थित इतिहास है। भारत के विरुद्ध सारे आरोप मिथ्या थे। कालिदास ने रघुवंश में राम के समय के इतिहास-बोध की चर्चा की है। भवभूति, कालिदास और राजशेखर ने रामायण को इतिहास बताया है। बौद्ध जातकों में अयोध्या के इक्ष्वाकुवंशीय मांधाता, दशरथ और राम का उल्लेख है। बौद्ध पंथ अंधविश्वासी नहीं है। राम भारत की श्रुति व स्मृति में हैं। कुछेक राजनेता, वामदल और विद्वान राम को इतिहास नहीं मानते। दरअसल भारत ने यूरोपीय तर्ज पर इतिहास संकलन नहीं किया। अलबरूनी का भी आरोप था-''हिन्दू चीजों के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते, वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।" भारत ने राजाओं की विवरणी नहीं बनाई। भारतीय इतिहासकारों का मुंह भविष्य की ओर था। उन्होंने इतिहास से अनुकरणीय पात्र छाटें, उन्हें काव्य और गीत बनाया। लोकस्मृति ने बुद्धि में सुरक्षित जगह दी और लोकमन ने हृदय में। राजा और राज्य बहुत हुए,लेकिन राम राज्य ने गांधी को भी मोहित किया। आधुनिकता अंग्रेजी सभ्यता की नकल नहीं हो सकती।

# प्रकृति से लड़ पाना अत्यंत कठिन

एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के समय भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की।


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लंबे अरसे से प्राकृतिक संसाधनों के साथ छेड़छाड़ का जवाबी प्रहार यह होने हो रहा है कि आसमान से आग बरसने लगी है। प्रचंड धूप से लोकतंत्र का महापर्व में मतदान भी प्रभावित हुआ है। तमाम प्रयासों के बावजूद मतदान में गिरावट के पीछे प्रकृति के प्रकोप को भी माना जा रहा है।

दरअसल प्रकृति के सबसे बड़े संरक्षक वृक्ष होते हैं। ऐसी भी प्रजाति के वृक्ष होते हैं,जो ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की प्रचंड और घातक किरणों को धरती पर आने से पहले खुद झेलकर अवशोषित तथा निष्प्रभावी कर देते हैं। जिस तरह देश की सीमाओं पर तैनात सेना के जवान दुश्मन राष्ट्र की ओर से होने वाले आघातों को रोकते हैं,ठीक उसी तरह की भूमिका पेड़ निभाते हैं और अंतरिक्ष से आने वाले घातक शत्रु-दल को निष्प्रभावी कर देते हैं,लेकिन विकास तथा आधुनिकीकरण के चलते पृथ्वी के संरक्षक वृक्षों पर सर्वाधिक प्रहार किया जा रहा है। जब अपने संरक्षक पर ही चोट होगी तब उसके घातक परिणाम भुगतने ही होंगे।

यदि देखा जाए तो पेड़ों का भी अपना परिवार होता है। एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के वक्त भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की। यदि पूरे वन-क्षेत्र में पेड़ न होते तो शायद श्रीराम को सीता का पता पाने में कठिनाई होती। पेड़ों को धरती पर रहने में सहयोगी भूमिका अदा करने के चलते भारतीय संस्कृति में पेड़ों की पूजा का विधान किया गया है। यहां तक हर मांगलिक कार्यक्रमों में 'स्वस्तिवाचन' मंत्रों को पढ़ते समय वनस्पतियों के साथ पंचभौतिक जल, अग्नि, औषधि, पृथ्वी, अंतरिक्ष आदि की शांति की कामना की जाती है। वृक्षों की पूजा में जलदान एवं खाद्य पदार्थ आदि के अर्पित करने के पीछे यही उद्देश्य रहा है कि पेड़ों की छत्रछाया में रहने वाले जीव-जंतु भी आहार प्राप्त कर सकें।

पेड़ों के कटने से ऐसे तमाम जीव-जंतु तथा विषाणु जिन्हें वृक्ष अपने अधीन रखते थे, वे मानव आबादी की तरफ भाग रहे हैं जिसका प्रभाव यह है कि बीमारियां बढ़ रही हैं और संक्रामक रोगों का आक्रमण भी हो रहा है। इन स्थितियों को देखते हुए ऋषियों द्वारा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के बताए गए सिद्धांत के तहत पंच भौतिक तत्वों को भी कुटुंब का सदस्य मानना पड़ेगा वरना प्रकृति की जवाबी कार्रवाई को झेल पाना कठिन होगा।

# क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णत: विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए।



अब चुनाव नतीजे का इंतजार है। मैं उन व्यक्तियों में नहीं हूं,जो सोचते हैं कि यह चुनाव तय कर देगा कि देश में लोकतंत्र बचेगा या नहीं। या तय हो जाएगा कि भारत धार्मिक राष्ट्र बन जाएगा या सेकुलर रहेगा। मैं इतनी आसानी से कुछ भी होते नहीं देख पा रहा हूं, भले यह देश फिलहाल लोकतंत्र और सेकुलर भावना से काफी दूर चला गया है। जटिलताएं बढ़ी हैं। अतः इसी लोकसभा चुनाव से सब कुछ तय होने जा रहा है, ऐसा नहीं है। फिर भी क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का? बस यह देखने के लिए कि इस युग के एक बड़े ढोंग और पतन से हमारा देश कितनी ताकत से लड़ रहा था। वह कितना लड़ पाया,उसकी हजारों साल की उदात्त मानवीय ताकत और धार्मिक राष्ट्रवाद की सौ सालों की सामुदायिक ताकत में फिलहाल कौन भारी पड़ा?


हमें चुनाव के नतीजों से देखना यह है कि भारत ने अपनी भारतीयता को कितना पुनरुपलब्ध किया है और अभी 'भारतीय पुनर्निर्माण' के लिए आत्मनिरीक्षण, आत्मसुधार और संघर्ष करना कितना बाकी है। हमें इस पर सोचना है कि अब अधिक उदार होकर किस तरह पहले से ज्यादा मेहनत करनी होगी और भारतीय एकता के लिए अपने को सुधारना होगा, ताकि एक बड़ी समवेत आवाज बन सके।

स्पष्ट है, आगे का रास्ता किसी के लिए भी बड़ा कठिन है। एग्जिट पोल पर भरोसा न करके हमें चार जून का इंतजार करना चाहिए। हमारे लिए चुनाव के आंकड़े से ज्यादा महत्वपूर्ण है देश की विविधता, सामाजिक न्याय और बौद्धिक स्वतंत्रता की रक्षा। लोकतंत्र का सच्चा दर्पण उसकी भाषा है। लोकसभा चुनाव 2024 की बात की जाए तो चुनाव प्रचार में आज से पहले किसी लोकसभा चुनाव में इतनी लुटी-पिटी, खोखली और उन्मादपूर्ण भाषा नहीं थी। आज से पहले किसी चुनाव में इतने झूठ नहीं बोले गए थे। राजनीति कभी इतनी विपन्न नहीं थी। इस चुनाव में नेताओं के बड़प्पन की जगह हमेशा उनका बड़बोलापन ही दिखता रहा। बौद्धिक बल की जगह भौतिक बल प्रदर्शित हुआ।

पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णतः विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए गए। यह महान विचारों को अलविदा कहना है और संकुचित स्वार्थ की जयजयकार करना है।

मीडिया और अपने को सर्वाधिक तेज घोषित करने वाले न्यूज चैनल पहली बार इतनी बेशर्मी से सत्ताधारी दल का ढोल बने। वे खुद पार्टी प्रचारक बन गए। जिस देश में तर्क विस्थापित हो जाता है, वहां अंततः लोकतंत्र का भी विस्थापन हो जाता है। इस लोकसभा चुनाव में देश के नागरिकों ने अपने लोकतांत्रिक मताधिकार का उपयोग तो किया, पर आखिर भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया की एक कितनी अंधेरी दुनिया में पहुंचकर, इस पर सोचने की जरूरत है। जिस देश में भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया एक रक्ताक्त अंधेरे में पहुंचा दिए गए हों, उस देश में अंततः आम लोगों के लिए कितनी आजादी और सुख-शांति बची रहेगी, इस पर सोचा जा सकता है। यह चुनाव यह भी बताएगा कि आखिर इस सार्वभौम ढोंग और पतन से फिलहाल महान भारत कितना लड़ पाया और वह कितना दबा दिया गया। एक दूसरा दिलचस्प सवाल है,इतने तामझाम भरे प्रचार और सैकड़ों अरब खर्च करने के बावजूद देश में पिछली बार से औसतन 5-6 प्रतिशत वोट कम क्यों पड़ते रहे? अगर देश पहले से अधिक जाग्रत हुआ है तो वोट प्रतिशत बढ़ना चाहिए था।

# दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

कभी लगता है,यह दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ है। बिना किसी दिल-दिमाग के उगती-फैलती चली गई। इस ग्रोथ में हम बहुत बाद में आए। हम आए तो वाइल्ड ग्रोथ से ही,लेकिन आने के बाद इसे देखा (शायद पहली बार कोई इसे देख रहा था),महसूस किया और फिर इसे पालतू बनाने में लग गए। फिर कुछ लोग आए जिन्होंने इस पर अपनी अमलदारी का दावा कर दिया। बोले,मैंने (या मेरे आका ने) इसे बोया,सींचा और बड़ी किया,इसे फैलाया, तुमको भी बनाया। अब मेरे बताए रास्ते पर चलो, मेरा नाम जपते रहो,मेरे शुक्रगुजार बने रहो तो इसमें भटकोगे नहीं। अब वाइल्ड ग्रोथ तो भाई साहब वाइल्ड ग्रोथ। इसने दुनिया के सारे अमलदारों को ठेंगा दिखाया और अपने झाड़-झंखाड़ के रास्ते चलती रही। हमारा छोटा-सा दिमाग, वह भी आखिर उसी वाइल्ड ग्रोथ का हिस्सा। जितना कर सकते थे किया और दुनिया में कुछ लोगों के लिए ही सही थोड़ी चमक-दमक आई,रास्ता आसान हुआ। औरों के लिए भी आशा बंधी,लेकिन कुछ लोगों ने जो भी दिमाग था,उसे भी ताक पर रख दिया और आंख मूंदकर अमलदारों के बताए रास्ते पर चल पड़े। फिर तो जो होना था,वही हुआ। उन्हें बताया गया। रास्ता दुर्गम जंगल में ले गया और वहीं छोड़कर गुम हो गया। वे छाती पीट रहे हैं और वाइल्ड ग्रोथ और ग्रो कर रही है और वाइल्ड हो रही है। अमलदार से पूछते हैं तो कहता है,हमने तो रास्ता ठीक बताया था,तुम उससे भटक गए तो मैं क्या करूं, अब झेलो। अरे भाई! रास्ता बताते समय हमारी काबिलियत-नाकाबिलियत पर गौर क्यों नहीं किया? और नहीं किया तो किस बात के अमलदार! हम इस काबिल होते तो आपकी जरूरत ही क्या थी? लेकिन वही हाथ गहे की लाज,हम कह नहीं पाते किअपनी अमलदारी अपने पास रखो और रास्ता नापो। हमारे पास जितना भी दिमाग है,उसी से रास्ता खोजेंगे, नहीं तो अरुंझकर मर जाएंगे। किसी के एहसान के बोझ तले दबकर मरने की नौबत तो नहीं आएगी,लेकिन हम ठहरे आलसी और डरपोक। वाइल्ड ग्रोथ और वाइल्ड होती जा रही है। हम अमलदार से कुछ कह नहीं पाते। उसके बताए रास्ते को बिना देखे सही सिद्ध करने के लिए कट-मरते हैं,लेकिन जो भी दिमाग है उसे लगाकर अपने तईं रास्ता नहीं खोजते,न औरों को खोजने देते है। जब हमें बनाने वाला सांचा ही वाइल्ड है तो हम अपनी काबिलियत पर भी क्या भरोसा करें! नतीजतन,भेड़ियाधसान जारी है और जारी रहने वाली है।

# हत्या का अर्थ


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहुत सारे धर्मों में हत्या करने की मनाही है,लेकिन इसकी विवेचना ठीक से नहीं की गई है। हत्या का क्या अर्थ है? अगर बहुत विस्तृत अर्थ लिया जाए तो हत्या का अर्थ है किसी सजीव की जीवन-प्रक्रिया में व्यवधान करने के कार्य में शामिल होना,लेकिन इस परिभाषा के अनुसार आदमी जी ही नहीं सकेगा और खुद की हत्या का सचेष्ट दोषी होगा।

पौधे भी तो जीव हैं और उनके बीज भी जीव हैं। यह परिभाषा फूड सायकिल को तोड़ देगी तो ऐसा उपदेश निरर्थक है,लेकिन परिभाषा को विस्तृत रखना हमारी मजबूरी नहीं है। हम संकुचित परिभाषा पर सोचें। हम कल्पना करें कि किसी आदमी में अमुक गुणों का होना अनिवार्य है जिनमें वे गुण न हों वह होमोसैपियन या होमो इरेक्टस होने के बावजूद आदमी नहीं है। किसी व्यक्ति में उन गुणों के रहने की प्रक्रिया में बाधा पहुंचाना हत्या है। सज्ञान और सचेष्ट हत्या नहीं करनी चाहिए।

संकुचित परिभाषा के अनुसार आततायी वध के योग्य है। संगीन अपराधी को फांसी दी जा सकती है। युद्ध में दुश्मन को मारा जा सकता है। बकरे की बलि दी जा सकती है। मछली और चिकन खाया जा सकता है। हम देखते हैं कि सारे धर्मों में अंततः संकुचित परिभाषा ही ग्राह्य है। फर्क है उस लिस्ट में जो ह्युमेन क्वालिटीज और उसके स्कोप का वर्णन करते हैं।

# तापमान वृद्धि एक वैश्विक समस्या


डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों।

तापमान वृद्धि यद्यपि वैश्विक समस्या है तथापि भारत में तापमान वृद्धि की भयावह स्थिति को देखते हुए अब बड़े-बड़े जयघोषों को छोड़कर केन्द्र में नव सरकार बनते ही इसी वर्ष से सशक्त कानून बनाएं जाने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में विधिवत क्रियान्वयन की नितांत आवश्यकता है। अन्यथा की स्थिति में प्रतिवर्ष जिस द्रुतगति से तापमान बढ़ रहा है उससे अनुभव होता है अगले 10-15 वर्षों में भारत के कुछ नगर-महानगर और मैट्रो शहर जीव-मानवों के रहने योग्य नहीं रह पाएंगे।

फिर क्या करेंगे ऐसे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से और क्या करेंगे कथित जयघोषित विकसित भारत से और कैसे पहुंच पाएंगे 2047 तक? जब व्यक्ति को लेने के लिए शुद्ध प्राणवायु उपलब्ध नहीं हो पाएगी,जब व्यक्ति को पीने को जल नहीं मिल पाएगा और जब व्यक्ति 50-55 डिग्री सेल्सियस तापमान में जल रहा होगा। देश में बढ़ती हुई शिक्षित-प्रशिक्षित-युवा बेरोजगारी, कम होता कृषि क्षेत्र,राजनैतिक तुष्टिकरण, सरकारी शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था आदि को तो तापमान वृद्धि विषय पर गौण ही कर दीजिए। भारत के कई शहर आज जल रहे हैं, जलस्रोत सूख रहे हैं और लू चलने से लोग मर रहे हैं। इनको निम्नलिखित प्रमुख कारणों से रेखांकित किया जा सकता है- देश में जनसंख्या वृद्धि,देश में 1947-50 से ही अनियंत्रित एवं अनियोजित भौतिक विकास। राष्ट्रीय राजमार्ग ,एक्सप्रेस वे तथा सड़क मार्गों के कटान में कटने वाले लाखों पेड़ों के स्थान पर सड़क मार्ग के किनारे-किनारे पौधे लगाकर उसकी भरपाई करने का कानून आजतक न होना। अगले पांच वर्ष तक टेंडर में ही ठेकेदार की जिम्मेदारी तय न करना न ही संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करना। बढ़ती जनसंख्या के कारण बढ़ती वाहन संख्या उनमें बढ़ता हुआ एसी प्रयोग,पैट्रोल-डीजल के बढ़ते हुए प्रयोग से बढ़ती हुई कार्बन डाइऑक्साइड गैस आदि का उत्सर्जन। सीमेंट और कंक्रीट का बढ़ता हुआ प्रयोग,घरों एवं सरकारी कार्यालयों में एसी का बढ़ता प्रयोग और उससे निकलने वाली गर्मी। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति सशक्त कानूनों का अभाव,वनों में आग लगाने वालों के लिए सशक्त कानून का अभाव,प्राकृतिक जीवन को छोड़कर कृत्रिम जीवन को अपनाने का प्रभाव जिस कारण खान-पान-परिधान आदि के लिए बढ़ती हुई कंपनी, कारखानों का आधिक्य,उनसे निकलने वाला धुआं, होने वाली ध्वनि विकृत तरंग आदि। प्राकृतिक,आध्यात्मिक और शांतिमय जीवन की अपेक्षा भौतिक-चकाचौंध मय जीवन को प्रधानता।

भारतीय राजनेताओं एवं उच्च वर्ग का भोग-भौतिक-विलासितापूर्ण जीवन, एक गाड़ी की जगह आगे-पीछे चलने वाली 40-50 गाड़ियां जिसमें खर्च होने वाला पैट्रोल-डीजल और उतनी गाड़ियों से निकलने वाली गैस। देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है,क्रय शक्ति बढ़ रही है, वेतन-भत्ते बढ़ रहे हैं,लोगों की आमदनी बढ़ रही,जिस कारण देश की अर्थव्यवस्था भी कुछ क्षेत्रों के कारण बढ़ रही है। आने वाले कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का भी जोर-शोर से जयघोष दिया जा रहा है,लेकिन लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। समाचार पत्रों में प्रतिदिन चार-चार पृष्ठ पानी के संकट से भरे पड़े हैं। लोगों को अपनी संपत्ति तुच्छ लग रही है,उच्च वर्ग,उच्च मध्यम वर्ग गर्मी से राहत के पाने के लिए अपनी लग्जरी गाड़ियां से बद्रीनाथ,केदारनाथ,गंगोत्री, यमुनोत्री आदि पर्वतीय क्षेत्रों में आकर पर्वतीय क्षेत्रों के तापमान को बढ़ाने में लगा है। कई सरकारें प्रसन्न मुद्रा में इसीलिए हैं कि उनका राजस्व बढ़ रहा है। अखबारों में वे स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे हैं,लेकिन जरा सोचिए हम और हमारी सरकारें अपनी भविष्य के लिए और आने वाली पीढ़ी के लिए क्या करने में लगे हैं?

आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों। स्वतंत्रता के बाद देश में नियोजित/ नियंत्रित विकास हुआ होता तो अवश्य ही देश तापमान वृद्धि में बहुत पीछे होता। विधि निर्माताओं की परवरिश माहौल के कारण आजतक देश में सशक्त कानून नहीं बन पाए। साथ ही उन लाखों देश के दल ध्वज वाहकों से भी आग्रह है कि कभी बंद कमरे में आप भी अपने साथियों से इस विपदा के विषय में बातें करें,क्योंकि इस तप्त विपदा में आप भी तप्त पीड़ित ही हैं,जो वर्तमान में अनुभव किया जा सकता है। अभी तापमान वृद्धि चरम पर है,इसीलिए केवल इसी समय जागरूक होने की आवश्यकता नहीं,अपितु आने वर्ष चौबीस घंटे प्रत्येक नागरिक को कानून के माध्यम से हो या चैतन्य स्तर से हो अब जागरूक हो ही जाना है। अन्यथा जीव मात्र का भविष्य कुछ ही वर्षों में संकट में जाएगा जिसका निराकरण तत्क्षण असंभव ही लगता है।

# ढूंढने होंगे रोजगार के अवसर


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

गर्मियों की छुट्टी बिताने आई अपनी नातिनों (ग्रैंड डॉटर्स) की जिद्द पूरी करने के लिए कई महीनों बाद मॉल का रुख करना पड़ा। बढ़े हुए तापमान से बचने के लिए गर्मियों में मॉल घूमना काफी भाता है। यही कारण है मॉल में भीड़ देखने को मिली। सबसे ज्यादा भीड़ खाने-पीने के स्टाल पर थी। दूसरी ओर बड़े-बड़े सुसज्जित चमचमाते शोरूम में इक्का-दुक्का ही ग्राहक दिखे।

इन बड़े शोरूम के एक युवा कर्मचारी से उसकी दिनचर्या के विषय में जानना चाहा तो उसने बड़े निराशा जनक तरीके से बताया की वो दो साल से वहा काम कर रहा है। प्रतिदिन 12 घंटे की ड्यूटी के बदले प्रतिमाह 10000 रुपये मिलते हैं। सीजन पर अच्छी सेल होती है तो मालिक की तरफ से थोड़ा बहुत इंसेंटिव के रूप में भी मिल जाता है। माह में केवल 4 छुट्टी ही मिलती है,अगर 10 मिनट लेट हो जाओ तो छुट्टी कट जाती है। अभी शादी नहीं हुई है। मां-बाप साथ रह रहे हैं। थोड़ी सी खेती होती है इसलिए गुजारा चल रहा है। कमोबेश यही हाल दूसरे युवा कर्मचारियों का दिखा। असंगठित क्षेत्र में अन्य जगह काम करने वाला युवा किस तरह से उपेक्षित है इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। अक्सर मीटिंग या अन्य अवसरों पर जब असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं से चर्चा होती रहती है तो पता चलता है सबसे बुरा हाल होटलों, अस्पतालों, दुकानों, पटरी पर काम करने वालो का है,कितनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों में उन्हें काम करना पड़ता है इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

भारत युवाओं का देश कहा जाता है। जहां जनसंख्या का 66 प्रतिशत में 35 वर्ष से कम के युवा है। भारत में श्रम बल में लाखों युवा काम कर रहे हैं,लेकिन रोजगार की संभावनाएं कम होती जा रही हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार बेरोजगारी की फोर्स में 83 प्रतिशत युवा है,जो या तो रोजगार तलाश रहे हैं या कोई छोटा-मोटा रोजगार कर गुजारा कर रहे हैं। इस युवा पीढ़ी की दुश्वारियां भी लगातार बढ़ रही हैं। पूंजीपतियों का फरमान काम के घंटे बढ़ाने के साथ-साथ उनकी निगाह इन लोगों को मिलने वाले साप्ताहिक अवकाश पर भी है। युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के अच्छे और सम्मानजनक अवसर ढूंढने होंगे तभी उनको निराशा से बचाया जा सकेगा।

## एक नजर

### ग्रामीणों ने चोर पकड़कर पुलिस को सौंपा

**रामनगर :** ग्रामीणों ने घर से सामान चुराते एक व्यक्ति को मय सामान उसके घर से बरामद कर पुलिस को सौंप दिया। सर्वजीत सिंह निवासी उमेदपुर करनपुर अपने साथियों परमजोत सिंह, बलदीव सिंह, विपिन चन्द्र जोशी, कुलदीप सिंह और सुभाष के साथ एक आरोपी को पकड़कर कोतवाली लाए। उन्होंने आरोपी नाजिम पुत्र असलम निवासी सावल्दे पूर्व रामनगर को सर्वजीत सिंह उपरोक्त के घर से लोहे की कुटी मशीन का कवर तथा एक डीजल की पुरानी टंकी व बर्तनों के साथ पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

### शांतिपुरी में खुले में शौच मुक्त गांवों का सर्वे किया

**शांतिपुरी :** विकासखंड रुद्रपुर के अधिकारियों ने शनिवार को जवाहरनगर, शांतिपुरी में खुले में शौच मुक्त गांवों का सर्वे किया। सहायक विकास अधिकारी गदरपुर शेखर जोशी व सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुद्रपुर राजपाल सिंह चौहान तथा ग्राम पंचायत सेक्रेटरी गुरप्रीत कौर ने योजना के तहत बनाए जा रहे शौचालयों को देखा। इस दौरान अधिकारियों ने आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज में निर्माणधीन हाईटेक शौचालय, शांतिपुरी नंबर दो मुख्य बाजार में बने हाईटेक शौचालय तथा इसके साथ ही शांतिपुरी नंबर 4, शांतिपुरी नंबर 1 व जवाहरनगर में कई स्थानों पर बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों व शीतल पेयजल व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

### प्रशिक्षण लेने वाली 30 महिलाओं को प्रमाण पत्र बांटे

**बाजपुर।** मुख्यमंत्री हुनर योजना के अंतर्गत सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त अल्पसंख्यक समुदाय की 30 महिलाओं को शनिवार को मोहल्ला संजय नगर वार्ड नंबर-सात में स्थित संस्था के क्षेत्रीय शाखा में संस्था अध्यक्ष संतोष आर्य ने प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्हें स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर शमा, सादमा, अंजुम, शबाना, अरसी, शमा परवीन, यासमीन, कशिश रहे।

# रानीखेत के उर्स मेला क्षेत्र में पेड़ गिरने से मची लोगों की चीख-पुकार

## अंधड़ में पेड़ गिरने से अलग-अलग स्थानों पर 12 लोग घायल, सड़कें बंद, बिजली आपूर्ति ठप

संवाददाता, रानीखेत/ अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पर्वतीय क्षेत्रों में बदल रहे मौसम के बीच शनिवार की दोपहर आए तेज अंधड़ से जिले भर में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। रानीखेत के कैंट स्थित कालू सैयद मजार के पास चल रहे उर्स मेले के दौरान भीड़ के ऊपर एक विशालकाय पेड़ गिर गया। मेले में लगी दुकानों के टेंट तेज हवा से साथ उखड़ गए। हादसे में एक पचास वर्षीय व्यापारी की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अलग अलग स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाओं के कारण 12 लोग घायल हो गए। जिनमें से चार गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है।

शनिवार दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। करीब डेढ़ बजे के आसपास तेज आकाशीय गर्जन के साथ अंधड़ शुरू हो गया। इस दौरान रानीखेत में चल रहे उर्स मेले में भीड़ पर एक विशालकाय पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने के कारण कई लोग उसकी चपेट में आ गए। मेले में लगी दुकानों के टेंट और उनमें रखा सामान तेज हवाओं के साथ उड़ गया। चारों और अफरी तफरी मच गई। सूचना मिलने के बाद प्रभारी निरीक्षक अशोक धनकड़ के नेतृत्व में कोतवाली रानीखेत पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। छावनी परिषद, स्थानीय प्रशासन व अग्निशमन दस्ते के जवानों ने स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ को हटाकर सभी घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए नागरिक चिकित्सालय में भर्ती कराया। इस हादसे में व्यापारी देवल मजवासी (46) पुत्र टीकाराम निवासी स्वार, रामपुर, उत्तर प्रदेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नागरिक चिकित्सालय रानीखेत में चिकित्सकों ने घायलों का उपचार किया और गंभीर रूप से घायल केलाखेड़ा बाजपुर निवासी कमरू खान व बमस्यूं निवासी गोलू और कृष्णा को प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया है।

इधर अंधड़ और तूफान के कारण रानीखेत कोतवाली के झलोरी के पास भी एक बोलेरो वाहन पर विशालकाय पेड़ गिर गया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि रानीखेत के ही गनियाद्योली में पेड़ गिरने से एक स्थानीय व्यक्ति बुरी तरह चोटिल हो गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद भारी संख्या में स्थानीय लोग नागरिक चिकित्सालय में घायलों का हाल जानने के लिए एकत्र हो गए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, विधायक प्रमोद नैनवाल, महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा, एर्स समिति के संयोजक मोहम्मद मोहसिन ने हादसे पर गहरा दुख प्रकट करते हुए मृतक और घायलों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है।


रानीखेत में उर्स मेला क्षेत्र में पेड़ गिरने से अस्पताल में भर्ती घायल। ● अमृत विचार


रानीखेत में उर्स मैदान में दुकानों पर पेड़ गिरने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी और अन्य लोग। ● अमृत विचार

### जिले भर में बिगड़ा मौसम का मिजाज

**अल्मोड़ा :** शनिवार को दोपहर बाद पूरे जिले में मौसम का मिजाज बदल गया। अल्मोड़ा जिला मुख्यालय समेत रानीखेत, सल्ट व अन्य अनेक स्थानों पर तेज अंधड़ के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। अंधड़ के कारण अल्मोड़ा में कई घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के ऊपर लगी टिन की चादरें दूर दूर तक उड़ गई। तेज हवाएं अपने साथ घरों की छतों में रखे सामने को भी उड़ा ले गई। जिले के सल्ट विकास खंड के रामनगर मौलेखाल मार्ग पर अंधड़ के कारण कई पेड़ मुख्य मार्ग पर आ गिरे। जिस कारण इस मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई और दोनों और करीब तीन दर्जन से अधिक छोटे बड़े वाहन जाम में फंस गए। सूचना मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया और सड़कों पर गिरे पेड़ों को काटने का काम शुरू किया गया। लेकिन रूक रूक कर आ रहे अंधड़ और बारिश के कारण राहत कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ा।

### एक घायल को लाया गया एचटीएच

**हल्द्वानी :** रानीखेत में अंधड़ से गिरे विशालकाय पेड़ की चपेट में आए बाजपुर निवासी 56 वर्षीय कमरू खान को शनिवार शाम को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एचटीएच) में भर्ती कराया गया है। उनके पुत्र फईम खान ने बताया कि उनके पिता को गंभीर चोट आई हैं और उन्हें 108 की मदद से अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि घटना के समय वह भी मौके पर मौजूद थे, घटना में 40-50 लोग घायल हुए होंगे।

### अलग अलग स्थानों पर ये लोग हुए घायल

- कृष्णा पुत्र कमल निवासी बमस्यूं, रानीखेत
- सरताज पुत्र इकराज निवासी सितारगंज उधम सिंह नगर
- हिमांशु बिष्ट पुत्र पूरन सिंह बिष्ट निवासी बमस्यूं रानीखेत
- मेघा पुत्री बिपिन चंद्र निवासी जरूरी बाजार, रानीखेत
- राजपाल पुत्र टीकाराम निवासी बाजपुर, ऊधम सिंह नगर
- कमरू खान पुत्र अब्दुल राशिद निवासी बाजपुर, ऊधम सिंह नगर
- नबी अहमद पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी रामपुर, उत्तर प्रदेश
- नासिर पुत्र मोहम्मद अनीफ निवासी बाजपुर, ऊधमसिंह नगर
- रिया उर्फ दरिमा पुत्री शंकर दत्त निवासी सनणा, भिकियासैंण
- हंसी देवी पत्नी हरिदास निवासी सनणा, भिकियासैंण
- किरन पत्नी खीमानंद निवासी सनणा, भिकियासैंण

पीतांबर पुत्र देवी दत्त निवासी गनियोद्योली रानीखेत


रानीखेत में उर्स मैदान में पेड़ गिरने से घायल हुए व्यक्ति को देखते चिकित्सक व अन्य। ● अमृत विचार



रानीखेत में बोलेरो पर गिरा पेड़। ● अमृत विचार

### कई स्थानों पर बिजली गुल होने से लोग परेशान

शनिवार को आए तेज अंधड़ के बाद जिले के अनेक स्थानों पर बिजली गुल हो गई है। जिला मुख्यालय से लगे कई गांवों के अलावा रानीखेत में बिजली की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है। सल्ट विकास खंड समेत मानिला व तल्ला सल्ट इलाके में दो सौ से अधिक गांवों में ब्लैक आउट की स्थिति बन गई है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिजली की लाइनों में कई जगह पेड़ गिरने के कारण आपूर्ति पूरी तरह भंग हो गई है। रविवार की सुबह विभाग की पेट्रोलिंग टीम मौके पर जाकर लाइनों में आए फाल्ट को दुरुस्त करेगी।

# मंत्री जोशी ने वनाग्नि बुझवाने के लिए सीएस को किया फोन

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** कृषि मंत्री गणेश जोशी दो दिवसीय कुमाऊं दौरे पर हैं। वह शनिवार को जागेश्वर एवं चितई मंदिरों में दर्शन के बाद रानीखेत को निकले।

इस बीच उन्होंने देखा की मजखाली के जंगलों में आग लगी हुई है और वन विभाग का कोई भी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद नहीं है। उन्होंने तत्काल मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से वार्ता कर जनपद के प्रशासनिक एवं वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजने एवं वनाग्नि को तत्काल बुझाने को कहा। जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी लगातार वनाग्नि को लेकर चिंतित हैं।

सबको वनाग्नि को लेकर सजग होने की जरूरत है। डीएफओ से वार्ता करनी चाहिए किन्तु फोन नहीं उठने के कारण बात नहीं हुई। मुख्य सचिव से वार्ता की और तत्काल आग रोकने की उपाय करने को कहा।


रानीखेत में फोन पर वार्ता करते कृषि मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार


लालकुआं में आयोजित उत्तराखंड हंट कार्यक्रम में ग्रुप डांस करतीं छात्राएं।

# नोएडा प्रथम, दिल्ली द्वितीय और रुद्रपुर को तीसरा स्थान

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** नगर में डांस, रैपिंग एवं गायन को लेकर आयोजित उत्तराखंड टैलेंट हंट कार्यक्रम में दिल्ली समेत देश के कई महानगरों के कलाकारों ने देर रात तक अच्छा प्रदर्शन किया। इसमें नोएडा प्रथम, दिल्ली द्वितीय एवं रुद्रपुर ने तीसरे स्थान पर बाजी मारी।

डी फाइव संस्था की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज लालकुआं में आयोजित प्रतियोगिता में उत्तराखंड के साथ ही हरियाणा, दिल्ली, इलाहाबाद, देहरादून, ऋषिकेश, काशीपुर, हल्द्वानी, रुद्रपुर, बरेली के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। साथ ही 10 गुपों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। प्रथम स्थान स्टार स्टेपर्स ग्रुप (नोएडा) को मिला। द्वितीय स्थान पर गौरव पासवान (दिल्ली) रहे। तृतीय स्थान पर गोल्डन ब्वॉयज (रुद्रपुर) रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डा. मोहन बिष्ट ने किया। पुरस्कार वितरण उत्तराखंड के फिल्म निर्माता विक्की योगी, भाजपा नेता हेमंत नरूला, जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदोला आदि ने किया। यहां नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पवन चौहान, रामबाबू मिश्रा, लाल चंद्र सिंह, बॉबी संभल, लाखन सिंह मेहता, अजय अग्रवाल, नवीन रावत, विनय अग्रवाल, शुभम अंडोंला, कौस्तुभ चंदोला, मोहित गोस्वामी आदि रहे।

# बेकार सामग्री से सुंदर वस्तुएं बनाना सीखेंगे बच्चे

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार :** गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ में शनिवार को विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट की ओर से बाल संस्कारशाला का उद्घाटन किया गया। शिविर में क्षेत्र के स्कूलों के अलावा मोटाहल्दू, लालकुआं, पंतनगर और हल्द्वानी के बच्चों ने भी प्रतिभाग किया।

शिविर का प्रारंभ पुराने विद्यार्थियों रुपाली बड़सीलिया, मानसी भट्ट एवं उनके साथियों ने मातृ वंदना गाकर किया। संस्कारशाला के उद्घाटन पर मां भगवती विद्या निकेतन की शिक्षिका उमा जोशी ने कहा कि उक्त संस्कारशाला में बच्चों को पुरानी बेकार चीजों से सुंदर चीज बनानी सिखाई जाएगी। मनोरंजक खेल जैसे कि नींबू चम्मच दौड़, मेंढक दौड़, बोरा दौड़ आदि कराए जाएंगे। गायत्री परिवार से जुड़े एनडी शर्मा ने विधायक बिष्ट का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने गायत्री शक्तिपीठ के लिए विधायक निधि से बने एक हैंडपंप का पूजन भी किया।


## वर्ग पहेली-88

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।
4. बहुधा, प्राय:, अनेक बार, बार-बार।
5. 1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।
8. सार्वजनिक इमारतों
10. 1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहाँ चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।
3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।
6. 1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।
7. 1. कठिनता से घुसना।
9. 1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।



### वर्ग पहेली -87 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | ■ | ■ | ■ | 2 स |
| ■ | ■ | ■ | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | ■ | ■ | ह |
| न | ■ | ■ | पि | ■ | 5 दे | ■ |
| फू | ■ | 6 उ | त | रा | व | ■ |
| ल | ■ | मा | ■ | ■ | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 गु | हाँ | ज | नी |

## सुडोकू-1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 4 | 8 | | |
| 5 | | 9 | | | 3 | | 6 | |
| | 3 | | 9 | | 1 | | | 5 |
| | | 1 | | | | 9 | | 2 |
| 3 | 9 | | | | | | 1 | 7 |
| 7 | | 5 | | | | 4 | | |
| 1 | | | 6 | | 9 | | 7 | |
| | 4 | | 2 | | | 6 | | 1 |
| | | 8 | 5 | | | | | 9 |

### सुडोकू -166 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 3 जून 02.41 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 3 जून 01.40 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** - आज भाषा की मर्यादा का विशेष ध्यान रखें। लोग आपको गुस्सा दिलाने का प्रयास करेंगे। गुप्त शत्रु आपको काफी लंबा नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। ऋण लेने के कारण आपको परेशानी महसूस होगी।

**वृष** - आज परिवार का माहौल बहुत अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में अपेक्षा से बेहतर परिणाम मिलेंगे। नौकरी में आय बढ़ने की संभावना बन रही है। बच्चों को लेकर कोई समस्या दूर होगी। परिस्थितियों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे काफी आकर्षित हो सकते हैं।

**मिथुन** - आज प्रबंधन से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिलेगी। परिजन आपसे किसी गंभीर मामले पर चर्चा कर सकते हैं। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। मन में किसी बात को लेकर असुरक्षा हो सकती है। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कर्क** - आज घर के बुजुर्ग आपसे काफी खुश रहेंगे। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। सेहत को लेकर सावधान रहें। धूप में निकलने से बचें। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। प्राचीन विद्याओं को सीखने की रुचि मन में हो सकती है।

**सिंह** - आज कार्यक्षेत्र में डाटा अथवा सूचनाओं में त्रुटियां हो सकती हैं। अपने कम्प्यूटर या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी क्षमता से ज्यादा काम न करें। इससे एक तो आपके काम रुकेंगे दूसरा आपकी विश्वसनीयता में भारी कमी आ सकती है।

**कन्या** - आज अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। नए कार्यों की शुरुआत की योजना बना सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको प्रबुद्ध लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**तुला** - आज अपने विरोधियों की गतिविधियों पर ध्यान रखना आवश्यक है। किसी अपरिचित व्यक्ति से आपको काफी मदद मिल सकती है। आप जॉब को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। मन में अज्ञात भय रहेगा। स्थान परिवर्तन को लेकर परिवार में चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक** - आज व्यापारी अपने ग्राहकों को लेकर थोड़े कठोर हो सकते हैं। स्वार्थी भाव रखने के कारण कुछ लोग आपसे दूरी बनाने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक मामलों को तूल न दें। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**धनु** - आज व्यक्तिगत कार्यों के लिए आप दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। घर के सदस्य भी असंतुष्ट हो सकते हैं। अपने घर की चर्चा बाहर वाले लोगों से करना उचित नहीं होगा। विरोधी आपका नुकसान करने की योजना बना सकते हैं।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। यदि आप अपने प्रेमी को विवाह के लिए प्रपोज करना चाह रहे हैं तो दिन बेहद शुभ है। आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। संतान की उन्नति पर गर्व होगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आपका प्रभाव मजबूत होगा।

**कुंभ** - आज आप कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क करना चाहेंगे, किंतु ध्यान रखें गुप्त बातों को शेयर न करें। अनिर्णय की स्थिति में हैं तो अपने मित्रों से सहयोग ले सकते हैं। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया न करें। आप घर पर आराम करना पसंद करेंगे।

**मीन** - आज घर पर रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति पर निवेश करने के लिए समय शुभ है। नया कारोबार शुरू करने में सहयोगियों की मदद मिलेगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। कुछ अच्छी सूचनाएं मिलने से आपकी चिंता दूर होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लोहा — सुबह : 09.23
- गुरुदेव — शाम : 04.26

SONY MAX
- आजा नचले — सुबह : 09.50
- हर दिल जो प्यार करेगा — शाम : 06.00

SONY PIX
- स्पाइडर मैन — सुबह : 10.29
- द अनहोली — रात : 07.26

ZEE CINEMA
- रॉकस्टार — सुबह : 10.00
- आप तो ऐसे न थे — रात : 07.20

colors CINEPLEX
- जॉनी दुश्मन — दोपहर : 12.05
- स्पाई — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां-बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है?
बेटी - मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां- बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या?
बेटी खुश होके - हां मां बहुत पसंद है
मां - तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू- भाई समोसा खाएगा?
मिंटू- नहीं, आज मेरा व्रत है।
चिंटू- भाई मेरी तरफ से है।
मिंटू- मीठी चटनी डालकर लाना

# मृत्यु से पहले दिया गया प्रामाणिक बयान दोषसिद्धि का हो सकता है एकमात्र आधार

## कांस्टेबल की पत्नी की हत्या का मामला: सजा बरकरार रखते हुए न्यायालय ने की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालत को विश्वास दिला सकने वाले 'मृत्यु-पूर्व प्रामाणिक बयान' पर भरोसा किया जा सकता है और यह बिना किसी पुष्टि के किसी आरोपी को दोषी ठहराने का एकमात्र आधार हो सकता है। महाराष्ट्र के बीड जिले में 22 साल पहले पुलिस कांस्टेबल पत्नी की हत्या के मामले में एक पूर्व सैन्यकर्मी की सजा बरकरार रखते हुए शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की।

अदालत की वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार न्यायालय ने कहा कि अदालत को मृत्यु-पूर्व बयान की सावधानीपूर्वक पड़ताल करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि यह सुसंगत एवं विश्वसनीय हो तथा किसी के सिखाने पर न दिया गया हो। इसने कहा-जब मृत्यु-पूर्व दिया गया बयान प्रामाणिक और अदालत को विश्वास दिला सकने वाला हो तो उस पर भरोसा किया जा सकता है तथा यह बिना किसी पुष्टि के दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा-हालांकि, इस तरह के मृत्यु-पूर्व बयान को स्वीकार करने से पहले अदालत को संतुष्ट होना चाहिए कि यह स्वेच्छा से दिया गया है, सुसंगत और विश्वसनीय है तथा किसी के सिखाने पर नहीं दिया गया है। एक बार जब इस तरह के निष्कर्ष पर पहुंच लिया जाए तो जैसा कि पहले भी कहा गया है कि यह सजा का एकमात्र आधार बन सकता है। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि महिला के साथ उसके पति और ससुराल के अन्य लोगों ने क्रूरता की थी। उसके हाथ-पैर बांधकर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी गई।



### फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने भी रखा था बरकरार

निचली अदालत ने 2008 में पति को हत्या के मामले में दोषी ठहराया था और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी तथा 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इस फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने महिला के मृत्यु-पूर्व बयान को वैध सबूत के रूप में स्वीकार करते हुए कहा कि सबूतों पर गौर करने के बाद इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि अपीलकर्ता अपराध करने का दोषी है। इसने कहा कि अपीलकर्ता को अपनी सजा पूरी करने के लिए दो सप्ताह के भीतर निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है।

## न्यायालय ने लैंगिक संवेदीकरण पर समिति का किया पुनर्गठन

**नआ दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अपनी लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, भारत के उच्चतम न्यायालय में लैंगिक संवेदनशीलता और महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) विनियम, 2013 के खंड 4(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में सभी सक्षम प्रावधानों के तहत, भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश हिमा कोहली 12 सदस्यीय समिति की अध्यक्ष हैं। इस समिति में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, अतिरिक्त रजिस्ट्रार सुखदा प्रीतम और वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा एवं महालक्ष्मी पावनी भी शामिल हैं।

मतदाता जागरुकता की निकली सवारी...




लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के मतदान के दौरान शनिवार को पटना में मतदाता जागरुकता संबंधी नारे लिखे रिक्शे पर सवार होकर जातीं युवतियां। ● एजेंसी

## एक नजर

### पंजाब में आप कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के अजनाला में बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने आम आदमी पार्टी (आप) के एक कार्यकर्ता दीपिंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और इस घटना में चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हमलावर अजनाला के लखुवाल गांव में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। अजनाला थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) बलबीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात जब कुछ लोग घर के बाहर बैठे थे उस दौरान यह घटना हुई।

### कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में कल देर रात आग लग गयी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आग पुलिस उपायुक्त कार्यालय तक फैल गयी जो थाना परिसर के समीप ही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि देर रात करीब 12:45 बजे आग लगने के बारे में एक कॉल आयी जिसके बाद 12 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गयीं। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन थाने के 15 कमरे एवं पुलिस बैरक आग में क्षतिग्रस्त हो गए।

## अधिक पानी के लिए हरियाणा को निर्देश देने के अनुरोध संबंधी याचिका पर 3 जून को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पानी को राष्ट्रीय राजधानी के लिए जारी करे, ताकि यहां का जल संकट दूर किया जा सके। उच्चतम न्यायालय की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ द्वारा मामले की सुनवाई किये जाने की संभावना है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया है।

## मोदी ने बेटी बचाओ... का नारा दिया, पर प्रज्वल पर चुप्पी नहीं तोड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



● कांग्रेस की महिला इकाई की अध्यक्ष अलका लांबा ने उठाया सवाल

कांग्रेस ने यौन शोषण मामले में कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी के लिए राज्य सरकार को बधाई देते हुए शनिवार को इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी को लेकर सवाल खड़े किए।

पार्टी की महिला इकाई की अध्यक्ष अलका लांबा ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा जरूर दिया, लेकिन इस संगीन मामले पर अब तक वह कुछ नहीं बोले और यहां तक कि आरोपी सांसद के लिए लोकसभा चुनाव में वोट भी मांगे। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने प्रज्वल को गिरफ्तार किया है। लांबा ने संवाददाताओं से कहा-हम कर्नाटक सरकार को बधाई देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी ने प्रज्वल रेवन्ना पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है।

## अदालत ने राहुल गांधी को 7 जून को पेश होने का दिया निर्देश

बेंगलुरु, एजेंसी

**मानहानि मामला**

● कोर्ट ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व शिवकुमार को दी जमानत



भाजपा द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में यहां की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पेश होने का निर्देश दिया और इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को जमानत दे दी। इस मामले के संबंध में राहुल गांधी को सात जून को अदालत में पेश होने को कहा गया है।

कथित झूठे विज्ञापनों पर मानहानि का मुकदमा भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने दायर किया था। सिद्धरमैया और शिवकुमार बेंगलुरू में जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश हुए, जबकि गांधी, जिन्हें उपस्थित होना था, पेश नहीं हुए। भाजपा के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताई और कहा कि गांधी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत छूट नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि वह दूसरी बार उपस्थित नहीं हुए हैं।

कांग्रेस के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि गांधी नयी दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में भाग ले रहे थे और वह लोकसभा चुनाव में भी उम्मीदवार हैं। उन्होंने अदालत से शनिवार की सुनवाई से छूट मांगी और वादा किया कि कांग्रेस नेता अगली तारीख पर मौजूद रहेंगे। अदालत ने गांधी को छूट देते हुए उन्हें सात जून को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह आरोप लगाते हुए मानहानि का मामला दर्ज कराया था कि इन कांग्रेस नेताओं ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन दिये। सभी लोक निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने पिछली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार रेट कार्ड भी प्रकाशित किया था। शिकायतकर्ता ने कांग्रेस पार्टी पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के खिलाफ बदनाम करने वाला अभियान चलाने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि वे एक निजी शिकायत के सिलसिले में अदालत में पेश हुए थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कन्याकुमारी में पूरी की ध्यान साधना

कन्याकुमारी (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की अपनी ध्यान साधना पूरी की और तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर को पुष्पांजलि अर्पित की।

ध्यान सत्र के समापन पर, सफेद वस्त्र पहने मोदी ने स्मारक के बगल में स्थित उस परिसर का दौरा किया, जहां तिरुवल्लुवर की 133 फुट ऊंची प्रतिमा स्थित है और वहां एक विशाल माला चढ़ाई। वह नौका द्वारा प्रतिमा परिसर गए और बाद में वह तट पर पहुंचे। प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से तिरुवनंतपुरम पहुंचे और वहां से दिल्ली के लिए रवाना हुए। मोदी ने 30 मई को यहां पहुंचने पर भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे। स्मारक में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने ध्यान लगाया और सूर्योदय के समय सूर्य अर्घ्य दिया। सूर्य अर्घ्य के तहत भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। ध्यान साधना के लिए प्रधानमंत्री की कन्याकुमारी यात्रा का तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने विरोध किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कन्याकुमारी में तिरुवल्लुवर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री के प्रवास के मद्देनजर द्रमुक नेता एवं तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने आरोप लगाया कि पर्यटकों को उस क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिससे स्थानीय व्यवसाय पर गंभीर असर पड़ा है। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थगई ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा-कोई व्यक्ति 14 कैमरों के सामने बैठकर ध्यान कैसे कर सकता है? क्या यह ध्यान है? यह ध्यान साधना चुनावी राजनीति को ध्यान में रखकर की गई है। कन्याकुमारी सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है और मेमोरियल तट के पास एक छोटे-से टापू पर स्थित है। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरू की थी और शनिवार को इसे पूरा कर लिया।

## कटरा में तंबाकू की बिक्री, रखने और सेवन करने पर लगी रोक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के पवित्र कटरा शहर के उप-मंडल में प्रशासन ने सभी तरह के तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने, रखने और सेवन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रियासी के उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए शनिवार को इस संबंध में एक आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, कटरा शहर श्री माता वैष्णो देवी का आधार शिविर है और हर साल एक करोड़ से अधिक लोग यहां आते हैं। कटरा शहर की धार्मिक पवित्रता को देखते हुए कटरा शहर के आठ किलोमीटर के दायरे में शराब और मांस की बिक्री करने, रखने और सेवन पर पहले से ही प्रतिबंध है और अब तंबाकू पर भी प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

# कारोबार/कृषि

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2085, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1755, रविन्द्रा 1970, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1525, सचिन 1545, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1915, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शरबती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600–15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**– डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140 , बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

## शीर्ष 100 कंपनियां अफवाहों की बताएंगी सच्चाई

### सेबी का यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए भी होगा लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

बाजार पूंजीकरण के हिसाब से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों को एक जून से अपने संबंध में मुख्यधारा के मीडिया में आने वाली किसी भी बाजार अफवाह की पुष्टि या खंडन करना होगा। यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए लागू होगा।

सेबी के नियमों के तहत, इन कंपनियों को मुख्यधारा के मीडिया में बताई गई किसी भी असामान्य घटना या सूचना की पुष्टि, खंडन या स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर करना होगा। एमएमजेसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक मकरंद एम जोशी ने कहा कि इस कदम से ऐसी सूचना लीक होने से रोकी जा सकेगी, जो किसी खास कॉरपोरेट कार्यवाही में मूल्यांकन को प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि सेबी की यह पहल अफवाह सत्यापन ढांचे को मजबूत करने और एक निष्पक्ष बाजार हासिल करने में मदद करेगी। इससे भारत दुनिया भर के निवेशकों के लिए एक पसंदीदा बाजार बन जाएगा।



बाजार की अफवाहें स्टॉक की कीमतों में महत्वपूर्ण अस्थिरता का कारण बन सकती हैं, जिससे अक्सर ऐसे लेनदेन होते हैं जो किसी कंपनी के वास्तविक मूल्य को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। ये अफवाहें प्रबंधन परिवर्तन, ऑर्डर रद्दीकरण या वित्तीय स्वास्थ्य से जुड़ी हो सकती हैं।

### शेयरचैट, अन्य ने डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर आईएएमएआई की दलीलों का किया विरोध

**नई दिल्ली।** मैट्रिमोनी डॉट कॉम और शेयरचैट उन चार कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा कि वे डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर उद्योग निकाय आईएएमएआई की दलीलों से सहमत नहीं हैं। गौरतलब है कि चारों कंपनियां आईएएमएआई की सदस्य हैं। इनका दावा है कि आईएएमएआई की दलीलें पूरे डिजिटल स्टार्टअप इकोसिस्टम या 540 से अधिक इसके सदस्यों की राय को नहीं दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यों के केवल एक छोटे से हिस्से ने मसौदा डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक (डीसीबी) के पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध और पश्चात नियमन व्यवस्था को जारी रखने से स्थापित खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा और नवाचार को दबाने का मौका मिलेगा। पूर्व नियमन से तात्पर्य ऐसे नियमों से है, जो बड़े मंचों को कुछ खास तरह के आचरण में शामिल होने से पहले ही रोक देते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा कम हो सकती है। इस सप्ताह की शुरुआत में कॉरपोरेट मामलों के सचिव मनोज गोविल को भेजे गए पत्र पर मैट्रिमोनी डॉट कॉम के संस्थापक मुरुगावेल जानकीरमन, होइचोई के सह-संस्थापक विष्णु मोहा, मैच ग्रुप के अधिकारी मॉर्गन कॉविन आदि ने हस्ताक्षर किए थे।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300–55,500 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,600 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 90,100। |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से 140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## तिलहन और दलहन फसलों में उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता

**उदयपुर।** राजस्थान में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि हमारे देश ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है ।

डॉ कर्नाटक ने यह विचार यह तिलहनी फसलों में अनुसंधान को गति प्रदान करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि एमपीयूएटी ने कहा कि हमारे राष्ट्र ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है, लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है।

## यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों का समाधान नहीं है वर्क फ्रॉम होम: चंद्रशेखरन

नई दिल्ली, एजेंसी

● टीसीएस के चेयरमैन ने कहा-लोगों को शिक्षित करने की है जरूरत



देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि यौन उत्पीड़न के मामलों से बचने के लिए घर से काम करना (वर्क फ्रॉम होम) कोई समाधान नहीं है। इसकी बजाय इस मामले में लोगों को शिक्षित करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान टीसीएस कर्मचारियों द्वारा रिपोर्ट की गई यौन उत्पीड़न की शिकायतों की कुल संख्या 110 रही जो पिछले वर्ष 49 थी। हालांकि, आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया है कि 2023-24 के आंकड़ों में कर्मचारियों की ओर से विश्व स्तर पर रिपोर्ट किए गए आंकड़े शामिल हैं जबकि 2022-23 के आंकड़े भारतीय परिचालन से जुड़े हैं। टीसीएस में 152 देशों के 6,01,546 कर्मचारी काम करते हैं, इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी 35.6% है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में एक शेयरधारक की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में चंद्रशेखरन ने कहा कि टीसीएस जैसी बड़ी कंपनी में ऐसे मामलों की इतनी संख्या हो सकती है। आगे उन्होने कहा कि ऐसे मामलों का सामधान वर्क फ्राम होम से नहीं बल्कि लोगों को शिक्षित करने से ही संभव है।

## अडाणी पोर्ट ने तंजानिया का प्रमुख कंटेनर बंदरगाह 30 साल के लिए लिया

अहमदाबाद / अबू धाबी, एजेंसी

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के पूर्ण स्वामित्व की कंपनी अडाणी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएच) ने तंजानिया में दार एस सलाम बंदरगाहर में कंटेनर टर्मिनल-2 के संचालन और प्रबंधन के लिए तंजानिया पोर्ट्स अथॉरिटी के साथ 30 साल के रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

अडाणी पोर्ट्स की एक विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया, दार एस सलाम पोर्ट एक गेटवे पोर्ट है, जिसमें सड़क और रेलवे का एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ नेटवर्क है। चार बर्थ वाले कंटेनर टर्मिनल 2 की वार्षिक माल लादने-उतारने की क्षमता 10 लाख कंटेन (20फुटे कंटेनर) है। इस टर्मिनल से 2023 में 8.2 लाख कंटेनरों की आवाजाही हुई थी जो तंजानिया में कुल कंटेनर की आवा-जाही का 83 प्रतिशत होने का अनुमान है। ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (ईगल) को एआईपीएच, एडी पोर्ट्स ग्रुप और ईस्ट हार्बर टर्मिनल्स लिमिटेड (ईएचटीएल) के संयुक्त उद्यम के रूप में गठित किया गया है।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री चुनावों के कारण रही धीमी

नई दिल्ली, एजेंसी

● मारुति और हुंदै मोटर इंडिया के वाहनों के बिक्री में थोड़ी रही बढ़ोत्तरी

भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में मई में मामूली वृद्धि देखी गई। इसका कारण उच्च आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण मांग में कमी रहा। कंपनियों से डीलरों तक कुल यात्री वाहन आपूर्ति पिछले महीने चार प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,50,257 लाख इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,35,436 इकाई था।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की घरेलू बाजार में यात्री वाहन खंड में कुल बिक्री कुछ बढ़कर 1,44,002 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 1,43,708 इकाई थी। कंपनी ने पिछले महीने शुरुआती स्तर की और कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री में सालाना आधार पर गिरावट देखी। बहुपयोगी वाहनों- ब्रेजा, ग्रैंड विटारा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 की बिक्री मई में बढ़कर 54,204 इकाई हो गई, जो मई, 2023 में 46,243 इकाई थी। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) पार्थो बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा-इस बात पर चर्चा हुई है कि इस साल वृद्धि दर बहुत अधिक नहीं होगी। उच्च आधार प्रभाव के कारण यह एकल अंक में रहेगी। दूसरी बात, चुनाव थे और भीषण गर्मी का भी मई में कुल बिक्री पर असर पड़ा। कंपनी की ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री मई में घटकर 9,902 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 12,236 इकाई थी। इसकी प्रतिद्वंद्वी हुंदै मोटर इंडिया (एचएमआई) की मई में घरेलू वाहन बिक्री में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई।







चोट के कारण लंबे समय तक मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद, बोले- खेल का आनंद ले रहा हूं

# भारतीय जीत की कुंजी हैं बुमराह

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

चोट के कारण लंबे समय तक क्रिकेट के मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का टी-20 विश्वकप में प्रदर्शन भारत के लिए काफी अहम माना जा रहा है। चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ने हाल के दिनों में मैदान पर सफल वापसी की है और टी-20 विश्व कप के दौरान वह उस लय को बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में दूसरे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब के लिए भारत की खोज में बुमराह को एक प्रमुख कुंजी के रूप में देखा जा रहा है। बुमराह 2022 और 2023 के बीच काफी समय तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहे। पिछले साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ वापसी की और उसके बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा। विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत की ओर से वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज थे जिन्होंने 18.65 की औसत से 20 विकेट लिए, जबकि उनकी इकॉनोमी केवल चार की थी। बुमराह भारत के लिए जीत की कुंजी हैं, जो अकेले मैच को बदलने की क्षमता रखते हैं।

बुमराह ने कहा जब से मैं अपनी चोट से उबरा हूं, मैंने केवल जितना हो सके खेल का आनंद लेने पर ध्यान केंद्रित किया है। मैं खेल को लेकर अनिश्चितता के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि कुछ चीजें मेरे अनुकूल होंगी। कुछ चीजें मेरे अनुकूल नहीं होंगी। ये सभी चीजें मेरी प्रक्रिया का हिस्सा होंगी। मैं अंतिम परिणाम के बजाय उस पर ध्यान केंद्रित करूंगा। उस पहलू में आप अपना दबाव कम करते हैं और खेल का आनंद लेते हैं। जब आप उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिन्हे आप नियंत्रित नहीं कर सकते,तो परिस्थितियां जटिल हो सकती है।

### अधिक सीख देने की कोशिश नहीं करता

**न्यूयॉर्क।** भारतीय तेज गेंदबाजों की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक माने जाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों को बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते और जब उनसे पूछा जाता है तभी मदद करते हैं क्योंकि वह उन पर किसी तरह का बोझ नहीं डालना चाहते हैं। भारत के लिए टी-20 विश्व कप के अभियान में 30 वर्षीय बुमराह की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। माना जा रहा है कि वह मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह जैसे कम अनुभवी तेज गेंदबाजों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएंगे। बुमराह ने कहा आप बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते। यह कुछ ऐसा है जो मैंने सीखा है। जब भी कोई मेरे के पास मदद के लिए आता है तो मैं उसे सवाल पूछने देता हूं क्योंकि मैं बहुत अधिक जानकारी देना अच्छा नहीं समझता हूं। बुमराह ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अधिक जानकारी का बोझ लिए बिना अपना मार्ग प्रशस्त करना महत्वपूर्ण होता है।



# टी-20 विश्वकप में खुल कर खेले भारतः गांगुली

**कोलकाता, एजेंसी**

- पूर्व कप्तान बोले- गंभीर कोच पद के लिए बेहतरीन उम्मीदवार

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने आगामी टी20 विश्व कप मैचों की तैयारी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की क्षमता पर भरोसा जताया है। गांगुली ने कहा हमें उम्मीद है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को खुलकर खेलने की सलाह दी और टी-20 क्रिकेट में छक्के मारने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा जो टीम सबसे ज्यादा छक्के मारेगी वह जीतेगी और भारत का हर बल्लेबाज लंबे छक्के मार सकता है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या और जिस टीम में सूर्यकुमार यादव हैं, क्या वे कमजोर पक्ष हो सकते हैं। उन्होंने टी-20 क्रिकेट की अप्रत्याशितता पर ध्यान दिया, जहां कोई भी टीम शीर्ष पांच में पहुंचने की क्षमता रखती है।

मैं भारतीय कोच रखने के पक्ष में हूं क्योंकि हमारे देश में अपार प्रतिभा है। हमारे देश में बेहद कुशल खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में बहुमूल्य योगदान दिया है और उन्हें व्यवस्था का हिस्सा होना चाहिए। गांगुली से पूछा गया कि क्या कोच पद की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर इस भूमिका के लिए उपयुक्त व्यक्ति होंगे, उन्होंने कहा क्या गंभीर ने आवेदन किया है, क्योंकि पहले उन्हें आवेदन करना होगा और फिर उसी के बाद वह यह पद हासिल कर पाएंगे।

मुझे लगता है कि 27 मई आवेदन की अंतिम तिथि थी। जाहिर है, बीसीसीआई के पास समय सीमा बढ़ाने का अधिकार है। अगर गंभीर आवेदन करते हैं और अगर वह चाहते हैं, तो वह बहुत अच्छे उम्मीदवार होंगे। आपने देखा होगा कि इस साल केकेआर के लिए उन्होंने किस तरह से काम किया। आप उनकी जीत की भूख और जुनून देख सकते थे और बोर्ड उन्हें यह पद सौंपने का फैसला करता है तो मुझे खुशी होगी। मेरा मानना है कि वह इस पद के लिए अच्छे उम्मीदवार हैं।

## खेल डायरी



मुंबई में ब्लू ओशन कॉरपोरेशन इंटरनेशनल प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली को किया गया सम्मानित। ● एजेंसी

### ताइवान ओपन में डीपी मनु ने जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारत के डीपी मनु ने शनिवार को ताइपे में 81.58 मीटर थ्रो के साथ ताइवान ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ने अपने आखिरी प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया। ताइवान ओपन विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की प्रतियोगिता है। इसमें खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक भी मिलते हैं। मनु ने 78.32 मीटर थ्रो के साथ शुरुआत की, जबकि उनका दूसरा प्रयास 76.80 मीटर का रहा। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे और पांचवें प्रयास में भाले को 80.59 मीटर और 81.52 मीटर दूर फेंककर अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया। वह अपने चौथे प्रयास में वैध थ्रो नहीं कर सके। यह प्रदर्शन हालांकि मनु के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.35 मीटर से बहुत दूर था। यह मौजूदा सत्र में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रयास 82.06 से भी कम है, जो पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में आया था।

### डोरमी ओपन में प्रणवी संयुक्त बढ़त पर

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स लेडीज यूरोपियन टूर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डोरमी ओपन में दूसरे दौर के बाद तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई है। उन्होंने बारिश से प्रभावित पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद दूसरे दौर में छह अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला। प्रणवी इंग्लैंड की कारा गेनर (65-71) के साथ बढ़त बना ली है। प्रणवी पिछले सप्ताह जाबरा क्लासिक गोल्फ प्रतियोगिता से हटने से पहले इस सत्र में इस प्रतियोगिता में कट में जगह बनाने में सफल रही है। अन्य भारतीयों में त्वेसा मलिक (70-71) संयुक्त 15वें स्थान पर है और वह कट में आसानी से जगह बना लेंगी। पहले दौर में 70 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने दूसरे दौर में अपना खेल शुरू नहीं किया है।

### शुभंकर ने यूरोपीय ओपन के कट में जगह बनाई




**हैमबर्ग (जर्मनी)।** शुभंकर शर्मा शनिवार को यहां यूरोपीय ओपन के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर दो दौर के खेल के बाद कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर है। पहले राउंड में तीन बर्डी और तीन बोगी के साथ 73 का स्कोर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाईं। इस बीच वीर अहलावत (79-70) और ओम प्रकाश चौहान (75-76) कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

### इंयिन ओपन ऑफ सर्फिंग में तमिलनाडु का दबदबा

**मंगलुरु।** इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के पांचवें संस्करण के दूसरे दिन शनिवार को भी तमिलनाडु के सर्फर्स ने अपना दबदबा बनाये रखा और पुरुषों के ओपन श्रेणी में चारों फाइनल स्थान और महिला ओपन श्रेणी के फाइनल में दो स्थान हासिल किए। दूसरे दिन की शुरुआत पुरुषों के ओपन सर्फ श्रेणी के क्वार्टरफाइनल्स के साथ हुई, जहां सिवराज बाबू और तमिलनाडु के सर्फर्स ने बढ़त को जारी रखा, सिवराज ने दिन के सबसे अधिक अंक (15.17) इकट्ठे किए। इस श्रेणी में अन्य सर्फर्स जो सिवराज के साथ सेमीफाइनल्स में शामिल हुए वे संजैकुमार एस (12.83), संजय सेल्वमानी (11.63), अजीष अली (11.43), श्रीकांत डी (10.33), मणिवन्ना टी (9.40) थे। दिन की प्रक्रिया सर्फिंग ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू हुई, जहां हरीश पी, जो वर्तमान में भारत में 5वें स्थान पर हैं, ने 10.17 के साथ श्रेणी में उच्चतम स्कोर बनाया।

### दिनेश कार्तिक ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



**चेन्नई।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने दो दशक तक देश के लिए खेलने के बाद शनिवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर से बाहर होने के बाद उनका संन्यास लेना तय था लेकिन कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर आधिकारिक रूप से फैसला लिया। कार्तिक ने एक्स पर लिखा, काफी सोच विचार के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हूं। तीनों प्रारूपों में भारत के लिए 180 मैच में प्रतिनिधित्व करते हुए कार्तिक ने एक शतक और 17 अर्धशतक से 3463 रन बनाए हैं। बतौर विकेटकीपर उन्होंने 172 को आउट किया है।

# अभ्यास मैच में श्रीलंका और अफगानिस्तान की जीत

**फ्लोरिडा, एजेंसी**



श्रीलंका और अफगानिस्तान ने अभ्यास मैचों के अंतिम दिन जीत के साथ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी तैयारी को धार दी। दासुन शनाका ने आयरलैंड के खिलाफ श्रीलंका की 41 रन की जीत में चार विकेट लिए, जबकि गुलबदीन नायब के तेज अर्धशतक की बदौलत अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड को 55 रन से हरा दिया।

फ्लोरिडा में श्रीलंका ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन चौथे ओवर में उसके एक के बाद एक दो विकेट गिर गए। इसके बाद कप्तान वानिंदु हसरंगा (26) और शनाका (23) ने शुरुआत की, श्रीलंका सात विकेट पर 125 रन बनाए और आयरलैंड को 41 रनों से हराया।

वहीं, त्रिनिदाद में अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और आठ विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में जॉर्ज मुन्से ने 18 गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन वह स्कॉटलैंड के शीर्ष छह में से एकमात्र सदस्य थे, जिन्होंने दोहरे अंक में जगह बनाई। अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड को 55 रनों से हराया।

# जीत की तलाश में उतरेगी वेस्टइंडीज

**जॉर्जटाउन (गुयाना), एजेंसी**



ईडन गार्डन्स में कार्लोस ब्रेथवेट के चार छक्कों से दूसरा टी-20 विश्व खिताब जीतने के आठ से ज्यादा साल बाद वेस्टइंडीज की टीम रविवार को यहां जब नौवें चरण में घरेलू मैदान पर पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत से शुरूआत कर मजबूती हासिल करने की होगी।

ब्रेथवेट ने तब बेन स्टोक्स पर अंतिम ओवर में लगातार चार छक्के जड़े थे जिससे वेस्टइंडीज दो बार टी-20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी थी। इससे पहले उन्होंने 2012 में खिताब जीता था, लेकिन इसके बाद टीम बदलाव के दौर में खुद को संभाल नहीं सकी और उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 2021 में उन्हें पांच में से चार मैच में हार मिली जिससे टीम सुपर 12 से बाहर हो गई। इसके बाद तो हालत और खराब हो गए और ऑस्ट्रेलिया में 2022 चरण में वेस्टइंडीज कमजोर स्कॉटलैंड और आयरलैंड से हारकर मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर सकी। ईडन गार्डन्स में पिछला खिताब जीते हुए 2982 दिन हो गए हैं और अब जब टूर्नामेंट उनकी सरजमीं पर हो रहा है तो वे ट्राफी जीतने के लिए बेताब होंगे।

### कनाडा के खिलाफ अमेरिका का पलड़ा भारी

**डलास।** अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाले टी-20 विश्व कप मुकाबले में हाल में आईसीसी की पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को हराने वाली मेजबान टीम जीत की दावेदार होगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ अमेरिका के कोच हैं। टी20 विश्व कप में पदार्पण करने वाली टीम कुछ हैरानी भरे नतीजे हासिल कर सकती है। अमेरिका ने टूर्नामेंट की तैयारियों में पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को 2-1 से हराकर साबित कर दिया कि उसे कमजोर नहीं आंका जा सकता। हाल में अमेरिका ने कनाडा को 4-0 से हराया था। न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और 2015 विश्व कप फाइनल खेलने वाले कोरी एंडरसन भी टीम में हैं जिसकी अगुआई विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक पटेल करेंगे।

# अल्काराज और सबालेंका ने जीते मैच


**पेरिस, एजेंसी**

स्टेफानोस सिटसिपास ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कार्लोस अल्काराज, यानिक सिनर और इगा स्वियातेक के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। सिटसिपास ने झांग झिझेन को 6-3, 6-3, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला इटली के गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हराया।

इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिनर ने पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से होगा। एलिना रिबाकिना और आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यहां सीधे सेट में जीत दर्ज कर फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। रिबाकिना ने बेल्जियम की एलिसे मर्टन्स को हराया। सबालेंका ने पाउला बडोसा पर जीत हासिल की।

दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज ने भी 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 7-6 (5), 6-3 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। अल्कराज पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैरी बौजकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला गैर वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से होगा। अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की सेमीफाइनलिस्ट दयाना यास्त्रेम्स्का को 6-2, 6-4 से हराया, लेकिन उनकी हमवतन सोफिया केनिन को हार का सामना करना पड़ा। केनिन को डेनमार्क की गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्लारा टूसन ने 6-2, 7-5 से हराया। टूसन का अगला मुकाबला विंबलडन में दो बार उपविजेता रही ओन्स जबूर से होगा। ट्यूनीशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जबूर ने 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज को 6-4, 7-6 (5) से हराया। विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने फ्रांसीसी खिलाड़ी क्लो पैक्वेट को 6-1, 6-3 से पराजित किया। चेक गणराज्य की पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना अब क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच से होगा।

भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वेरेला मार्टिनेज ने डैन एडेड और थियो एरिबेज की जोड़ी को तीन सेटों में हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालाजी और मार्टिनेज की जोड़ी ने एक घंटे 42 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की जाड़ी को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया।



● फ्रेंच ओपन: स्टेफानोस सिटसिपास चौथे दौर में स्वियातेक, रिबाकिना और सिनर भी बढ़े आगे

# सेमीफाइनल में हार के बाद त्रिसा-गायत्री का सफर खत्म

**सिंगापुर, एजेंसी**

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी का सिंगापुर ओपन में स्वप्निल सफर शनिवार को यहां सेमीफाइनल में नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। इस हार से भारत का बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 में भी अभियान खत्म हो गया। गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी की निगाहें शीर्ष 10 खिलाड़ियों पर जीत की हैट्रिक बनाने पर लगी थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री की जोड़ी जापान की खिलाड़ियों के आगे नहीं टिक सकीं जिन्होंने 47 मिनट में 23-21 21-11 से जीत हासिल की। जापान की जोड़ी ने इस तरह फरवरी में एशिया टीम चैंपियनशिप में त्रिसा और गायत्री से सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। जापान की जोड़ी का भारतीय जोड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड अब 3-1 हो गया है। त्रिसा और गायत्री ने इससे पहले दुनिया की दूसरे नंबर की बाएक हा ना और ली सो ही की जोड़ी को प्री क्वार्टर में और दुनिया की छठे नंबर की किम सो यियोंग और कोंग ही यंग की जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में हराया था।

सिंगापुर ओपन



# भारत ने जर्मनी को हराया

**लंदन, एजेंसी**



भारत ने जर्मनी की कमजोर रक्षापंक्ति का फायदा उठाते हुए तीन गोल दागे जिससे हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो हॉकी लीग में विश्व चैम्पियन को 3-0 से हराकर लंदन चरण में जीत से शुरुआत की। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत (16वें मिनट), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) ने जर्मनी की युवा टीम के खिलाफ गोल दागे। जर्मनी ने शानदार शुरुआत की लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी।

विश्व की पांचवें नंबर की भारतीय टीम 13 मैचों में 24 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि अर्जेंटीना 14 मैचों में 26 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने प्रो लीग के एंटवर्प चरण में अर्जेंटीना को दो बार हराया था। नीदरलैंड 12 मैचों में 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पहले क्वार्टर में जर्मनी के लगातार हमलों को रोकते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर को नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम को दबाव में ला दिया। भारतीय कप्तान ने 16वें मिनट में नीची फ्लिक जर्मनी के गोलकीपर एलेक्जेंडर स्टैडलर की ओर बढ़ाई जो बैरी एंथियस से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चली गयी। भारतीय टीम अब आठ जून को फिर से जर्मनी से भिड़ेगी जिसके बाद उसका सामना दो और नौ जून को ग्रेट ब्रिटेन से होगा।

## टीम की हार के बाद रो पड़े रोनाल्डो



**जेद्दा।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई। अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता। दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रोनाल्डो टीम की हार के बाद निराशा में जमीन पर लेट गए और उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी।

### मुंबई सिटी एफसी ने ब्रैंडन के साथ किया करार

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने शनिवार को भारत के मिडफील्डर ब्रैंडन फर्नांडिस के साथ तीन साल का अनुबंध किया, जो 2015 में आईएसएल की इस टीम के साथ संक्षिप्त समय बिताने के बाद वापसी कर रहे हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने इसके बाद सात साल तक एफसी गोवा का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एफसी गोवा के लिए 130 मैचों में 17 गोल किए। इस दौरान गोवा की टीम ने 2019-20 में आईएसएल लीग शील्ड जीती। उन्होंने टीम को क्रमश: 2019 और 2021 में इंडियन सुपर कप और डूरंड कप जीतने में भी मदद की। गोवा के इस खिलाड़ी ने करार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा मैं मुंबई सिटी एफसी में वापसी करके खुश हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

